संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज    समूह संपादक : रवि भारद्वाज    नई दिल्ली, सोमवार, 04 नवंबर 2024 ₹ 2    www.actionindialive.com    facebook.com/actionindialive



पूर्णिया से निर्दलीय सांसद पप्पू यादव ने कहा है कि उन्हें अभी भी मिल रही हैं धमकियां।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23    वर्षः 18 अंकः 304 पृष्ठः 12    RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com    राष्ट्रीय संस्करण    दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड



RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

# झारखंड में लागू होगी समान नागरिक संहिता: शाह

● समान नागरिक संहिता से बाहर रहेंगे आदिवासी: अमित शाह, अमित शाह ने जारी किया भाजपा का संकल्प पत्र

**संकल्प पत्र जारी**


**जनसंख्या नियंत्रण और आदिवासियों की आबादी को संरक्षित करने के लिए यूसीसी जरूरी है: गृहमंत्री अमित शाह**

**टीम एक्शन इंडिया**

**रांची: केंद्रीय** गृहमंत्री अमित शाह दो दिवसीय दौरे पर शनिवार की देर रात रांची पहुंचे। उन्होंने रविवार को रांची के होटल रेडिसन ब्लू में भाजपा का झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए 'संकल्प पत्र' जारी किया। इस दौरान अमित शाह ने कहा कि झारखंड में समान नागरिक संहिता लागू होकर रहेगी लेकिन इससे आदिवासी किसी भी तरह से प्रभावित नहीं होंगे। उनके कानून, उनकी परंपराएं और उनकी संस्कृति पूर्ववत रहेंगी। यूसीसी से आदिवासियों को बाहर रखा जाएगा। शाह ने कहा कि जनसंख्या नियंत्रण और आदिवासियों की आबादी को संरक्षित करने के लिए यूसीसी जरूरी है। झारखंड में हम इसे जरूर लागू करेंगे। हेमंत सोरेन और उनके सहयोगी दलों के नेता यूसीसी के बारे में दुष्प्रचार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा और उसके सहयोगी दल लोगों को यह बता रहे हैं कि भाजपा की सरकार बनेगी, तो यहां यूसीसी लागू हो जाएगा। यूसीसी आने पर आदिवासियों की सभ्यता और संस्कृति खतरे में पड़ जाएगी। हेमंत सोरेन और उनके साथियों का यह कहना गलत है। उन्होंने कहा कि यह तो सच है कि भाजपा की सरकार झारखंड में यूसीसी लागू करेगी लेकिन यह सच नहीं है कि इससे आदिवासियों पर कोई प्रभाव पड़ेगा। हम यूसीसी से आदिवासियों को बाहर रखेंगे। उनकी संस्कृति, उनकी परंपराओं पर इसका कोई असर नहीं होगा। शाह ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर निशाना साधा और कहा कि इसमें लिखी गई एक-एक बात, भाजपा का एक-एक वादा पत्थर की लकीर है। हम इसे जरूर पूरा करेंगे। उन्होंने कहा कि हम ऐसा झारखंड बनाएंगे कि किसी को नौकरी करने के लिए अपने प्रदेश से बाहर नहीं जाना होगा। उन्होंने घुसपैठियों को सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि अब चैन की नींद लेना बंद कर दो, जमीन हड़पना बंद कर दो। झारखंड में भाजपा की सरकार बनेगी और हम कानून बनाकर झारखंड के भोले-भाले आदिवासियों को उनकी जमीन वापस कराएंगे। ऐसा कानून बनाएंगे कि उसे पिछली तारीख से लागू किया जाए।

**एक लाख 36 हजार करोड़ का हिसाब लेकर आया हूं**

शाह ने कहा कि हेमंत बाबू मैं हिसाब लेकर आया हूं। एक लाख 36 हजार करोड़ का हिसाब मैं दे रहा हूं। वर्ष 2004 से 2014 तक यूपीए सरकार ने झारखंड को 84 हजार करोड़ रुपये दिए जबकि 2014 से 2024 तक में मोदी सरकार ने झारखंड को तीन लाख 80 हजार करोड़ रुपए दिये।





## हेमंत के कार्यकाल में दुष्कर्म के मामले 42 प्रतिशत बढ़े

**अमित** शाह ने आरोप लगाया कि हेमंत सोरेन सरकार के कार्यकाल में झारखंड में महिलाओं के खिलाफ अपराध में 29 प्रतिशत की वृद्धि हुई। बलात्कार के मामले 42 प्रतिशत बढ़े हैं। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन झारखंड की महिलाओं को संरक्षण देने में नाकाम रहे। साथ ही कहा कि इस सरकार ने भ्रष्टाचार का इंतहां कर दी। यह सरकार भ्रष्टाचार में डूबी है। झारखंड की जनता को तय करना है कि उन्हें आकंठ भ्रष्टाचार में डूबी सरकार चाहिए या विकास करने वाली भाजपा सरकार।

**झारखंड के भविष्य को सुनिश्चित करने का है यह चुनाव:** अमित शाह ने कहा कि यह चुनाव सरकार बदलने का नहीं, बल्कि झारखंड के भविष्य को सुनिश्चित करने का चुनाव है। बेरोजगारी और पेपरलीक से युवा त्रस्त हैं। भ्रष्टाचार से त्रस्त जनता भाजपा सरकार को ढूंढ़ रही है। भाजपा सभी पार्टियों से अलग है, जो कहती है वह करती है। जब-जब भाजपा सत्ता में आयी, सभी संकल्पों को पूरा किया। पिछड़ा, गरीब, दलित आदिवासी सब इसकी राह देख रहे हैं। यह संकल्प पत्र सिर्फ भाजपा का नहीं, बल्कि करोड़ों झारखंडियों की आशा की किरण है।

## मोदी सरकार ने झारखंड के विकास के लिए कई काम किए: शाह

**अमित** शाह ने कहा कि मोदी सरकार ने झारखंड के विकास के लिए काफी काम किये। देश का पहला प्रधानमंत्री जो पहली बार भगवान बिरसा मुंडा का गांव गया। पीएम ने झारखंड से ही आयुष्मान योजना, मुद्रा योजना, जनमन योजना लांच की। इसके अलावा 17 जिलों में विश्वकर्मा योजना, बैद्यनाथ धाम को प्रसाद योजना आदि की शुरूआत की जायेगा। हड़पी गयी जमीन वापस की जायेगी। अमित शाह ने कहा कि झारखंड में भाजपा की सरकार बन रही है। शाह ने कहा कि हेमंत सरकार 5 लाख रोजगार देने का वादा किया था लेकिन आपने कितना रोजगार दिया है यह किसी से छिपा नहीं है। भाजपा का यह संकल्प पत्र भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर आधारित है। इसी संकल्प पत्र के जरिए भाजपा चुनावी मैदान में उतरने वाली है।

## झारखंड में सीएनटी और एसपीटी लागू रहेगा: हेमंत सोरेन

**टीम एक्शन इंडिया**

**गढ़वा:** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने रविवार को गढ़वा में आयोजित चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि झारखंड में ना यूसीसी ना एनआरसी लागू होगा। यहां सिर्फ सीएनटी और एसपीटी रहेगा। ये लोग घर परिवार को तोड़ने में लगे हैं। ये विषैला जहर उगलते हैं। उनके आगे विषधर भी असफल है। इन लोगों से बच के रहना है। पांच वर्ष के दौरान हम लोगों ने कितनी चुनौतियों का सामना किया यह आप सभी ने देखा है। ये बातें हेमंत सोरेन ने कही। सोरेन कर रहे थे। हेमन्त सोरेन ने झामुमो प्रत्याशी मिथिलेश कुमार ठाकुर के पक्ष में मतदान करने की अपील करते हुए कहा कि जुमलेबाज भाजपा के लोग यहां आने वाले हैं। ये लोग यहां का बेटा, आदिवासी-मूलवासी को हटाना चाहते हैं। जब हम लोग आपके लिए काम करना यहां शुरू किया। सरकार गठन के बाद तो इन लोगों ने झूठे आरोप में मुझे जेल में डाल दिया। इन्हें यहां के आदिवासी-मूलवासी दलित, पिछड़ों से कोई मतलब नहीं है। उन्हें यहां से मतलब है तो यहां के खनिज संपदा से मतलब है और झारखंड के खनिज संपदा का एक लाख 36 हजार करोड़ रुपये हमारा बकाया ये नहीं दे रहे हैं। हेमन्त सोरेन ने कहा कि यहां की माता बहनों के सम्मान में हम आर्थिक सहयोग कर रहे हैं। आने वाले 5 वर्ष में हर घर में एक लाख रुपये पहुंचने का काम करेंगे और हम लोगों ने कानून बना दिया है कि जिनके खाते में 1000 जा रहा है। वह 2500 रुपये हो जाएगा। इन्हें यदि मौका लग गया तो यह आपके शरीर से कतरा-कतरा खून निकाल लेंगे। पांच वर्ष से ये सत्ता से बेदखल हैं। आने वाले समय में फिर पांच साल तक इन्हें बाहर करेंगे और इन्हें जड़ से उखाड़ देंगे। सोरेन ने कहा ये लोग कहते हैं जेपीएससी और सीजेएल परीक्षा के जरिए हुई नियुक्ति का सीबीआई से जांच करेंगे।



**दो टूक**

**ये लोग यहां का बेटा, आदिवासी-मूलवासी को हटाना चाहते हैं। जब हम लोग आपके लिए काम करना यहां शुरू किया**

**आदर्श विचार**



"कोई भी अपने कर्म से भाग नहीं सकता, कर्म का फल तो भुगतना ही पड़ता हैं। - भगवत गीता"

**मन की बात**




"सब कुछ खोने से ज्यादा बुरा उस उम्मीद को खो देना जिसके भरोसे हम सब कुछ वापस पा सकते हैं। -स्वामी विवेकानंद"

## वाट्सएप ने भारत में 85 लाख से ज्यादा अकाउंट्स

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** वाट्सएप ने भारत में नीतियों का उल्लंघन सामने आने पर सितंबर में 85 लाख से अधिक बैड अकाउंट पर प्रतिबंध लगा दिया। नए आइटी नियम 2021 के तहत इंटरनेट मीडिया प्लेटफार्म की मासिक अनुपालन रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। एक से 30

## श्रीनगर की संडे मार्केट में ग्रेनेड हमला, छह घायल



**टीम एक्शन इंडिया**

**श्रीनगर:** जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर के आतंकियों एक बार फिर ग्रेनेड हमला किया है। रविवार को भीड़भाड़ वाले संडे बाजार में एक ग्रेनेड हमला किया। हमले में करीब छह लोग घायल हो गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मौके पर सुरक्षाबलों ने इलाके को घेर लिया है। साथ ही आतंकियों की तलाश शुरू कर दी है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी के अनुसार, आतंकवादियों ने टीआरसी के पास एक भरे बाजार में ग्रेनेड फेंका, हमले के बाद अफरा-तफरी मच गई। आनन-फानन घायलों को तुरंत नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया, उनकी स्थिति स्थिर बताई जा रही है। बताया जा रहा है कि घायल लोगों को केवल कुछ छर्रे लगे हैं। घटना के तुरंत बाद, पूरे क्षेत्र को सुरक्षा बलों द्वारा घेर लिया गया ताकि हमलावरों को पकड़ा जा सके। इस हमले से संबंधित और जानकारी जुटाने के लिए जांच शुरू कर दी गई है।

**उमर अब्दुल्ला का बयान**

जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने श्रीनगर के रविवार बाजार में निर्दोष खरीददारों पर हुए ग्रेनेड हमले की कड़ी निंदा की है। उन्होंने कहा कि घाटी के विभिन्न हिस्सों में हाल के दिनों में हमलों और मुठभेड़ों की घटनाओं ने चिंता बढ़ा दी है। उमर अब्दुल्ला ने कहा, इस प्रकार के हमले के लिए निर्दोष नागरिकों को निशाना बनाने का कोई औचित्य नहीं हो सकता।

**नापाक हरकत**

**भीड़भाड़ वाले संडे बाजार में एक ग्रेनेड हमला किया। हमले में करीब छह लोग घायल हो गए**

## महायुति विश्वासघाती गठबंधन: कांग्रेस

**टीम एक्शन इंडिया**

**मुंबई: महाराष्ट्र** विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने महायुति गठबंधन को लेकर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने महायुति को विश्वासघाती गठबंधन बताया। कांग्रेस नेता ने कहा कि राज्य के लोग उनके असफल वादों के लिए उन्हें माफ नहीं करेंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य में किसानों को सबसे ज्यादा नजरअंदाज किया गया। उनसे किए गए बड़े-बड़े वादों का कोई नतीजा नहीं निकला। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि मराठवाड़ा के हर गांव में पाइप से पीने का पानी पहुंचाने के लिए जल ग्रिड बनाने का वादा भी पूरा नहीं हुआ।



**जयराम रमेश ने महायुति सरकार को घेरा**

सोशल मीडिया पिलेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए जयराम रमेश ने महायुति सरकार को घेरा। उन्होंने कहा, महाराष्ट्र में होने वाले चुनाव पर महायुति को लेकर जयराम रमेश ने प्रतिक्रिया दी।

उन्होंने महायुति को विश्वासघाती गठबंधन बताया। उन्होंने कहा, "महायुति एक ऐसी सरकार है जो विश्वासघात पर बनी हुई है।

**आरोप**

**आरोप लगाया कि राज्य में किसानों को सबसे ज्यादा नजरअंदाज किया गया**

## देश के 97.5 प्रतिशत स्कूलों में छात्राओं के लिए अलग शौचालय

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: ऊंची** कक्षाओं में छात्राओं के घटते नामांकन अनुपात की वजह को दूर करने में केंद्र सरकार को कामयाबी मिली है। अब देश के 97.5 प्रतिशत से अधिक स्कूलों में छात्राओं के लिए अलग शौचालय की सुविधा है।

**केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट को सौंपे अपना शपथपत्र**

केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट को सौंपे अपने शपथपत्र में यह बताया है कि देश में सरकारी, सरकारी सहायता प्राप्त और प्राइवेट स्कूलों सहित 97.5 प्रतिशत से अधिक स्कूलों में छात्राओं के लिए अलग शौचालय की सुविधा उपलब्ध हो चुकी है। शौचालय निर्माण के लिए राष्ट्रीय मॉडल तैयार करने का निर्देश गौरतलब है कि ऊंची कक्षाओं में छात्राओं की पढ़ाई छोड़ने की एक बड़ी वजह उनके लिए अलग शौचालय की सुविधा न होना था। केंद्र ने यह शपथपत्र शीर्ष अदालत के निर्देश के बाद दायर किया है।





## सरकार आई तो हर महीने मिलेगा सात किलो राशन: सोरेन

**टीम एक्शन इंडिया**

**रांची:** झारखंड में विधानसभा चुनाव के लिए 13 और 20 नवंबर को दो चरणों में चुनाव होगा। जबकि काउंटिंग 23 नवंबर को होगी। ऐसे में सभी राजनीतिक दल जमकर जनता को लुभाने के लिए वादे कर रहे हैं। अब मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने एलान किया है कि झारखंड मुक्ति मोर्चा यानी जेएमएम के नेतृत्व वाले गठबंधन के सत्ता में आने पर लोगों को हर महीने सात किलो राशन मिलेगा।

**पांच किलो प्रति माह के बजाय सात किलो राशन का एलान**



सोरेन ने रविवार को वादा करते हुए कहा कि अगर जेएमएम के नेतृत्व वाला गठबंधन सत्ता में आया तो सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) के तहत लोगों को मौजूदा पांच किलो प्रति माह के बजाय सात किलो राशन मिलेगा। इतना ही नहीं पेंशन राशि भी बढ़ाई जाएगी। मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि झारखंड में भाजपा शासन के दौरान 11 लाख राशन कार्ड और तीन लाख पेंशन रद्द कर दिए गए, जिसके परिणामस्वरूप भूख के कारण कई आदिवासी, दलितों की मौत हो गई।

'मुझे गर्व है कि भाजपा के शासन में जहां भूख से मौतें एक आम समस्या बन गई थी, जिससे राज्य के गरीब और वंचित वर्ग को कठिनाइयों का सामना करना पड़ा।

**वादा**

**झारखंड में भाजपा शासन के दौरान 11 लाख राशन कार्ड और तीन लाख पेंशन रद्द कर दिए गए**

**राहुल ने प्रियंका के लिए किया प्रचार**

## ये संविधान बचाने की लड़ाई: सांसद राहुल गांधी



**टीम एक्शन इंडिया**

**वायनाड: राहुल** गांधी भी वायनाड लोकसभा सीट के उपचुनाव में अपनी बहन प्रियंका गांधी के लिए प्रचार रण में उतर गए हैं। रविवार को राहुल गांधी ने वायनाड में प्रियंका गांधी के लिए चुनाव प्रचार किया और एक रैली को संबोधित किया। इस दौरान राहुल गांधी ने कहा कि प्रियंका गांधी आपकी सबसे अच्छी सांसद होंगी।

**राहुल गांधी बोले- प्रियंका सबसे अच्छी सांसद साबित होंगी**

राहुल गांधी ने रविवार को वायनाड में आयोजित रैली के दौरान कहा कि 'मैं भाग्यशाली हूं कि मुझे प्रियंका गांधी जैसी बहन मिली, अब ये आप लोगों की भी खुशकिस्मती होगी कि वे आपकी भी बहन, मां और बेटी जैसी होंगी। मुझे विश्वास है कि वे आपके लिए सबसे अच्छी सांसद साबित होंगी।' राहुल गांधी ने अपने संबोधन में जोर देकर कहा कि आज देश में पहला संघर्ष संविधान की रक्षा और उसके संरक्षण के लिए है। उन्होंने कहा कि देश का संविधान नफरत से नहीं, बल्कि विनम्रता और प्रेम से लिखा गया है। 'आज देश में मुख्य लड़ाई हमारे देश के संविधान की लड़ाई है।

**प्रचार रण**

**अब ये आप लोगों की भी खुशकिस्मती होगी कि वे आपकी भी बहन, मां और बेटी जैसी होंगी**

**धार्मिक परंपरा** मंदिर की भव्य सजावट, सैन्य बैंड की भक्तिमय धुनों के बीच बाबा केदार के जयघोष से गूंजा धाम

## शीतकाल के लिए बंद हुए केदारनाथ धाम के कपाट

**टीम एक्शन इंडिया**

**देहरादून:** विश्व प्रसिद्ध और ग्यारहवें ज्योतिर्लिंग केदारनाथ धाम के कपाट भैयादूज के पावन पर्व पर रविवार प्रातः साढ़े आठ बजे विधि-विधान और धार्मिक परंपरा के साथ शीतकाल के लिए बंद हो गए। इस दौरान सेना के भक्तिमय धुनों के साथ श्रद्धालुओं के 'जय बाबा केदार' के उद्घोष से पूरा धाम गूंज उठा। 15 हजार से अधिक श्रद्धालु कपाट बंद होने के साक्षी बने। अब आने वाले छह महीने तक भक्तगण बाबा केदार के शीतकालीन गद्दीस्थल ओंकारेश्वर मंदिर में दर्शन कर सकेंगे। रविवार प्रातः पांच बजे से बीकेटीसी अध्यक्ष अजेंद्र अजय की उपस्थिति में कपाट बंद किए जाने की प्रक्रिया शुरू हुई। बीकेटीसी के आचार्य, वेदपाठियों, पुजारीगणों ने भगवान केदारनाथ के स्वयंभू शिवलिंग की समाधि पूजा की। स्वयंभू शिवलिंग को भस्म, स्थानीय पुष्पों, बेलपत्र आदि से समाधि रूप दिया गया। प्रातः 08:30 बजे बाबा केदार की पंचमुखी उत्सव डोली को मंदिर से बाहर लाया गया और केदारनाथ मंदिर के कपाट बंद कर दिए गए। इस विशेष अवसर के लिए दीपावली के दिन से ही फूलों से मंदिर की साज-सज्जा की जा रही थी। कपाट बंद होने के साथ ही बाबा केदार की पंचमुखी उत्सव डोली अपने पहले पड़ाव रामपुर के लिए प्रस्थान कर गई। हजारों श्रद्धालु बाबा की पंचमुखी डोली के साथ पैदल रवाना हुए। श्रद्धालुओं के लिए जगह-जगह भंडारे आयोजित किये गये थे। आज केदारनाथ में मौसम साफ रहा। आसपास बर्फ होने से सर्द हवा भी चलती रही लेकिन श्रद्धालुओं में भारी उत्साह रहा।





**विधि विधान**

**बजे विधि-विधान और धार्मिक परंपरा के साथ शीतकाल के लिए बंद हो गए**

**यात्राकाल में रिकार्ड साढ़े 16 लाख से अधिक तीर्थ यात्री पहुंचे**

कपाट बंद होने के अवसर पर बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति (बीकेटीसी) अध्यक्ष अजेंद्र अजय ने कहा कि इस यात्राकाल में रिकार्ड साढ़े 16 लाख से अधिक तीर्थयात्री केदारनाथ धाम पहुंचे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन से आज भव्य व दिव्य केदारपुरी का पुनर्निर्माण हो रहा है।

## हिमालय पर जलवायु परिवर्तन का असर!

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** हिमालयी क्षेत्र में अब जलवायु परिवर्तन का असर तेजी से दिखने लगा है। इसका एक और सबूत हालिया सरकारी रिपोर्ट में देखने को मिला है। इस रिपोर्ट में यह कहा गया है कि हिमालयी क्षेत्र में 2011 से लेकर 2024 के बीच हिमानी झीलों (ठंडे क्षेत्र में पानी वाली झीलों) के क्षेत्रफल में बढ़ोतरी देखी गई है। यह बढ़ोतरी भी 10.81 फीसदी की दर्ज की गई है। यानी हिमालय के जबरदस्त ठंड वाले क्षेत्र में भी अब तेजी से बर्फ का पिघलना शुरू हो गया है। चिंता की बात यह है कि इन बदलावों के चलते झीलों में अत्याधिक पानी से बाढ़ का खतरा काफी बढ़ गया है।

# दिल्ली में दो बहनों ने पूर्व डीएसपी पर किया हमला

## फिर खुद को फ्लैट में किया बंद, पीड़ित की पत्नी और दो बेटियों के हाथ पर काटा, चाकू से की हत्या की कोशिश

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** वसुंधरा एन्क्लेव स्थित अनेकांत अपार्टमेंट के अंदर बिना वजह कार का हॉर्न बजाने का विरोध करने पर दो सगी बहनों ने उत्तर प्रदेश पुलिस के पूर्व डीएसपी पर हमला कर दिया। दोनों ने उन पर मिट्टी के दीये व गमले से हमला कर चोटिल कर दिया।

**चाकू से हत्या करने का किया प्रयास**
वारदात के बाद दोनों बहनों ने खुद को अपने फ्लैट में बंद कर लिया। घायल हालत में पुलिस ने बुजुर्ग व कैंसर से पीड़ित अशोक शर्मा को एलबीएस में भर्ती करवाया। देर रात उन्हें छुट्टी मिली। शनिवार देर शाम को उन्हीं दोनों बहनों ने अपने फ्लैट के बाहर खड़ी बुजुर्ग की पत्नी शांति शर्मा, दो बेटियों रीना शर्मा व प्रतिभा पर हमला कर दिया। तीनों के हाथों पर काटा और जमकर पीटा। चाकू से हत्या करने का प्रयास किया।




**स्थानीय लोगों ने फ्लैट को घेरा**
मारपीट कर फिर से आरोपित युवतियों ने खुद को फ्लैट में कैद कर लिया। पुलिस ने बताया कि शनिवार साढ़े छह बजे सोसायटी में मारपीट व हंगामे की सूचना मिलते ही न्यू अशोक नगर थाना की पुलिस मौके पर पहुंची। लोगों ने फ्लैट नंबर एक को घेरा हुआ था। मौके पर पीड़ित अशोक शर्मा मिले। जिन्होंने बताया कि भव्य जैन व छवि जैन नाम की दो बहनों ने उनके परिवार के साथ मारपीट की है।

**वारदात**
- पुलिस ने युवतियों के फ्लैट का पानी व बिजली कनेक्शन कटवाया
- गुस्से में दोनों बहनों ने कार से पुलिसकर्मियों को मारी टक्कर

**पुलिस की चेतावनी के बावजूद नहीं निकली घर से बाहर**
पुलिस की कई चेतावनी के बाद भी दोनों बहने अपने फ्लैट से बाहर नहीं आईं। उन्हें बाहर निकालने के लिए पुलिस ने उनके फ्लैट का बिजली व पानी का कनेक्शन कटवा दिया। दोनों बहनों की स्विफ्ट डिजायर कार के दो पहियों की हवा लोगों ने निकाल दी। सोसायटी के लोगों ने बताया कि इस बात से नाराज होकर दोनों बहनें फ्लैट से बाहर निकली। अपने-अपने मोबाइल में पुलिस व लोगों के वीडियो बनाए।

**कार से स्कूटी को घसीटा**
फ्लैट के बाहर खड़ी अपनी कार में बैठकर भागने लगी। लोगों ने पकड़ने की कोशिश की तो दो पुलिसकर्मियों समेत दस लोगों को टक्कर मार दी। पुलिस की पीसीआर वैन समेत अन्य वाहनों को टक्कर मारकर क्षतिग्रस्त कर दिया। गेट पर लगे बैरियर को तोड़ते हुए सोयायटी के बाहर चली गईं। एक स्कूटी में टक्कर मारकर करीब डेढ़ किलोमीटर तक घसीटते हुए ले गईं।

पुलिस उनका पीछा करती रही।

**पुलिस ने नोएडा से किया गिरफ्तार**
नोएडा में जाकर आरोपितों की कार एक बस से टकराकर रुक गई। पुलिस ने दोनों को वहीं से गिरफ्तार कर लिया। आरोपितों को पकड़ने के लिए 50 से अधिक पुलिसकर्मियों को मैदान में उतरना पड़ा।

# दिल्ली में फिर खुलेंगी शराब की प्रीमियम दुकानें



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली में अब फिर से शराब की प्रीमियम दुकानें खुलेंगी। ये दुकानें अपेक्षाकृत बड़ी होंगी, यहां पर सभी प्रमुख ब्रांड उपलब्ध कराए जाएंगे। इन दुकानों के अंदर जाकर लोग अपनी पसंद के बांड का चयन कर सकेंगे। आबकारी विभाग ने प्रीमियम दुकानों को शॉपिंग मॉल में खोलने की योजना बनाई है। शराब बेचने वाले चारों सरकारी निगमों को इस बारे में पत्र लिखा है।

**दिल्ली के विभिन्न मॉल में खुली थीं 40 से ज्यादा दुकानें :** 2021 में इस तरह की 40 से अधिक दुकानें खोली गई थीं। दिल्ली के विभिन्न मॉल में ये दुकानें खुली थीं। दिल्ली में अभी 15 शॉपिंग मॉल में शराब की दुकानें खोली गई हैं। मगर ये प्रीमियम दुकानों के स्तर की नहीं हैं। दिल्ली के चार सरकारी निगम मिलकर शराब की बिक्री कर रहे हैं। यह सरकारी निगम मिलकर अभी 695 वाइन और बीयर की दुकानें चला रहे हैं।

**शराब की दुकानों को किया जाएगा 710:** आने वाले दिनों में और भी ज्यादा दुकानें खुलेंगी। जिससे बिक्री और कमाई दोनों बढ़ेगी। अब तक 950 होटलों, क्लबों और रेस्तरां के शराब लाइसेंस के रिन्यू हो गए हैं। इस साल के अंत तक शराब की दुकानों को बढ़ाकर 710 किया जाएगा। आबकारी विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि अब शराब की बड़ी दुकानें ही खोली जाएंगी, ताकि एक ही जगह शराब के कई ब्रांड आसानी से मिल जाएं।

**प्रीमियम दुकानें**
- राजधानी दिल्ली में पिछले साल की तुलना में 1.18 करोड़ बोतलें अधिक बिकीं
- दीवाली से पहले शराब की बिक्री से 447.62 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ

**दीवाली से पहले शराब की बिक्री का रिकॉर्ड बना**
दिल्ली में दीवाली से पहले शराब की बिक्री का रिकॉर्ड बना, यहां 3.87 करोड़ से अधिक बोतलें बिकीं, जिससे आबकारी विभाग को 447.62 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ। यह पिछले साल की तुलना में 1.18 करोड़ बोतलों की अधिक बिक्री को दशार्ता है। विदेशी शराब (आईएमएफएल) की 2.98 करोड़ बोतलें और बीयर की 89.48 लाख बोतलें शामिल हैं।

# सिरफिरे से परेशान होकर युवती ने की आत्महत्या

**टीम एक्शन इंडिया**
**ग्रेटर नोएडा :** ग्रेटर नोएडा सेक्टर-144 में रहने वाली एक युवती ने सिरफिरे युवक की हरकत से परेशान होकर आत्महत्या कर कर ली। सेक्टर-142 कोतवाली पुलिस परिजन की तहरीर पर केस दर्ज करके मामले की जांच कर रही है। जल्द ही आरोपी की गिरफ्तारी का दावा किया है। मूलरूप से कैराना के रहने वाले एक व्यक्ति ने कोतवाली को दी शिकायत में बताया है कि वह वर्तमान में सेक्टर-144 में रहते हैं। उनकी 22 वर्षीय पुत्री को मुंडी गरही तहसील धरौदां करनाल हरियाणा का कहना वाला इरफान आए दिन फोन करने के साथ इंस्टाग्राम पर भद्दे कमेंट करता था। यह सारी बातें पुत्री ने परिजन को बताई थी। इस कारण पुत्री कई दिन से परेशान चल रही थी। आरोपी की हरकत से परेशान होकर 29 अक्तूबर को पुत्री ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। कोतवाली प्रभारी पुष्पराज सिंह का कहना है कि जानकारी पर पता चला है कि आरोपी युवक और मृतक युवती परिचित थे। दोनों एक ही जगह के रहने वाले हैं।

परिजन ने जो आरोप लगाए हैं उसके आधार पर केस दर्ज कर लिया गया है। जल्द ही आरोपी की गिरफ्तारी की जाएगी।

# वंदे भारत ट्रेन पर पत्थर से हमला

**खुर्जा (बुलंदशहर) :** दिल्ली से कानपुर की ओर जाने वाली वन्दे भारत ट्रेन में खुर्जा के कमालपुर स्टेशन के निकट अज्ञात ने पत्थर मार दिया। जिससे एक कोच का शीशा क्षतिग्रस्त हो गया। इसी कोच की अन्य बर्थ पर आसपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और नगीना सांसद चंद्र शेखर आजाद सवार थे। चंद्र शेखर आजाद ने इसको लेकर एक्स पर ट्वीट किया और मामले की जांच की मांग की। दिल्ली रेलवे स्टेशन से कानपुर स्टेशन जा रही वंदे भारत ट्रेन रविवार की सुबह करीब सात बजे खुर्जा के कमालपुर स्टेशन से गुजर रही थी। इसी दौरान अज्ञात ने ट्रेन पर पत्थर मार दिया। जिससे ट्रेन के एक कोच का शीशा भी क्षतिग्रस्त हो गया।

# सड़क पर कार सवार की दबंगई

**घसीटा**
- पुलिसकर्मियों को बोनट पर लटकाकर 100 मीटर तक घसीटा पुलिसकर्मियों को मारी टक्कर

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली की सड़कों पर लापरवाही से गाड़ी चलाने के एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। दरअसल एक वीडियो वायरल हुआ है जिसमें एक कार ने रेड सिग्नल तोड़ते हुए दो ट्रैफिक पुलिसकर्मियों को टक्कर मार दी। इतना ही नहीं, कार सवार ने पुलिसकर्मियों को बोनट पर लटकाते हुए 100 मीटर तक घसीटते ले गए।



जानकारी के मुताबिक यह घटना शनिवार शाम करीब साढ़े सात बजे दक्षिणी दिल्ली के बेर सराय की है। पुलिस सहायक उप-निरीक्षक प्रमोद और हेड कांस्टेबल शैलेश चौहान के मुताबिक वे बेर सराय बाजार के पास व्यस्त इलाके से गुजरने वाले वाहनों की जांच कर रहे थे कि अचानक, उन्होंने एक कार को लाल बत्ती पार करते देखा।

**पुलिसकर्मियों को सफदरजंग अस्पताल में भर्ती कराया गया**
उन्होंने कहा कि जब उन्होंने कार को रुकने का इशारा किया तो वह धीमी हो गई और फिर अचानक तेज हो गई।

जैसे ही कार आगे बढ़ी, वाहन के सामने खड़े पुलिसकर्मियों के होश उड़ गए।

# यति ने इस्लामिक विद्वानों को इस्लाम पर शास्त्रार्थ की चुनौती दी

**टीम एक्शन इंडिया**
**गाजियाबाद:** शिवशक्ति धाम डासना के पीठाधीश्वर व श्रीपंचदशनाम जूना अखाड़े के महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरी के विरुद्ध इलाहाबाद उच्च न्यायालय में हजरत ख्वाजा गरीबनवाज वेलफेयर एसोसिएशन महाराष्ट्र के सचिव मोहम्मद यूसुफ और उसके एक और साथी के द्वारा दायर की गई जनहित याचिका में सौ सनातनी धर्म गुरु अपना शपथपत्र दाखिल करेंगे। यह बात शिवशक्ति धाम डासना में एक प्रेस वार्ता के माध्यम से साधु संतों और हिंदू संगठनों के कार्यकताओं ने रखी। प्रेस वार्ता में महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरी के साथ महेश आहूजा, डॉ. उदिता त्यागी, अनिल यादव समेत अन्य लोग उपस्थित रहे। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए यति नरसिंहानंद गिरी ने कहा कि वो शिवशक्ति धाम डासना में सम्पूर्ण विश्व के इस्लामिक विद्वानों को विनम्रता के साथ इस्लाम पर शास्त्रार्थ के लिए आमंत्रित कर रहे हैं। गैर मुस्लिमों के साथ किया गया व्यवहार आज सारी दुनिया को पता चलना ही चाहिए। आज सम्पूर्ण विश्व को पता चलना ही चाहिए कि दुनिया की ज्यादातर बड़ी मस्जिदें दूसरे समुदायों के पूजा उपासना स्थल को तोड़कर बनाई गई हैं। उन्होंने यह भी कहा कि वो कल ही इलाहाबाद उच्च न्यायालय में उनके विरुद्ध दायर हुई जनहित याचिका पर अपना शपथपत्र भेजेंगे। प्रेस वार्ता में बालाजी मंदिर हिंडन विहार के श्रीमहंत मच्छेंद्र पूरी महाराज ने कहा कि यति नरसिंहानंद गिरी महाराज का पक्ष जानने की आवश्यकता है।



**आमंत्रण**
- डासना में सम्पूर्ण विश्व के इस्लामिक विद्वानों को विनम्रता के साथ इस्लाम पर शास्त्रार्थ के लिए आमंत्रित कर रहे

यदि उनकी बातें सच हैं तो यह बहुत ही भयानक हैं। अगर उनकी बात सच नहीं है तो उन्हें इसका दंड मिलना चाहिए। इसीलिए संत समाज उच्च न्यायालय में हजरत ख्वाजा गरीबनवाज वेलफेयर एसोसिएशन की ओर से डाली गई जनहित याचिका का समर्थन करता है। हम भी सौ संत अपनी ओर से शपथपत्र देकर उच्च न्यायालय से दूध का दूध और पानी का पानी करने का अनुरोध करेंगे।

# रेलवे ट्रैक पर मिला सेल्स मैनेजर का शव, हत्या की आशंका

**गाजियाबाद।** मसूरी में रेलवे ट्रैक पर शुक्रवार रात एक युवक का शव पड़ा मिला। शव की शिनाख्त नोएडा सेक्टर 63 के 25 फुटा रोड निवासी विशाल तिवारी (28) के रूप में हुई। विशाल दिल्ली की एक फाइनेंस कंपनी में सेल्स मैनेजर थे। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। पुलिस ट्रेन से टकराकर हादसा होना बता रही है। मामले में विशाल के पिता सुमन तिवारी ने मसूरी थाने में तहरीर दी है। सुमन तिवारी ने बताया कि शुक्रवार दोपहर करीब तीन बजे विशाल गाजियाबाद ऑफिस का काम होने की बात कहकर बाइक से गए थे। करीब सात बजे छोटे बेटे कृष्ण ने फोन पर विशाल से बात की तो उन्होंने एक घंटे में घर लौटने की बात कही थी।

# गांधी नगर में युवक को गोलियों से भूना

**हत्या**
- परिचितों से अपनी टोपी (कैप) वापस मांगना भारी पड़ गया। चार लोगों ने गोलियां मारकर युवक की हत्या कर दी

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** गांधी नगर इलाके में एक युवक को परिचितों से अपनी टोपी (कैप) वापस मांगना भारी पड़ गया। चार लोगों ने गोलियां मारकर युवक की हत्या कर दी। मृतक की पहचान सुफियान कुरैशी (19) के रूप में हुई है।

पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस को मौके से चार खाली कारतूस मिले हैं। गांधी नगर थाना ने हत्या समेत कई धाराओं में प्राथमिकी की है। आरोपितों की तलाश में छापेमारी की जा रही है। सुफियान अपने परिवार के साथ गांधी नगर में रहता था। परिवार में पिता मुस्तकीम कुरैशी, मां व अन्य सदस्य हैं। मुस्तकीम दिल्ली पुलिस की अमन कमेटी में सदस्य हैं। सुफियान ई-रिक्शा चालक था। मुस्तकीम ने बताया कि सनम व शरीफ नाम के दो भाई अपने परिवार के साथ चंद्रपुरी में रहते हैं। आरोप लगाया कि 23 नवंबर को उनके बेटे सुफियान से सनम ने जबरन टोपी छीन ली थी। उनके बेटे ने विरोध किया तो उसके साथ मारपीट व गाली गलौज की थी। उनके बेटे को एक शादी में जाना था। वह शनिवार शाम को सनम के पास अपनी टोपी लेने के लिए गया था।



# लूट में वेटर को मारी थी गोली, मुठभेड़ में दो बदमाश पुलिस ने पकड़े

**टीम एक्शन इंडिया**
**नोएडा :** दिवाली की रात वेटर को गोली मारने वाले दो बदमाश पुलिस मुठभेड़ में पकड़े गये हैं। सेक्टर-24 थाना पुलिस की मुठभेड़ हुई। सेक्टर-54 टी प्वाइंट के पास पुलिस की इन बाइक सवार बदमाशों से मुठभेड़ हुई। पुलिस की गोली लगने से दोनों घायल हुए। दीपेश कुमार उर्फ मोहंती मूल रूप से उड़ीसा का निवासी था। सेक्टर-63 स्थित एक रेस्तरा में वेटर की नौकरी करता था। दिवाली की रात सेक्टर-36 के पास 5 हजार रुपये की लूट में बदमाशों ने उसे गोली मारी थी। पुलिस के मुताबिक आरोपियों की पहचान राजा ठाकुर, मिथुन निवासी होशियारपुर के रूप में हुई है। दोनों मूल रूप से बिहार के निवासी हैं। दिवाली की रात हुई यह सनसनीखेज घटना पुलिस के लिए चुनौती बनी हुई थी। इसके साथ ही पुलिस सतर्कता के दावों पर भी घटना से सवाल खड़े हुए हैं। आरोपियों से शुरूआती पुलिस पूछताछ में सामने आया है कि वेटर शराब के नशे में था। इसलिए उसको निशाना बनाया।

**मुठभेड़**
- दीपेश कुमार उर्फ मोहंती मूल रूप से उड़ीसा का निवासी था। रेस्तरा में वेटर की नौकरी करता था


# एक्शन इंडिया

## (राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक)

समाचार पत्र में वर्गीकृत, अदालती सूचना, पासपोर्ट में नाम परिवर्तन, खोया-पाया, नाम परिवर्तन, नाम सुधार, बेदखली सूचना, मजहब परिवर्तन, बैंक नोटिस सहित सभी प्रकार की सूचना एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें :-

**एक्शन इंडिया मीडिया हाउस**
शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042
संपर्क सूत्र: 8447314925, 9999889104

विज्ञापनों के लिये भारत सरकार सहित दिल्ली सरकार, हरियाणा सरकार, उत्तराखंड सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार, हिमाचल प्रदेश सरकार, राजस्थान सरकार सहित सभी सरकारी विभागों द्वारा मान्यता प्राप्त।



# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 73476708**

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश 9815119633, 9855577523**

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 7087033731**

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े-लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

मैं दयशंकर पुत्र राम सिंह बी1, जनकपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र राजू सिंह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम पूजा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी- नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।


## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

# सांसों पर संकट: दिल्ली में एक्यूआई 500 पार

## 12 घंटे में 'बहुत खराब' से 'खतरनाक' कैटेगिरी में पहुंचा; 10 सबसे प्रदूषित शहरों में 4 वढ के






**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली में हर साल की तरह इस साल भी दिवाली के बाद प्रदूषण बढ़ने का सिलसिला जारी है। शनिवार रात 9 बजे दिल्ली का एक्यूआई का 327 दर्ज किया गया था, जो रविवार सुबह करीब 6 बजे 507 तक पहुंच गया। 9 घंटे में दिल्ली की हवा 'बहुत खराब' कैटेगिरी से 'खतरनाक' कैटेगरी में पहुंच गई। रिपोर्ट के मुताबिक, दिल्ली में रविवार सुबह पीएम 2.5 का लेवल भी काफी बढ़ गया। यह वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन के बताए मानक से 65 गुना ज्यादा रिकॉर्ड किया गया। दिवाली के अगले दिन यानी 1 नवंबर को दिल्ली का औसत एक्यूआई 337 था। रिपोर्ट के मुताबिक, शनिवार सुबह दिल्ली में हवा चलने के कारण एअर क्वालिटी में सुधार देखा गया था, हालांकि शाम होते-होते हवा रुकने के कारण प्रदूषण बढ़ने लगा। रविवार सुबह देश के 10 सबसे प्रदूषित शहरों में दिल्ली के अलावा उत्तर प्रदेश के 4 और हरियाणा के 5 शहर शामिल हैं।

**दिल्ली में बैन के बावजूद चले पटाखे**

दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति ने 1 जनवरी 2025 तक पटाखों को बैन किया था। पटाखे बनाने, उन्हें स्टोर करने, बेचने और इस्तेमाल पर रोक है। इनकी ऑनलाइन डिलीवरी पर भी रोक लगाई गई थी, फिर भी आतिशबाजी हुई। पटाखे के कारण दिल्ली में एक्यूआई बढ़ा। दिल्ली में 14 अक्टूबर को ग्रैप-1 लागू किया गया था दिल्ली का एयर क्वॉलिटी इंडेक्स 200 पार होने के बाद 14 अक्टूबर को दिल्ली एनसीआर में ग्रैप-1 लागू कर दिया गया था। इसके तहत होटलों और रेस्तरां में कोयला और जलाऊ लकड़ी के उपयोग पर बैन है।

कमीशन ऑफ एयर क्वॉलिटी मैनेजमेंट ने एजेंसियों को पुराने पेट्रोल और डीजल गाड़ियों के संचालन पर सख्त निगरानी के आदेश दिए हैं।

आयोग ने एजेंसियों से सड़क बनाने, रेनोवेशन प्रोजेक्ट और मेन्टेनेन्स एक्टिविटीज में एंटी-स्मॉग गन, पानी का छिड़काव और डस्ट रिपेलेंट तकनीकों के उपयोग को बढ़ाने के लिए भी कहा है।

**दावा- दिल्ली में 69% परिवार प्रदूषण से प्रभावित**

प्राइवेट एजेंसी लोकल सर्कल के सर्वे में दावा किया गया कि दिल्ली-एनसीआर में 69% परिवार प्रदूषण से प्रभावित हैं। शुक्रवार को जारी की गई इस सर्वे रिपोर्ट में 21 हजार लोगों के जवाब थे।

**शांति**

▶▶ एंटी-स्मॉग गन, पानी का छिड़काव और डस्ट रिपेलेंट तकनीकों के उपयोग को बढ़ाने के लिए भी कहा

### दिल्ली-एनसीआर के इलाकों में अधिकतम तापमान में बढ़ोतरी

**नवंबर** शुरू हो चुका है, लेकिन अब भी सर्दी गायब है। दिल्ली-एनसीआर के इलाकों में अधिकतम तापमान में बढ़ोतरी के कारण गर्मी का अहसास हो रहा है। अधिकतम और न्यूनतम तापमान दोनों बढ़े हुए हैं। एक सप्ताह के मौसम में विशेष परिवर्तन की संभावना नहीं है और न ही पश्चिम विक्षोभ आएगा। इस कारण तापमान में कोई खास गिरावट नहीं होगी।

हालांकि, अगले सप्ताह से सुबह कुहासा देखने को मिल सकता है। मौसम विभाग के अनुसार रविवार को तापमान में किसी प्रकार से विशेष परिवर्तन की संभावना नहीं है। अधिकतम तापमान 33 और न्यूनतम तापमान 17 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने की संभावना है। 3 से 8 नवंबर तक अधिकतम तापमान 32-33 डिग्री के बीच और न्यूनतम तापमान 16-17 डिग्री के बीच रहने का अनुमान है। इसके बाद तापमान में हल्की गिरावट आनी शुरू हो सकती है।

# दिल्ली का मौसम : नवंबर शुरू... सर्दी अब भी गायब



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** नवंबर शुरू हो चुका है, लेकिन अब भी सर्दी गायब है। दिल्ली-एनसीआर के इलाकों में अधिकतम तापमान में बढ़ोतरी के कारण गर्मी का अहसास हो रहा है। अधिकतम और न्यूनतम तापमान दोनों बढ़े हुए हैं। एक सप्ताह के मौसम में विशेष परिवर्तन की संभावना नहीं है और न ही पश्चिम विक्षोभ आएगा। इस कारण तापमान में कोई खास गिरावट नहीं होगी। हालांकि, अगले सप्ताह से सुबह कुहासा देखने को मिल सकता है।

अमूमन 2 से 6 नवंबर तक अधिकतम तापमान 30.5 व न्यूनतम तापमान 15.3 डिग्री सेल्सियस और 7 नवंबर से 11 नवंबर तक अधिकतम तापमान 29.5 व न्यूनतम तापमान 14.3 डिग्री सेल्सियस रहता है, लेकिन कुछ सालों में तापमान में लगातार बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। शनिवार को भी अधिकतम तापमान सामान्य से तीन डिग्री अधिक 33.9 और न्यूनतम तापमान सामान्य से दो डिग्री अधिक 17.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

**ठंड गायब**

▶▶ दिल्ली-एनसीआर के इलाकों में अधिकतम तापमान में बढ़ोतरी के कारण गर्मी का अहसास हो रहा

# 'वक्फ बोर्ड के साथ जामा मस्जिद और इसके आसपास की जगहों का हो सर्वे'

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** जामा मस्जिद को संरक्षित स्मारक घोषित करने की मांग को लेकर दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए दिल्ली हाई कोर्ट ने भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) को जामा मस्जिद व इसके आसपास सर्वे-निरीक्षण करने का निर्देश दिया है। न्यायमूर्ति प्रतिबा एम सिंह व न्यायमूर्ति अमित शर्मा की पीठ एएसआइ को जामा मस्जिद का कोई स्केच या टेबल रिकार्ड पर पेश करके यह बताने को कहा है कि मस्जिद परिसर का उपयोग किन उद्देश्य के लिए हो रहा है। अदालत ने यह भी बताने को कहा




कि राजस्व और दान का उपयोग किस तरह से किया जा रहा है।

**चार सप्ताह के अंदर स्थिति रिपोर्ट पेश करने का भी निर्देश**

पीठ ने दिल्ली वक्फ बोर्ड को यह बताने के लिए कहा है कि क्या जामा की प्रबंध समिति के संविधान में कोई परिवर्तन किया गया है या नहीं। अदालत ने बोर्ड को जामा मस्जिद व इसके आसपास के संरक्षण या सुरक्षा के लिए सुझाव व प्रस्ताव भी पेश करने को कहा। मामले की सुनवाई 11 दिसंबर तक के लिए स्थगित करते हुए अदालत ने चार सप्ताह के अंदर स्थिति रिपोर्ट पेश करने का भी निर्देश दिया।

मामले पर सुनवाई के दौरान वक्फ बोर्ड की तरफ से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता संजय घोष ने पीठ को सूचित किया कि 10 फरवरी 2015 को जारी आदेश के तहत मस्जिद की प्रबंध कमेटी में अध्यक्ष, उपायध्य, महासचिव के अलावा छह सदस्य हैं।

# कार में भरकर ले जा रहा था अवैध शराब का भंडार, गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** उत्तरी जिले की वजीराबाद थाना पुलिस की टीम ने कार में भरकर अवैध शराब का भंडार ले जाते एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। आरोपित चालक कार के मालिक के कहने पर अवैध शराब की आपूर्ति करता था, जिसके लिए उसे 15 हजार रुपये महीने के मिलते थे। पुलिस ने उसके कब्जे से अवैध शराब के कुल 12 कार्टन बरामद किए हैं और कार को भी जब्त कर लिया है। उत्तरी जिले के उपायुक्त राजा बांठिया ने बताया कि 30 अक्टूबर की देर रात पुलिस टीम तिमारपुर के इलाके में गश्त कर रही थी।

# एलजी को भेजेंगे बस मार्शलों को पक्का करने का प्रस्ताव: सीएम

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने बस मार्शलों की नियुक्ति पर गंदी राजनीति का आरोप लगाते भाजपा और एलजी पर हमला बोला है। आतिशी ने कहा, "आम आदमी पार्टी पूरी तरह से बस मार्शल के साथ खड़ी है। आम आदमी पार्टी ही है जो इन्हें नौकरी से निकाले जाने के फैसले का विरोध कर रही है।" सीएम आतिशी ने यह बातें रविवार को एक प्रेस वार्ता के दौरान कही।

**भाजपा के इशारे पर निकाले गए बस मार्शल- आतिशी**

दिल्ली सीएम ने आरोप लगाया कि भाजपा के इशारे पर अक्टूबर 2023 में इन 10 हजार बस मार्शल को नौकरी निकाल दिया गया। उन्होंने कहा कि हमारे नेता, विधायक और मंत्री बस मार्शल के



साथ उनके आंदोलन में रहे हैं और मांग करते रहे हैं कि उन्हें नौकरी दी जाए। उन्होंने कहा कि भाजपा केवल चुनाव के समय संविदा कर्मियों को पक्का करने का लालच देती है, मगर पक्का नहीं करती है।

**"हमने एमसीडी में 10 हजार सफाई कर्मियों को पक्का किया"**

उन्होंने कहा, "राजस्थान में 1 लाख 10 हजार, मध्य प्रदेश में एक लाख 80 हजार संविदा कर्मी हैं, उत्तर प्रदेश और छत्तीसगढ़ में भी इनकी बड़ी संख्या है। इन लोगों को चुनाव के समय भाजपा द्वारा कहा गया था कि चुनाव जीतने पर इन्हें पक्का किया जाएगा, मगर पक्का नहीं किया गया।

जबकि आम आदमी पार्टी ने दिल्ली नगर निगम में 10 हजार सफाई कर्मी और पंजाब में 12 हजार कच्चे शिक्षकों को पक्का किया है।" आतिशी ने भाजपा को चुनौती दी है कि वह आठ दिन में बस मार्शल को पक्का करने के लिए एलजी को प्रस्ताव भेजेंगी, भाजपा अपने एलजी से इन्हें पक्का कराए। इससे पहले को आम आदमी पार्टी ने एलजी द्वारा सिविल डिफेंस वालंटियर्स (सीडीवी) के संदर्भ में मुख्यमंत्री को लिखे गए पत्र पर प्रतिक्रिया दी है।

**सीएम का जवाब**

▶▶ बस मार्शलों के साथ गंदी राजनीति करना बंद करें भाजपा,
▶▶ 10 हजार सफाई कर्मियों को पक्का किया

# कीर्ति नगर इलाके में फर्नीचर गोदाम में लगी आग





**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: कीर्ति** नगर इलाके में रविवार तड़के फर्नीचर गोदाम में आग लगने से दो लोगों की दम घुटने से मौत हो गई। दोनों गोदाम के कर्मचारी थे और ऊपरी मंजिल पर स्थित कमरे में रहते थे। मृतकों की शिनाख्त आजमगढ़, उत्तर प्रदेश निवासी अतुल राय (45) और गया बिहार निवासी नंद किशोर दुबे (65) के रूप में हुई है। अतुल गोदाम में मजदूरी करता था और वहीं सोता था जबकि नंद किशोर रिक्शा चालक का काम करता था। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि तड़के 4.30 बजे गोदाम में आग लगने की सूचना मिली। मौके पर दमकल की सात गाड़ियां पहुंच कर आग बुझाने में जुट गई। आग बुझाने के बाद परिसर की गहन जांच की गई। छत पर बना एक कमरा अंदर से बंद था। जब उसे खोला गया तो उसमें दो लोगों का शव मिला। शुरूआती जांच के बाद पुलिस ने आशंका जताई है कि दोनों की दम घुटने से मौत हुई है। क्राइम और फोरेंसिक टीम ने मौके की जांच कर कुछ साक्ष्य हासिल किए हैं।

**दम घुटा**

▶▶ दो कर्मचारियों की दम घुटने से हुई मौत, दोनों गोदाम के कर्मचारी थे, ऊपरी मंजिल पर स्थित कमरे में रहते थे

# राजौरी गार्डन विधानसभा से पदयात्रा के दूसरे चरण का आगाज

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: आम** आदमी पार्टी (आआपा) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल रविवार को राजौरी गार्डन विधानसभा क्षेत्र से दिल्ली में अपनी पदयात्रा का दूसरा चरण शुरू कर रहे हैं। आआपा के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने बताया कि दिसंबर तक चलने वाली पदयात्रा का मकसद हर दिल्लीवासी को बताना है कि कैसे भाजपा ने साजिश कर दिल्ली के हर काम रोके, लेकिन केजरीवाल ने एक भी काम रुकने नहीं दिया। पहले चरण की पदयात्रा में दिल्लीवालों ने केजरीवाल को जबरदस्त प्यार और आशीर्वाद देकर बता दिया कि वह इकलौते नेता हैं, जिसने 10 साल में दिल्ली में अद्भुत बदलाव करके दिखाया है। भाजपा के लोगों ने केजरीवाल पर हमला किया और वीडियो बनाकर चेतावनी दी कि उन्हें ऐसी सफल पदयात्रा बर्दाश्त नहीं है, लेकिन उन्होंने पदयात्रा जारी रखी। देश के 22 राज्यों में भाजपा की सरकार है लेकिन कहीं मुफ्त बिजली, पानी, महिलाओं की बस यात्रा मुफ्त, दिल्ली जैसे सरकारी स्कूल, मोहल्ला क्लिनिक



और फरिश्ते योजना नहीं है। भाजपा केजरीवाल के काम का मुकाबला नहीं कर सकती, वो हमले और जुमले की पार्टी बन कर रह गई है, हम उनके हमलों से डरने वाले नहीं हैं। दिल्ली को बचाने के लिए अरविंद केजरीवाल की पदयात्रा ऐसे ही जारी रहेगी। संजय सिंह ने कहा कि अरविंद केजरीवाल से चुनाव नहीं जीत पाते, काम की राजनीति में आगे नहीं बढ़ पाते, स्कूल-अस्पताल नहीं बना पाते, फ्री बिजली और पानी नहीं दे पाते, तो उनके ऊपर हमला करके उनकी राजनीति को रोकना चाहते हैं। उनकी पदयात्रा को रोकना चाहते हैं। लेकिन अरविंद केजरीवाल रुके नहीं। उन्होंने अपनी पदयात्रा को जारी रखा। दीपावली का पर्व आ गया, जिसके कारण पदयात्रा स्थगित हुई थी। संजय सिंह ने कहा कि दूसरे चरण की पदयात्रा की शुरूआत रविवार से रजौरी गार्डन विधानसभा से होगी। अरविंद केजरीवाल की पदयात्रा फिर से शुरू होगी। नवंबर और दिसंबर के पूरे महीने में दिल्ली की लगभग सभी विधानसभाओं में अरविंद केजरीवाल की पदयात्रा होगी। इसका मकसद एक है—जन-जन तक पहुंचना, एक-एक व्यक्ति तक पहुंचना, और उन्हें बताना कि किस तरह भाजपा साजिश करके दिल्ली का काम रोक रही है, और किस तरह लड़ाई और संघर्ष कर-के पिछले दस सालों में अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली के लोगों के लिए काम किया है। यह पूरी तरह स्पष्ट है।

# त्योहारी सीजन में वाहनों की बिक्री ने बनाया नया रिकॉर्ड

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** त्योहारी सीजन में वाहनों की बिक्री ने रिकॉर्ड बनाया है और दिवाली से पहले दिल्ली सरकार के परिवहन विभाग में 86,000 से ज्यादा नए वाहन पंजीकृत हुए हैं। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, पिछले महीने 30 अक्तूबर तक परिवहन विभाग में 86,000 से अधिक नए वाहन पंजीकृत हुए। जिससे मोटर



व्हीकल टैक्स (मोटर वाहन कर) के रूप में 366 करोड़ रुपये का राजस्व हासिल हुआ। हालांकि, फेस्टिव सेल के दौरान चार पहिया वाहनों की तुलना में स्कूटर और बाइक की बिक्री कम रही। गुरुवार को मनाई गई दिवाली से पहले अक्तूबर में कारों और एसयूवी सहित हल्के मोटर वाहनों की बिक्री 22,000 से अधिक रही। शेष लगभग 56,000 वाहन गैर-परिवहन दोपहिया वाहन थे। अधिकारियों ने बताया कि 2023 में नवंबर के त्यौहारी महीने में 80,854 नए वाहनों का पंजीकरण दर्ज किया गया। जिसमें 57,000 से अधिक गैर-परिवहन दोपहिया वाहन और 18,635 कारें शामिल हैं।

# अशोक विहार में दो गुटों में चली गोली, हुई चाकूबाजी




**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: बाहरी** दिल्ली के अशोक विहार थाना क्षेत्र में देर रात आपसी रंजिश व पैसों के लेनदेन को लेकर दो गुटों में गोली चलने व हुई चाकूबाजी में चार युवक घायल हो गए। इसकी भनक लगते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंच गई।

आनन-फानन में घायलों को पास के ही अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां सभी घायलों का इलाज जारी है। घायलों में तीन को चाकू लगी है, जबकि एक युवक के कंधे में गोली लगी है। सभी घायल पुलिस हिरासत में है। वहीं, फरार बदमाशों का पुलिस पता लगा रही है।

उत्तरी-पश्चिमी जिला पुलिस अधिकारी ने बताया कि पुरानी रंजिश व पैसों के लेनदेन को लेकर दो गुट आपस में भिड़े हैं। पेट, हाथ व शरीर के अन्य स्थानों पर चाकू लगने से चार घायल हो गए। इस हमले में एक गुट के तीन तो दूसरे गुट के एक युवक घायल हुए हैं। सभी की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है।

**तीन महीने पहले भी हुआ था झगड़ा**

पुलिस जांच में पता चला कि इन दोनों गुट में पैसों के विवाद में तीन महीने पहले भी झगड़ा हुआ था। पूर्व में हुए झगड़े के बाद आशीष क्षेत्र छोड़कर कहीं चला गया था। जो एक सप्ताह पहले ही फिर से वापस आया। जिसकी जानकारी दूसरे गुट को मिली। रविवार की रात इन दोनों गुट का सामान एक-दूसरे से हो गया। पुलिस ने सभी आरोपितों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है।

**कई घायल**

▶▶ पैसों के लेनदेन को लेकर दो गुटों में गोली चलने व हुई चाकूबाजी में चार युवक घायल हो गए

# अर्थव्यवस्था को बूस्टर डोज: 60 दिन में होंगी 48 लाख शादियां

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिवाली के फेस्टिवल सीजन से देश की अर्थव्यवस्था को एक बड़ा बूस्ट मिला है। दीपों के उत्सव के दौरान लगभग 4.25 लाख करोड़ रुपये के सामान की खरीदारी की गई है। अब कारोबारियों की निगाहें शादियों के सीजन पर टिकी हैं। कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय महामंत्री और दिल्ली की चांदनी चौक सीट से भाजपा के लोकसभा सांसद प्रवीण खंडेलवाल के मुताबिक, इस वर्ष नवंबर-दिसंबर में करीब 48 लाख शादियां होंगी। इसके चलते देश में 6 लाख करोड़ रुपये का व्यापार होने की उम्मीद है। दिल्ली में ही 4.5 लाख शादियां होने का अनुमान है। विवाह समारोह के चलते राष्ट्रीय राजधानी में 1.5



लाख करोड़ रुपये का कारोबार होने की उम्मीद है। इस साल शादी के लिए 18 शुभ मुहूर्त हैं।

कैट के एक अध्ययन के अनुसार, शाक्यों का सीजन देवउठनी एकादशी 12 नवंबर से शुरू हो रहा है और 16 दिसंबर तक चलेगा। अनुमानित 48 लाख शादियां होने का अनुमान है। रिटेल क्षेत्र, जिसमें सामान और सेवाएं दोनों शामिल हैं, उसमें लगभग 6 लाख करोड़ रुपये का व्यापार होने की उम्मीद है। पिछले साल इस सीजन में 35 लाख शादियों से कुल 4.25 लाख करोड़ रुपये का व्यापार हुआ था। इस साल शुभ विवाह मुहूर्त की तिथियों में वृद्धि होने के कारण व्यापार में उल्लेखनीय बढ़ोतरी का अनुमान है। वर्ष 2023 में 11 शुभ मुहूर्त थे, जबकि इस वर्ष 18 मुहूर्त होने से व्यापार को और अधिक बढ़ावा मिलने की संभावना है। दिल्ली में ही अनुमानित 4.5 लाख शादियों से इस सीजन में 1.5 लाख करोड़ रुपये के व्यापार की उम्मीद है।

कैट की वेद एवं अध्यात्म समिति के संयोजक आचार्य दुर्गेश तारे के अनुसार, इस साल के शादी सीजन में नवंबर में शुभ तिथियां 12, 13, 17, 18, 22, 23, 25, 26, 28 और 29 हैं, जबकि दिसंबर में ये तिथियां 4, 5, 9, 10, 11, 14, 15 और 16 हैं। इसके बाद लगभग एक महीने तक शादियों के सीजन में विराम होगा और 2025 के मध्य जनवरी से विवाह समारोह फिर से शुरू होंगी। वे मार्च तक जारी रहेंगे। देश भर के 75 प्रमुख शहरों में शादी से संबंधित वस्तुओं और सेवाओं में व्यापार करने वाले प्रमुख व्यापारी संगठनों से चर्चा के आधार पर प्राप्त आंकड़ों से कैट ने यह अनुमान लगाया है। कैट के राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीन खंडेलवाल ने बताया, इस अध्ययन से यह भी पता चला है कि उपभोक्ता के खरीदी व्यवहार में बड़ा परिवर्तन आया है। अब वह विदेशी सामान के मुकाबले भारतीय उत्पादों को खरीदने में ज्यादा तरजीह दे रहा है। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'वोकल फॉर लोकल' और 'आत्मनिर्भर भारत' विजन की बड़ी सफलता है। कैट इस अभियान को मजबूत करता है। कैट के राष्ट्रीय अध्यक्ष बीसी भरतिया ने शादी के खर्चों का ब्योरा देते हुए कहा, इस सीजन में अनुमान के मुताबिक देश भर में 10 लाख शादियां, 3 लाख रुपये के खर्च पर संपन्न होंगी। 10 लाख शादियां, 6 लाख रुपये के खर्च पर होंगी। 10 लाख शादियां, 10 लाख रुपये, 10 लाख शादियां, 15 लाख रुपये, 7 लाख शादियां, 25 लाख रुपये, 50,000 शादियां 50 लाख रुपये, 50,000 शादियां, 1 करोड़ या उससे अधिक के खर्च पर संपन्न होंगी।

**बजेंगी शहनाईयां**

▶▶ होगा 6 लाख करोड़ का कारोबार; इस साल विवाह के लिए शुभ हैं ये 18 मुहूर्त

# डीएपी खाद की उपलब्धता में कोई कमी नहीं: सैनी

**आश्वासन**

**राज्य में डीएपी खाद की कोई कमी नहीं है और सभी किसानों को समय पर खाद मिलेगा: सीएम**



**टीम एक्शन इंडिया**
चंडीगढ़: हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज यहां कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ डीएपी खाद की उपलब्धता को लेकर समीक्षा की। उन्होंने कहा कि राज्य में डीएपी खाद की कोई कमी नहीं है और सभी किसानों को समय पर खाद मिलेगा। पिछले साल रबी सीजन में अक्टूबर 2023 में डीएपी की कुल खपत 1,19,470 मीट्रिक टन (एमटी) थी, जबकि अक्टूबर 2024 में खपत 1,14,000 मीट्रिक टन रही। आज की तारीख में राज्य में डीएपी की उपलब्धता 24000 मीट्रिक टन है और किसानों के लिए डीएपी की दैनिक आपूर्ति के लिए रेक प्लानिंग की गई है। उन्होंने बताया कि 2023 रबी सीजन के दौरान नवंबर में कुल 72697 मीट्रिक टन की खपत हुई थी। राज्य सरकार के प्रयासों के परिणामस्वरूप, केंद्र ने नवंबर महीने के लिए 1,10,000 मीट्रिक टन डीएपी उर्वरक आवंटित किया है, जिसमें से नवंबर के पहले सप्ताह के लिए रेक मूवमेंट पर 41,600 मीट्रिक टन और दूसरे सप्ताह के लिए 40,000 मीट्रिक टन की योजना बनाई गई है और नवंबर 2024 के तीसरे सप्ताह में इसे घटाकर 20,000 मीट्रिक टन कर दिया जाएगा। सरकारी प्रवक्ता ने जानकारी देते बताया कि डीएपी के लिए रैक योजना तैयार कर ली गई है। भिवानी, दादरी, रोहतक, महेंद्रगढ़, करनाल, पानीपत, कुरुक्षेत्र और जींद को 3 नवंबर को रैक मिलेंगे। इसी प्रकार हिसार, फतेहाबाद, कुरुक्षेत्र, झज्जर, सोनीपत और रोहतक को 4 नवंबर, कुरुक्षेत्र, यमुनानगर, करनाल, हिसार, सिरसा और जींद को 5 नवंबर, अंबाला, कुरुक्षेत्र, पंचकूला और यमुनानगर को 6 नवंबर तथा पलवल, नूंह, फरीदाबाद और गुरुग्राम को 7 नवंबर को रैक मिलेंगे। सरकार ने आश्वासन दिया कि सभी जिलों को कवर किया जा रहा है।

## सीएम ने तीनों पार्षदों को पार्टी का पटका पहनाकर कराया भाजपा में शामिल

**टीम एक्शन इंडिया**
**पंचकूला:** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की उपस्थिति में रविवार को सीएम आवास संत कबीर कुटीर पर पंचकूला नगर निगम की निर्दलीय पार्षद ओमवती पूनिया एवं जजपा से चुनाव लड़े पार्षद सुशील गर्ग ने भाजपा में आस्था जताई। वहीं पार्षद सुनीत सिंगला ने भी मुख्यमंत्री की मौजूदगी में घर वापसी की। मुख्यमंत्री ने तीनों पार्षदों को पार्टी का पटका पहनाकर भाजपा परिवार में शामिल किया। इस मौके पर पूर्व विधानसभा अध्यक्ष ज्ञान चंद गुप्ता, पंचकूला के महापौर कुलभूषण गोयल, प्रदेश महामंत्री सुरेंद्र पूनिया, जिला अध्यक्ष दीपक शर्मा उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी कहा कि



भाजपा कार्यकताओं की पार्टी है और कार्यकताओं को पार्टी में पूरा मान और सम्मान मिलता है। उन्होंने कहा कि कार्यकताओं के दम पर ही पार्टी लगातार चुनाव जीतती आ रही है। हरियाणा में कार्यकताओं की मेहनत से ही तीसरी बार भाजपा की पूर्ण बहुमत की सरकार बनी है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने तीनों पार्षदों को भरोसा देते हुए कहा कि आप लोगों को पार्टी में पूरा मान और सम्मान मिलेगा। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार हरियाणा का सर्वांगीण विकास के लिए संकल्पित होकर कर रही है।

## कुमारी सैलजा को पार्टी मे मिल सकता है अहम जिम्मा

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़: हरियाणा** विधानसभा चुनाव में अपनी हार को अप्रत्याशित मान रही कांग्रेस अब अपने राष्ट्रीय ढांचे में भी बदलाव की तैयारी में है। इसी सिलसिले में सिरसा से सांसद कुमारी सैलजा को बड़ी जिम्मेदारी मिल सकती है। सैलजा को राष्ट्रीय महासचिव (संगठन) बनाया जा सकता है। अभी तक यह जिम्मेदारी केसी वेणुगोपाल संभाल रहे हैं। पिछले 29 अक्टूबर को महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव को लेकर स्टार प्रचारकों की सूची जारी की गई।

इस तरह की सूची केसी वेणुगोपाल की तरफ से ही जारी की जाती थीं। इस बार कुमारी सैलजा की तरफ से सूची जारी की गई। उसमें हरियाणा से सिर्फ राज्यसभा सांसद रणदीप सिंह सुरजेवाला का नाम था। हरियाणा विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को 37 सीट मिलीं। कांग्रेस ने पूर्व सीएम भूपेंद्र हुड्डा के नेतृत्व में ही चुनाव लड़ा था। टिकट के बंटवारे से लेकर स्टार प्रचारकों की रैलियों तक में हुड्डा की ज्यादा चली। कुमारी सैलजा कहीं पर नहीं दिखीं। इसे कांग्रेस हाईकमान ने हरियाणा में हार का एक बड़ा कारण भी माना है। इस गुटबाजी के कारण संगठन कमजोर हुआ।समझा जा रहा है कि कुमारी सेलजा को महासचिव संगठन जैसी जिम्मेदारी देकर कांग्रेस नेतृत्व गुटबाजी शांत करने का इरादा रखता है।विधानसभा चुनाव में हार के बाद हरियाणा में नेता प्रतिपक्ष और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष की नियुक्ति भी संभावित है। नेता प्रतिपक्ष की नियुक्ति के लिए चार केंद्रीय पर्यवेक्षक विधायकों की राय लेकर गए है लेकिन एक पखवाड़ा बीतने के बाद भी कोई फैसला नहीं किया जा सका।

**न्यूज फ्लैश**

### जींद : ऑटो चालक से नगदी व मोबाइल झपटा

**टीम एक्शन इंडिया**
**जींद:** नरवाना में लड्डू की सप्लाई करने जा रहे ऑटो चालक को स्कार्पियो सवार लोगों ने रोक लिया और असलहा दिखाते हुए 16 हजार रुपये और मोबाइल फोन छीन लिया। नरवाना सदर थाना पुलिस ने छीना झपटी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है, ताकि आरोपितों तक पहुंच सके। पुलिस को दी शिकायत में टोहाना निवासी गुलशन ने बताया कि वह 30 अक्टूबर की रात को लड्डुओं की सप्लाई देने के लिए नरवाना आया हुआ था। रात दो बजे के करीब जब वह वापस जा रहा था तो अचानक से स्कार्पियो गाड़ी ने उसकी आटो के आगे आकर ब्रेक मारे और उसे रूकवा लिया। इसके बाद गाड़ी में से सात-आठ लोग उतरे और आते ही उस के सिर पर पिस्तौल तान दी। इसके बाद उसकी जेब से 16 हजार रुपये की नकदी और उसका मोबाइल फोन निकाल लिया। इसके बाद उसके साथ मारपीट कर गाड़ी में सवार होकर भाग गए। उसने आने-जाने वाले लोगों को रूकवाकर पुलिस को इसकी सूचना दी। पुलिस के पहुंचने से पहले आरोपित भाग चुके थे। सदर थाना नरवाना पुलिस ने गुलशन की शिकायत पर मामला दर्ज किया है। जांच अधिकारी एसआई चंद्रपाल ने कहा कि मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### जींद : महिला के साथ दुष्कर्म किया

**टीम एक्शन इंडिया**
**जींद:** उचाना थाना क्षेत्र के तहत एक महिला के साथ तीन साल तक दुष्कर्म करने और जान से मारने की धमकी देने पर उचाना थाना पुलिस ने एक युवक के खिलाफ दुष्कर्म सहित विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। शनिवार को उचाना थाना पुलिस को दी शिकायत में एक महिला ने बताया कि दनौदा गांव निवासी मनोज ने तीन साल पहले उनकी जमीन को ठेके पर लिया था। खेती के दौरान उनकी मनोज के साथ जान-पहचान हो गई। उसकी मनोज के साथ बातचीत होने लगी। एक दिन खेत में मनोज ने जबरन उसके साथ दुष्कर्म किया और किसी को बताने पर उसे जान से मारने की धमकी दी। वह लोकलाज के डर से चुप रही। इसके बाद मनोज उसे धमकी देते हुए लगातार तीन साल तक उसके साथ दुष्कर्म करता रहा। जिस पर उसने पुलिस को शिकायत दी। उचाना थाना पुलिस ने मनोज के खिलाफ रेप, धमकी देने समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

### खेत में शराब पीने से मना करने पर किसान पर बोला हमला

**टीम एक्शन इंडिया**
**फतेहाबाद:** खेत में बने कमरे में बैठकर शराब पीने से मना करने पर कुछ युवकों ने एक किसान पर हमला कर उसे घायल कर दिया। आरोपियों ने किसान को छुड़वाने आए पिता-पुत्र के साथ भी मारपीट की। झगड़े में घायल तीनों लोगों को उपचार के लिए फतेहाबाद के सरकारी अस्पताल में भर्ती करवाया गया जहां से इन्हें अग्रोहा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। रविवार को इस मामले में किसान की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस को दी शिकायत में मोहम्मदपुर रोही निवासी सुरेन्द्र सिंह ने कहा है कि गत दिवस सुबह जब वह खेत जा रहा था तो नई सडक के मोड़ के पास गांव के ही विक्रम पुत्र लक्ष्मण व सोनू पुत्र राधाकृष्ण निवासी झलनियां खड़े थे। इन दोनों ने उसे रोक लिया और उसके साथ हाथापाई करने लगे। सोनू ने उसकी जेब से 700 रुपये निकाल लिए। इसी दौरान उसका पड़ोसी विक्रम उर्फ टिंकू पुत्र चरण सिंह भी वहां आया और उस पर लोहे की राड से हमला कर दिया। वहां से गुजर रहे गांव के साहब राम व उसके लडके अमित ने जब उसे छुड़वाने की कोशिश की तो कई मोटरसाइकिलों पर 6-7 युवक हाथों में डंडे व लोहे की पाइप लेकर आए और इन लोगों ने साहब राम व अमित के साथ भी मारपीट की। लोगों को इकट्ठा होते देखकर हमलावर उसे जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। सुरेन्द्र ने कहा कि उक्त लोग उसके खेत के पास एक कमरे में बैठकर शराब पीते थे और उसने इन लोगों को यहां शराब पीने से मना किया था। इस मामले में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### फायरिंग करने का आरोपी काबू, कार बरामद

**टीम एक्शन इंडिया**
**फतेहाबाद:** शहर में दीपावली के दिन हुई फायरिंग के मामले में कार्रवाई करते हुए शहर फतेहाबाद पुलिस ने रविवार को एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए युवक की पहचान सोनू पुत्र दलवीर सिंह निवासी खैरातीखेड़ा के रूप में हुई है।

## राज्य स्तरीय महिला पुरस्कार के लिए आवेदन आमंत्रित

**टीम एक्शन इंडिया**
**चण्डीगढ़:** हरियाणा सरकार ने विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्धियां प्राप्त करने वाली महिलाओं के लिए राज्य स्तरीय महिला पुरस्कार के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इन पुरस्कारों के लिए महिलाएं 27 दिसंबर 2024 तक आवेदन कर सकती हैं। हरियाणा के महिला एवं बाल विकास विभाग के प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि यह पुरस्कार देने का मुख्य उद्देश्य विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को विशेष पहचान/मान्यता देना है, ताकि वे भारतीय महिलाओं की भावी पीढ़ी के लिए रोल मॉडल बन सकें। उन्होंने बताया कि पुरस्कारों में इन्दिरा गांधी महिला शक्ति पुरस्कार, कल्पना चावला शौर्य व बहन शन्नो देवी पंचायती राज पुरस्कार, लाइफ-टाइम अचीवर्स शामिल है। इसी प्रकार से एएनएम/नर्स/महिला एमपीडब्ल्यू, महिला खिलाड़ी, सरकारी कर्मचारी, सामाजिक कार्यकर्ता, महिला उद्यमी तथा साक्षर महिला समूह को निर्धारित राशि के साथ-साथ प्रशस्ति पत्र दिए जाएंगे। प्रवक्ता ने बताया कि आवेदन करने की योग्यताएं व शर्ते महिला एवं बाल विकास विभाग की वेबसाइट डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू डॉट डब्ल्यूसीडीएचआरवाई डॉट जीओवी डॉट आईएन से डाउनलोड की जा सकती है।

## हर जिले में फैला छात्रवृत्ति घोटाला: कुमारी सैलजा

**टीम एक्शन इंडिया**
**चण्डीगढ़:** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सिरसा से लोकसभा सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि अनुसूचित व पिछड़े परिवारों के बच्चों की छात्रवृत्ति के मामले में प्रदेश में सैकड़ों करोड़ रुपये का घोटाला हुआ है। किसी जिले में छात्रवृत्ति की आपसी मिलीभगत से खुद ही बंदरबांट कर ली गई, तो कहीं पात्रता होने के बावजूद 10 साल से छात्र छात्रवृत्ति मिलने का इंतजार कर रहे हैं। ऐसे में साल 2014 से अब तक के भाजपा सरकार के कार्यकाल में हुए छात्रवृत्ति घोटाले की जांच पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट के जस्टिस से कराई जानी चाहिए, ताकि



सच्चाई सभी के सामने आ सके। मीडिया को जारी बयान में कुमारी सैलजा ने कहा कि कैथल में जो कुछ समय पहले 96 लाख रुपये का छात्रवृत्ति घोटाला सामने आया, वह तो सिर्फ एक नमूना है। प्रदेश के सभी जिलों से इस तरह के घोटाले होने की सूचना मिल रही है। इन सभी घोटालों की प्रदेश स्तरीय जांच जरूरी है। 10 साल से चले आ रहे इन घोटालों की रकम सैकड़ों करोड़ रुपये के आंकड़े को पार कर सकती है। छात्रवृत्ति घोटाले में प्रदेश सरकार में बैठे लोगों की संलिप्तता की सूचना भी मिल रही है, इसलिए राज्य सरकार की किसी भी एजेंसी पर निष्पक्ष जांच के लिए भरोसा नहीं किया जा सकता। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि एक तरफ सरकार में बैठे लोग अनुसूचित एवं

**आरोप**

**अनुसूचित व पिछड़े परिवारों के बच्चों की छात्रवृत्ति में हुआ सैकड़ों करोड़ का घोटाला: सैलजा**

पिछड़े वर्ग के छात्रों के हक पर खुद ही डाका डालने में जुटे हैं, दूसरी तरह ऐसे पात्र छात्रों की संख्या लाखों में है, जिन्हें 10 साल से छात्रवृत्ति दी ही नहीं गई है। एक आरटीआई से खुलासा हुआ है कि पिछले 10 साल से अनुसूचित जाति के 943605 छात्र व पिछड़ा वर्ग के 281649 छात्र पात्र होने के बावजूद छात्रवृत्ति से वंचित हैं।

## कार की टक्कर से एक्टिवा सवार महिला की मौत, बेटा घायल

**टीम एक्शन इंडिया**
**यमुनानगर:** थाना प्रताप नगर क्षेत्र में तेज रफ्तार कार ने एक्टिवा सवार मां-बेटे को टक्कर मार दी। दोनों को गंभीर हालत में नागरिक अस्पताल यमुनानगर के ट्रामा सेंटर में दाखिल कराया गया। कार चालक कार सहित मौके से फरार हो गया। घायल महिला की इलाज के दौरान की मौत हो गई, जबकि घायल बेटे का अस्पताल में इलाज जारी है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजन को सौंप दिया। पुलिस ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ केस दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी। मृतक महिला की पहचान नंदी देवी (56) निवासी हाइडल कालोनी प्रताप नगर के तौर पर हुई।

जबकि घायल युवक की पहचान नरेंद्र के नाम से हुई। रविवार को अधिक जानकारी देते हुए घायल नरेंद्र ने बताया कि वह मां के साथ सुबह नौ बजे के लगभग एक्टिवा पर सवार होकर प्रताप नगर के राधा स्वामी सत्संग घर में सत्संग सुनने के लिए जा रहे थे। जब वें गांव अराईयावाला में वन विभाग की चौकी के पास पहुंचे तो एक तेज रफ्तार सफेद रंग की कार ने उनकी एक्टिवा को टक्कर मार दी। हादसे में नरेंद्र ऊपर हवा में उछल गया और उसके हाथ, कमर और छाती पर चोट लगी और बुरी तरह से लहूलुहान हो गया। वहीं उसकी मां भी एक्टिवा से उछल कर सड़क पर जा गिरी, उसके सिर और नाक मुंह से खून बहने लगा। घायल दोनों मां बेटा को इलाज के लिए ट्रामा सेंटर में दाखिल कराया गया।

## नाबालिग निकला बच्चे का हत्यारा

**टीम एक्शन इंडिया**
**फतेहाबाद:** गांव हड़ौली में चार वर्ष के बच्चे की ब्लाइंड मर्डर मामले की गुत्थी को थाना सदर रतिया पुलिस ने कुछ ही घंटों मे सुलझाकर एक 13 साल के नाबालिग को काबू करने में सफलता हासिल की है। पकड़े गए नाबालिग को उसके परिवार के साथ जुवेनाइल कोर्ट मे पेश कर बाल सुधार गृह अम्बाला मे भेजा गया है। पॉक्सो एक्ट की संगीन धाराओं के तहत कार्रवाई की है ँ नवंबर को थाना सदर रतिया में मे एक बच्चे जिसका नाम दिव्यांश है, की हत्या करके उसकी डेड बॉडी को सुनसान मकान रंजू पुत्र मुखत्यार सिंह वासी पीरखाना के पास है।

## कमरे में आग लगने से दंपति की मौत, तीन बच्चो गंभीर

**टीम एक्शन इंडिया**
झज्जर: बहादुरगढ़ की घनी आबादी वाली कॉलोनी छोटू राम नगर में बीती रात एक मकान में आग लगने से पति-पत्नी की जिंदा जलकर मौत हो गई और दम घुटने से उनके तीन बच्चों की हालत गंभीर है। बच्चों को अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। हादसे में बचाव का प्रयास करते वक्त बच्चों के दादा भी झुलस गए हैं। आग लगने का कारण अभी स्पष्ट नहीं हुआ है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। बिहार के जिला नवादा के मूल निवासी सिंटू कुमार अपने पिता पांगो महतो, अपनी पत्नी निशा और तीन बच्चों के साथ पिछले कई वर्ष से बहादुरगढ़ के छोटूराम नगर में रहते थे। सिन्टू कुमार सब्जी बेचने का काम करता था और उनका पिता नजदीक की एक फैक्ट्री में काम करते थे। शनिवार की रात सारा परिवार भोजन करके सो गया। रात करीब 1:00 बजे सिन्टू कुमार के पिता की अचानक आंखें खुलीं तो देखा कि धुआं उठ रहा है और घर के एक कमरे में आग लगी हुई है। अंदर उनका बेटा और उसकी पत्नी निशा सो रहे थे। उन्होंने दरवाजा खटखटाया। अंदर से कोई रिपॉन्स नहीं मिला तो वह घबरा गए। वह मकान की छत पर चढ़कर गली में कूद गए और शोर मचाया।

**दर्दनाक**

**आग लगने के कारण का नहीं हो सका खुलासा, तीनों बच्चों को अस्पताल में कराया गया है भर्ती**

बचाओ बचाओ की आवाज सुनकर कुछ ही देर में पड़ोस के लोग भी शोर मौके पर आ गए और बचाव कार्य में लग गए। दरवाजा तोड़ा गया। तब तक सिंटू कुमार और उनकी पत्नी निशा देवी की जिंदा जलने से मौत हो चुकी थी। दूसरे कमरे में सोए तीनों बच्चों की हालत भी दम घुटने से गंभीर थी। बच्चों को निकटवर्ती जीवन ज्योति अस्पताल ले जाया गया, जहां उनका आईसीयू में इलाज चल रहा है। घटना की सूचना मिलने पर लाइन पार थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच आरंभ की। फॉरेंसिक विशेषज्ञोंकी टीम ने भी घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए। पुलिस के अनुसार आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं हुआ है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि यह अभी साफ तौर पर नहीं कहा जा सकता कि यह हादसा है या किसी की साजिश। मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल बहादुरगढ़ भेजा गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## गत्ता गोदाम में लगी आग, लोगों में दहशत

**टीम एक्शन इंडिया**
गुरुग्राम: यहां सेक्टर-21 में बने एक गत्ता गोदाम में लगी आग से क्षेत्र में दहशत फैल गई। लोग भय के चलते अपने घरों से भी बाहर निकल गए। आग से क्षेत्र में धुआं फैल गया। दूर-दूर तक आग की लपटें देखी गई। सूचना पाकर दमकल विभाग की एक के बाद एक 25 गाडियां पहुंची। घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। जानकारी के अनुसार सेक्टर-21 रिहायशी क्षेत्र में एक गत्ता गोदाम बना हुआ है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि उनके इस क्षेत्र में कई ऐसे अवैध



गोदाम बने हुए हैं। कोई सुरक्षा व्यवस्था यहां पर नहीं है। लोग डर के साये में रहते हैं। यहां बने गत्ता गोदाम में अचानक लगी आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। जब तक कोई कुछ समझ पाता, आग पूरे गोदाम में फैल चुकी थी। गत्ता होने के कारण आग फैलती ही जा रही थी। आग की सूचना दमकल विभाग को दी गई। जब तक विभाग की गाडियां मौके पर पहुंची, आग बहुत अधिक बढ़ गई थी। दूर-दूर तक आग की लपटें नजर आ रही थी। क्षेत्र में फैले धुएं के कारण लोगों को भी परेशानी हो रही थी। लोग डर के चलते अपने घरों से बाहर निकल गए। आग लगने के कारणों का कुछ पता नहीं चल पाया। दमकल विभाग के कर्मचारियों ने आग बुझाने के प्रयास शुरू किए। एक के बाद एक यहां दमकल विभाग की गाडियां पानी लेकर पहुंची। घंटों तक संघर्ष करते हुए दमकलकर्मियों ने आग पर काबू पाया।

25 गाडियां मौके पर पहुंची। क्षेत्रवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि यहां बने अवैध गोदाम पर कार्रवाई की जाएगी।

## फतेहाबाद :पराली जलाने वाले दो किसानों के खिलाफ एफआईआर दर्ज

**टीम एक्शन इंडिया**
**फतेहाबाद:** प्रतिबंध के बावजूद धान की पराली जलाने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई जारी है। जिला पुलिस द्वारा पराली जलाने के आरोप में दो ओर किसानों के खिलाफ केस दर्ज किए गए है। अब तक 10 किसानों के खिलाफ एफआईआर दर्ज हो चुकी है। पहले मामले में भूना पुलिस को दी शिकायत में कृषि विभाग भूना से एग्रीकल्चर सुपरवाइजर नवीन कुमार ने कहा है कि उपायुक्त द्वारा धान कटाई उपरांत बचे हुए अवशेष जलाने पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया हुआ है। गत दिवस हरसेक द्वारा उन्हें जीपीएस लोकेशन भेजी गई जिसमें गांव गोरखपुर में किसान द्वारा अपने खेत में आग लगाने की सूचना थी। इस पर कृषि विभाग की टीम मौके पर पहुंची तो पाया कि किसान नेकी राम पुत्र जियाराम निवासी गोरखपुर ने अपने खेत में 16 कनाल जमीन पर पराली में आग लगाई हुई थी। इस पर कृषि विभाग की टीम ने इस बारे पुलिस को सूचना दी। इस मामले में पुलिस ने आरोपी किसान के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। दूसरे मामले में सदर रतिया पुलिस ने एग्रीकल्चर सुपरवाइजर मनदीप सरबटा की शिकायत पर किसान सुखदेव सिंह पुत्र पुरूषोतम सिंह निवासी कलोठा के खिलाफ केस दर्ज किया है। हरसेक से मिली लोकेशन के बाद कृषि विभाग की टीम मौके पर पहुंची तो पाया कि सिकान ने 3 कनाल 2 मरले खेत में पराली जलाई हुई थी। बता दें कि जिले में धान की कटाई चल रही है और हर बार की तरह एक बार फिर पराली जलाने के कारण पर्यावरण में प्रदूषण का जहर घुल रहा है। प्रशासन की सख्ती और कार्रवाई के बावजूद आगजनी की घटनाओं पर लगाम नहीं लग रही। परिणाम स्वरूप फतेहाबाद क्षेत्र का एयर क्वालिटी इंडैक्स बेहद खराब बना हुआ है।

## सैलजा ने सुरजेवाला का साथ दिया तो धनखड़ ने सैनी को सहारा दिया

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा सीएम नायब सैनी और कांग्रेस के राज्यसभा सांसद रणदीप सुरजेवाला के बीच विधानसभा चुनाव पूर्व से चल रही तीखी बयानबाजी चुनाव बाद भी जारी है। इसी के बीच डूम समाज के प्रतिनिधि सोमवार को चंडीगढ़ स्थित मुख्यमंत्री आवास में पहुंचेंगे। यहां मुख्यमंत्री डूम समाज के प्रतिनिधियों के साथ भोजन करेंगे।

एक नवंबर को नायब सैनी ने गोहाना में एक कार्यक्रम में रणदीप सुरजेवाला को सरकारी डूम कहा था, जिसके बाद कांग्रेस इसे दलितों का अपमान बता रही है।नायब सैनी के बयान के बाद रणदीप सुरजेवाला ने भी सैनी पर पलटवार करते हुए कहा था- 'एक एक्सीडेंटल मुख्यमंत्री, नायब सैनी, अहंकार में चूर होकर डूम

**बयानबाजी**

**एक्सीडेंटल शब्द का इस्तेमाल कर सुरजेवाला ने अपनी ही पार्टी पर बैक फायर किया है: धनखड़**

दलित समाज का अपमान कर रहे हैं। उन्हें अपना पी ए नियुक्त करने तक का अधिकार नहीं है। भाजपा के राष्ट्रीय सचिव ओम प्रकाश धनखड़ भी इस मामले में कूद पड़े। ओम प्रकाश धनखड़ ने कहा कि सुरजेवाला के दिमाग में यह शब्द एक्सीडेंटल पीएम से आया है। जब सोनिया गांधी 2005 में पीएम बनने के लिए राष्ट्रपति भवन गई और वह पीएम नहीं बन पाई तो मनमोहन सिंह पीएम बन गए और उन्हें एक्सीडेंटल पीएम कहा गया।

इस पर एक्सीडेंटल पीएम फिल्म भी बन चुकी है। एक्सीडेंटल शब्द का इस्तेमाल कर सुरजेवाला ने अपनी ही पार्टी पर बैक फायर किया है, क्योंकि उनका जनाधार खत्म हो रहा है। वहीं सिरसा से सांसद कुमारी सैलजा ने कहा की मुख्यमंत्री नायब सैनी की रणदीप सुरजेवाला पर टिप्पणी पूरे दलित समाज का अपमान है। राज्य के मुखिया की भाषा सभ्य और शालीन होनी चाहिए, ऐसे शब्दों का प्रयोग अस्वीकार्य और अत्यंत निंदनीय है।

भाजपा के राष्ट्रीय सचिव ओमप्रकाश धनखड़ ने चंडीगढ़ में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि कांग्रेस झूठ बोलकर जनादेश चुराती रही है। यहां तक कि उनके राष्ट्रीय अध्यक्ष ने भी यह बात स्वीकार की है। अब कांग्रेस को कर्नाटक और हिमाचल प्रदेश की जनता से माफी मांगनी चाहिए और सत्ता छोड़कर नए सिरे से चुनाव कराने चाहिए। राजस्थान में कांग्रेस की किसान कर्जमाफी फेल होने पर चार हजार किसानों ने आत्महत्या कर ली थी। इसी कारण कांग्रेस को राजस्थान में सत्ता से बाहर होना पड़ा। कांग्रेस के घोषणा पत्र सत्ता पाने के लिए होते हैं। धनखड़ ने कहा कि नायब सिंह सैनी ने सभी विधानसभा क्षेत्रों में जाकर चुनाव प्रचार किया, भाजपा और प्रदेश की जनता ने उन्हें स्वीकार कर अपना नेता चुना है। उनके नेतृत्व में हमारी पार्टी की पूर्ण बहुमत की सरकार बनी है। नायब सिंह सैनी की सरकार सभी के कल्याण के लिए अच्छा काम कर रही है। बिना किसी पर्ची और खर्चे के हजारों युवाओं को नौकरी देने का बेहतरीन काम किया है। घोषणा पत्र को पूरा किया जाएगा। धनखड़ ने कहा कि देश और हरियाणा में कांग्रेस का जनाधार सिकुड़ रहा है। कांग्रेस नेता हताशा में बेबुनियाद बयानबाजी कर रहे हैं। अब वे कर्नाटक के हालात को लेकर अपने राष्ट्रीय अध्यक्ष की नसीहत की भी परवाह नहीं करेंगे। गोहाना में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कांग्रेस पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा- कांग्रेस का कमाल देखिए, इसके मुखिया ने कह दिया था कि 2 लाख नौकरी देंगे। इनके उम्मीदवार कह रहे थे कि मेरे हिस्से में इतनी नौकरियां आएंगी। इनके नेता जयराम रमेश तो नौकरियों का रिजल्ट रुकवाने इलेक्शन कमीशन ही पहुंच गए। सैनी यहीं नहीं रुके।

# त्योहार विशेष रेलगाड़ियाँ – 2024

छठ पूजा त्योहार के दौरान रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु निम्नलिखित त्योहार विशेष रेलगाड़ियाँ चलाई जायेंगी :–

## उत्तर रेलवे नेटवर्क से यात्रा प्रारम्भ करने वाली/समाप्त करने वाली त्योहार विशेष रेलगाड़ियों की सूची

| विशेष गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | आवृत्ति | चलने के दिन | चलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 02252 | नई दिल्ली (वंदे भारत त्योहार विशेष) | 08:25 | पटना जं | 20:00 | सप्ताह में तीन दिन | बुधवार, शुक्रवार, रविवार | 06.11.24 तक |
| 02251 | पटना जं | 07:30 | नई दिल्ली | 19:00 | | गुरुवार, शनिवार, सोमवार | 07.11.24 तक |
| 02270 | लखनऊ (वंदे भारत त्योहार विशेष) | 14:15 | छपरा | 21:30 | सप्ताह में 6 दिन | मंगलवार को छोड़कर | 08.11.24 तक |
| 02269 | छपरा | 23:00 | लखनऊ | 06:30 | | मंगलवार को छोड़कर | 08.11.24 तक |
| 02248 | नई दिल्ली (तेजस त्योहार विशेष) | 08:25 | पटना जं | 20:30 | सप्ताह में तीन दिन | मंगलवार, गुरुवार, शनिवार | 05.11.24 तक |
| 02247 | पटना जं | 07:30 | नई दिल्ली | 19:35 | | बुधवार, शुक्रवार, रविवार | 06.11.24 तक |
| 04052 | नई दिल्ली | 14:20 | जयनगर | 15:40 | तिथि वार | सोमवार | 04.11.24 को |
| 04051 | जयनगर | 18:00 | नई दिल्ली | 18:50 | | मंगलवार | 05.11.24 को |
| 04054 | नई दिल्ली | 14:20 | बरौनी जं | 11:00 | तिथि वार | मंगलवार | 05.11.24 को |
| 04053 | बरौनी जं | 12:30 | नई दिल्ली | 09:10 | | बुधवार | 06.11.24 को |
| 04075 | नई दिल्ली | 23:45 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 11:40 | सप्ताह में दो दिन | बुधवार, रविवार | 17.11.24 तक |
| 04076 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 21:20 | नई दिल्ली | 09:30 | | गुरुवार, सोमवार | 18.11.24 तक |
| 04498 | आनंद विहार टर्मिनल | 19:30 | बलिया | 13:30 | साप्ताहिक | रविवार | 24.11.24 तक |
| 04497 | बलिया | 18:40 | आनंद विहार टर्मिनल | 14:25 | | सोमवार | 25.11.24 तक |
| 04022 | आनंद विहार टर्मिनल | 11:40 | सीतामढ़ी | 15:45 | सप्ताह में दो दिन | बुधवार, शुक्रवार | 29.11.24 तक |
| 04021 | सीतामढ़ी | 18:00 | आनंद विहार टर्मिनल | 18:05 | | गुरुवार, शनिवार | 30.11.24 तक |
| 04032 | आनंद विहार टर्मिनल | 05:15 | सहरसा जं | 10:30 | सप्ताह में पांच दिन | सोम, मंगल, गुरु, शनि, रवि | 30.11.24 तक |
| 04031 | सहरसा जं | 13:00 | आनंद विहार टर्मिनल | 16:10 | | सोम, मंगल, बुध, शुक्र, रवि | 01.12.24 तक |
| 04624 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 23:45 | वाराणसी जं | 23:55 | साप्ताहिक | रविवार | 17.11.24 तक |
| 04623 | वाराणसी जं | 05:30 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 11:25 | | मंगलवार | 19.11.24 तक |
| 04080 | दिल्ली जं | 19:30 | वाराणसी जं | 09:45 | सप्ताह में तीन दिन | सोमवार, गुरुवार, शनिवार | 16.11.24 तक |
| 04079 | वाराणसी जं | 18:25 | दिल्ली जं | 08:50 | | मंगलवार, शुक्रवार, रविवार | 17.11.24 तक |
| 04530 | बठिण्डा जं | 20:50 | वाराणसी जं | 17:30 | सप्ताह में दो दिन | सोमवार, शुक्रवार | 15.11.24 तक |
| 04529 | वाराणसी जं | 20:40 | बठिण्डा जं | 17:00 | | मंगलवार, शनिवार | 16.11.24 तक |
| 04096 | आनंद विहार टर्मिनल | 09:00 | अयोध्या कैंट | 22:00 | सप्ताह में तीन दिन | सोमवार, बुधवार, शुक्रवार | 18.11.24 तक |
| 04095 | अयोध्या कैंट | 09:00 | आनंद विहार टर्मिनल | 22:30 | | मंगलवार, गुरुवार, शनिवार | 19.11.24 तक |
| 04518 | चण्डीगढ़ | 23:15 | गोरखपुर | 18:20 | साप्ताहिक | गुरुवार | 14.11.24 तक |
| 04517 | गोरखपुर | 22:05 | चण्डीगढ़ | 14:10 | | शुक्रवार | 15.11.24 तक |
| 04060 | आनंद विहार टर्मिनल | 10:30 | जयनगर | 15:15 | सप्ताह में दो दिन | मंगलवार, शुक्रवार | 15.11.24 तक |
| 04059 | जयनगर | 17:00 | आनंद विहार टर्मिनल | 19:55 | | बुधवार, शनिवार | 16.11.24 तक |
| 04068 | दिल्ली जं | 19:30 | दरभंगा जं | 16:30 | सप्ताह में दो दिन | मंगलवार, शुक्रवार | 15.11.24 तक |
| 04067 | दरभंगा जं | 18:00 | दिल्ली जं | 16:35 | | बुधवार, शनिवार | 16.11.24 तक |
| 04044 | आनंद विहार टर्मिनल | 23:15 | गोरखपुर | 14:00 | सप्ताह में दो दिन | शनिवार, मंगलवार | 26.11.24 तक |
| 04043 | गोरखपुर | 17:25 | आनंद विहार टर्मिनल | 10:40 | | रविवार, बुधवार | 27.11.24 तक |
| 04217 | वाराणसी जं | 06:25 | लखनऊ जं | 11:45 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, गुरु, शुक्र, शनि, रवि | 22.11.24 तक |
| 04218 | लखनऊ जं | 16:30 | वाराणसी जं | 21:50 | | | 22.11.24 तक |
| 04010 | आनंद विहार टर्मिनल | 23:45 | जोगबनी | 05:20 | साप्ताहिक | मंगलवार | 12.11.24 तक |
| 04009 | जोगबनी | 09:00 | आनंद विहार टर्मिनल | 16:05 | | गुरुवार | 14.11.24 तक |
| 04678 | फिरोजपुर कैंट जं | 13:25 | पटना जं | 17:00 | साप्ताहिक | बुधवार, | 13.11.24 तक |
| 04677 | पटना जं | 18:45 | फिरोजपुर कैंट जं | 22:40 | | गुरुवार | 14.11.24 तक |
| 04211 | वाराणसी जं | 14:50 | चण्डीगढ़ | 07:45 | साप्ताहिक | शनिवार | 16.11.24 तक |
| 04212 | चण्डीगढ़ | 09:30 | वाराणसी जं | 01:20 | | रविवार | 17.11.24 तक |
| 04553 | सहारनपुर | 04:40 | अम्बाला कैंट जं | 06:45 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, गुरु, शुक्र, शनि, रवि | 30.11.24 तक |
| 04554 | अम्बाला कैंट जं | 20:20 | सहारनपुर | 22:30 | | | 30.11.24 तक |
| 04682 | जम्मू तवी | 23:20 | कोलकाता | 13:00 | साप्ताहिक | मंगलवार | 14.11.24 तक |
| 04681 | कोलकाता | 23:45 | जम्मू तवी | 12:30 | | गुरुवार | 14.11.24 तक |
| 04078 | आनंद विहार टर्मिनल | 23:55 | पटना जं | 16:25 | साप्ताहिक | सोमवार | 18.11.24 तक |
| 04077 | पटना जं | 17:50 | आनंद विहार टर्मिनल | 11:00 | | मंगलवार | 19.11.24 तक |
| 04646 | जम्मू तवी | 05:45 | बरौनी जं | 12:10 | साप्ताहिक | गुरुवार | 14.11.24 तक |
| 04645 | बरौनी जं | 15:15 | जम्मू तवी | 22:30 | | शुक्रवार | 15.11.24 तक |
| 04038 | दिल्ली जं | 19:10 | आजमगढ़ | 11:30 | साप्ताहिक | रविवार | 17.11.24 तक |
| 04037 | आजमगढ़ | 13:30 | दिल्ली जं | 06:10 | | सोमवार | 18.11.24 तक |
| 04312 | हरिद्वार जं | 12:30 | हावड़ा जं | 17:10 | साप्ताहिक | गुरुवार | 14.11.24 तक |
| 04311 | हावड़ा जं | 19:00 | हरिद्वार जं | 23:30 | | शुक्रवार | 15.11.24 तक |
| 04314 | हरिद्वार जं | 12:30 | मुज़फ्फरपुर जं | 07:30 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 15.11.24 तक |
| 04313 | मुज़फ्फरपुर जं | 09:00 | हरिद्वार जं | 05:30 | | शनिवार | 16.11.24 तक |
| 04058 | आनंद विहार टर्मिनल | 23:15 | मुज़फ्फरपुर जं | 21:15 | सप्ताह में दो दिन | सोमवार, गुरुवार | 14.11.24 तक |
| 04057 | मुज़फ्फरपुर जं | 23:00 | आनंद विहार टर्मिनल | 23:30 | | मंगलवार, शुक्रवार | 15.11.24 तक |
| 04062 | आनंद विहार टर्मिनल | 09:00 | बरौनी जं | 06:30 | साप्ताहिक | रविवार | 17.11.24 तक |
| 04061 | बरौनी जं | 08:00 | आनंद विहार टर्मिनल | 10:10 | | सोमवार | 18.11.24 तक |
| 02246 | हज़रत निज़ामुद्दीन | 23:55 | पटना जं | 16:40 | सप्ताह में दो दिन | सोमवार, बुधवार | 27.11.24 तक |
| 02245 | पटना जं | 17:50 | हज़रत निज़ामुद्दीन | 10:50 | | मंगलवार, गुरुवार | 28.11.24 तक |
| 04526 | सरहिंद जं | 11:25 | सहरसा जं | 17:00 | साप्ताहिक | सोमवार | 18.11.24 तक |
| 04525 | सहरसा जं | 19:15 | अम्बाला कैंट जं | 22:20 | | मंगलवार | 19.11.24 तक |
| 04006 | दिल्ली जं | 23:05 | जयनगर | 23:45 | सप्ताह में दो दिन | मंगलवार, शुक्रवार | 26.11.24 तक |
| 04005 | जयनगर | 01:30 | दिल्ली जं | 01:30 | | गुरुवार, रविवार | 28.11.24 तक |
| 04048 | आनंद विहार टर्मिनल | 15:20 | कठिहार जं | 15:00 | सप्ताह में दो दिन | मंगलवार, शुक्रवार | 26.11.24 तक |
| 04047 | कठिहार जं | 18:00 | आनंद विहार टर्मिनल | 17:50 | | बुधवार, शनिवार | 27.11.24 तक |
| 04070 | नई दिल्ली | 00:20 | राजगीर | 21:00 | सप्ताह में दो दिन | शनिवार, मंगलवार | 30.11.24 तक |
| 04069 | राजगीर | 22:50 | नई दिल्ली | 23:10 | | रविवार, बुधवार | 30.11.24 तक |
| 02262 | नई दिल्ली | 00:20 | दरभंगा | 21:15 | सप्ताह में दो दिन | बुधवार, रविवार | 27.11.24 तक |
| 02261 | दरभंगा जं | 23:20 | नई दिल्ली | 20:15 | | बुधवार, रविवार | 27.11.24 तक |
| 04608 | जम्मू तवी | 20:20 | हावड़ा जं. | 13:20 | तिथि वार | सोमवार | 04.11.24 को |
| 04607 | हावड़ा जं. | 23:45 | जम्मू तवी | 15:20 | | बुधवार | 06.11.24 को |
| 04679 | कामाख्या | 06:00 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 06:20 | तिथि वार | मंगलवार | 05.11.24 को |
| 04661 | सहरसा | 10:00 | अमृतसर जं. | 18:20 | तिथि वार | मंगलवार | 05.11.24 को |
| 05001 | गोरखपुर जं. | 19:30 | दिल्ली जं. | 13:15 | साप्ताहिक | रविवार | 10.11.24 तक |
| 05002 | दिल्ली जं. | 15:15 | गोरखपुर जं. | 09:55 | | सोमवार | 11.11.24 तक |
| 05111 | छपरा जं. | 14:00 | नई दिल्ली | 11:50 | साप्ताहिक | सोमवार | 11.11.24 तक |
| 05112 | नई दिल्ली | 12:50 | छपरा जं. | 11:30 | | मंगलवार | 12.11.24 तक |
| 03575 | आसनसोल जं | 10:15 | आनंद विहार टर्मिनल | 08:05 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 29.11.24 तक |
| 03576 | आनंद विहार टर्मिनल | 10:15 | आसनसोल जं | 10:20 | | शनिवार | 30.11.24 तक |
| 03435 | मालदा टाउन | 09:30 | आनंद विहार टर्मिनल | 14:10 | साप्ताहिक | सोमवार | 25.11.24 तक |
| 03436 | आनंद विहार टर्मिनल | 15:45 | मालदा टाउन | 23:30 | | मंगलवार | 26.11.24 तक |
| 03255 | पटना जं | 22:20 | आनंद विहार टर्मिनल | 15:00 | सप्ताह में दो दिन | रविवार, गुरुवार | 14.11.24 तक |
| 03256 | आनंद विहार टर्मिनल | 23:20 | पटना जं | 17:20 | | सोमवार, शुक्रवार | 15.11.24 तक |
| 02391 | पटना जं | 22:20 | आनंद विहार टर्मिनल | 15:00 | साप्ताहिक | शनिवार | 15.11.24 तक |
| 02392 | आनंद विहार टर्मिनल | 23:20 | पटना जं | 17:20 | | रविवार | 10.11.24 तक |
| 03257 | दानापुर | 07:30 | आनंद विहार टर्मिनल | 00:30 | साप्ताहिक | रविवार | 10.11.24 तक |
| 03258 | आनंद विहार टर्मिनल | 05:00 | दानापुर | 20:45 | | सोमवार | 11.11.24 तक |
| 05219 | मुजफ्फरपुर जं | 13:30 | आनंद विहार टर्मिनल | 06:00 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, गुरु, शुक्र, शनि, रवि | 31.12.24 तक |
| 05220 | आनंद विहार टर्मिनल | 08:00 | मुजफ्फरपुर जं | 00:45 | | | 01.01.25 तक |
| 05109 | छपरा | 17:45 | आनंद विहार टर्मिनल | 11:50 | साप्ताहिक | बुधवार | 27.11.24 तक |
| 05110 | आनंद विहार टर्मिनल | 12:55 | छपरा | 06:45 | | गुरुवार | 28.11.24 तक |
| 05023 | गोरखपुर | 21:15 | आनंद विहार टर्मिनल | 13:15 | साप्ताहिक | रविवार | 24.11.24 तक |
| 05024 | आनंद विहार टर्मिनल | 15:15 | गोरखपुर | 04:45 | | सोमवार | 25.11.24 तक |
| 05301 | मऊ जं | 04:00 | आनंद विहार टर्मिनल | 20:30 | साप्ताहिक | गुरुवार | 28.11.24 तक |
| 05302 | आनंद विहार टर्मिनल | 00:25 | मऊ जं | 17:45 | | शुक्रवार | 29.11.24 तक |
| 05005 | गोरखपुर | 14:40 | अमृतसर जं | 09:30 | साप्ताहिक | बुधवार | 27.11.24 तक |
| 05006 | अमृतसर जं | 12:45 | गोरखपुर | 08:50 | | गुरुवार | 28.11.24 तक |
| 05049 | छपरा | 09:55 | अमृतसर जं | 09:30 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 29.11.24 तक |
| 05050 | अमृतसर जं | 12:45 | छपरा | 14:00 | | शनिवार | 30.11.24 तक |
| 02525 | कामाख्या | 22:45 | आनंद विहार टर्मिनल | 08:50 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 29.11.24 तक |
| 02526 | आनंद विहार टर्मिनल | 17:20 | कामाख्या | 03:40 | | रविवार | 01.12.24 तक |
| 05671 | गुवाहाटी | 15:00 | आनंद विहार टर्मिनल | 08:50 | साप्ताहिक | बुधवार | 27.11.24 तक |
| 05672 | आनंद विहार टर्मिनल | 23:45 | गुवाहाटी | 14:15 | | शुक्रवार | 29.11.24 तक |
| 05734 | कटिहार जं | 11:40 | अमृतसर जं | 00:10 | साप्ताहिक | गुरुवार | 28.11.24 तक |
| 05733 | अमृतसर जं | 04:25 | कटिहार जं | 15:00 | | शनिवार | 30.11.24 तक |
| 03413 | मालदा टाउन | 07:10 | नई दिल्ली | 07:30 | सप्ताह में दो दिन | गुरुवार, रविवार | 28.11.24 तक |
| 03414 | नई दिल्ली | 10:30 | मालदा टाउन | 07:55 | | शुक्रवार, सोमवार | 29.11.24 तक |
| 03483 | भागलपुर | 11:00 | नई दिल्ली | 07:10 | सप्ताह में दो दिन | शनिवार, मंगलवार | 30.11.24 तक |
| 03484 | नई दिल्ली | 10:30 | भागलपुर | 04:10 | | रविवार, बुधवार | 27.11.24 तक |
| 07363 | हुब्बल्लि जं | 20:30 | योग नगरी ऋषिकेश | 23:30 | साप्ताहिक | सोमवार | 04.11.24 को |
| 07364 | योग नगरी ऋषिकेश | 06:15 | हुब्बल्लि जं | 06:30 | | गुरुवार | 07.11.24 तक |
| 09657 | दौराई (वाया बाराबंकी जं) | 15:00 | बढ़नी | 13:25 | साप्ताहिक | शनिवार | 16.11.24 तक |
| 09658 | बढ़नी (वाया बाराबंकी जं) | 19:15 | दौराई (वाया बाराबंकी जं) | 19:20 | | रविवार | 17.11.24 तक |
| 04230 | नई दिल्ली | 11:30 | हाजीपुर | 05:30 | तिथि वार | सोमवार | 04.11.24 को |
| 04229 | हाजीपुर | 08:45 | नई दिल्ली | 03:10 | | मंगलवार | 05.11.24 को |
| 03423 | भागलपुर | 13:55 | हरिद्वार जं | 17:55 | साप्ताहिक | सोमवार | 25.11.24 तक |
| 03424 | हरिद्वार जं | 19:55 | भागलपुर | 21:20 | | मंगलवार | 26.11.24 तक |
| 05736 | कटिहार जं | 21:00 | अमृतसर जं | 09:45 | साप्ताहिक | बुधवार | 27.11.24 तक |
| 05735 | अमृतसर जं | 13:25 | कटिहार जं | 23:45 | | शुक्रवार | 29.11.24 तक |
| 05047 | बनारस | 22:00 | गाजियाबाद | 11:45 | साप्ताहिक | मंगलवार | 26.11.24 तक |
| 05048 | गाजियाबाद | 12:35 | बनारस | 05:35 | | बुधवार | 27.11.24 तक |
| 03107 | सियालदह | 00:10 | लखनऊ जं | 00:10 | साप्ताहिक | शनिवार | 30.11.24 तक |
| 03108 | लखनऊ जं | 01:40 | सियालदह | 23:50 | | रविवार | 01.12.24 तक |
| 02397 | गया जं | 14:15 | आनंद विहार टर्मिनल | 07:10 | सप्ताह में 6 दिन | शनिवार को छोड़कर | 15.11.24 तक |
| 02398 | आनंद विहार टर्मिनल | 08:20 | गया जं | 00:30 | | रविवार को छोड़कर | 16.11.24 तक |
| 02393 | पटना जं | 20:10 | नई दिल्ली | 12:10 | सप्ताह में 6 दिन | गुरुवार को छोड़कर | 30.11.24 तक |
| 02394 | नई दिल्ली | 13:20 | पटना जं | 07:00 | | शुक्रवार को छोड़कर | 01.12.24 तक |
| 04123 | प्रयागराज जं | 14:30 | हजरत निजामुद्दीन | 11:10 | सप्ताह में दो दिन | रविवार, बुधवार | 27.11.24 तक |
| 04124 | हजरत निजामुद्दीन | 15:50 | प्रयागराज जं | 09:00 | | सोमवार, गुरुवार | 28.11.24 तक |
| 05193 | छपरा | 14:00 | शहीद कैप्टन तुषार महाजन | 22:10 | साप्ताहिक | शनिवार | 23.11.24 तक |
| 05194 | शहीद कैप्टन तुषार महाजन | 00:05 | छपरा | 08:00 | | सोमवार | 25.11.24 तक |
| 02417 | प्रयागराज जं | 21:30 | दिल्ली जं | 08:55 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 15.11.24 तक |
| 02418 | दिल्ली जं | 09:30 | प्रयागराज जं | 19:45 | | शनिवार | 16.11.24 तक |
| 04145 | प्रयागराज जं | 21:30 | दिल्ली जं | 08:55 | साप्ताहिक | गुरुवार | 14.11.24 तक |
| 04146 | दिल्ली जं | 09:30 | प्रयागराज जं | 19:45 | | शुक्रवार | 15.11.24 तक |
| 02421 | सूबेदारगंज | 21:35 | दिल्ली जं | 08:55 | साप्ताहिक | रविवार | 10.11.24 तक |
| 02422 | दिल्ली जं | 09:30 | सूबेदारगंज | 19:40 | | सोमवार | 11.11.24 तक |
| 03309 | धनबाद जं | 10:10 | जम्मू तवी | 22:40 | सप्ताह में दो दिन | मंगलवार, शनिवार | 30.11.24 तक |
| 03310 | जम्मू तवी | 23:25 | धनबाद जं | 14:00 | | बुधवार, रविवार | 01.12.24 तक |
| 09321 | डॉ अम्बेडकर नगर (वाया नई दिल्ली) | 10:30 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 16:00 | सप्ताह में तीन दिन | सोमवार, बुधवार, शनिवार | 30.11.24 तक |
| 09322 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 22:00 | डॉ अम्बेडकर नगर (वाया नई दिल्ली) | 23:50 | | मंगलवार, गुरुवार, रविवार | 01.12.24 तक |
| 07031 | सिकंदराबाद जं | 20:45 | हजरत निजामुद्दीन | 02:00 | साप्ताहिक | रविवार | 10.11.24 तक |
| 07032 | हजरत निजामुद्दीन | 04:00 | सिकंदराबाद जं | 06:30 | | मंगलवार | 12.11.24 तक |
| 09639 | मदार जं | 04:30 | रोहतक जं | 12:50 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, गुरु, शुक्र, शनि, रवि | 31.12.24 तक |
| 09640 | रोहतक जं | 13:20 | मदार जं | 22:35 | | | 31.12.24 तक |
| 08475 | पुरी | 04:50 | हजरत निजामुद्दीन | 19:15 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 29.11.24 तक |
| 08476 | हजरत निजामुद्दीन | 22:30 | पुरी | 06:55 | | शनिवार | 30.11.24 तक |
| 09425 | साबरमती | 19:00 | हरिद्वार जं | 19:00 | सप्ताह में दो दिन | सोमवार, शुक्रवार | 29.11.24 तक |
| 09426 | हरिद्वार जं | 21:45 | साबरमती | 21:30 | | मंगलवार, शनिवार | 30.11.24 तक |
| 09557 | भावनगर टर्मिनल | 15:15 | दिल्ली कैंट | 13:10 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 27.12.24 तक |
| 09558 | दिल्ली कैंट | 15:25 | भावनगर टर्मिनल | 12:25 | | शनिवार | 28.12.24 तक |
| 09097 | बांद्रा टर्मिनस | 21:50 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 10:00 | साप्ताहिक | रविवार | 29.12.24 तक |
| 09098 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 21:40 | बांद्रा टर्मिनस | 10:10 | | मंगलवार | 31.12.24 तक |
| 09309 | इंदौर जं | 17:00 | हजरत निजामुद्दीन | 04:30 | सप्ताह में दो दिन | शुक्रवार, रविवार | 29.12.24 तक |
| 09310 | हजरत निजामुद्दीन | 08:20 | इंदौर जं | 21:00 | | शनिवार, सोमवार | 30.12.24 तक |
| 09523 | ओखा | 10:00 | दिल्ली कैंट | 09:40 | साप्ताहिक | मंगलवार | 31.12.24 तक |
| 09524 | दिल्ली कैंट | 13:40 | ओखा | 13:50 | | बुधवार | 01.01.25 तक |
| 04821 | भगत की कोठी | 08:30 | हरिद्वार जं | 03:40 | साप्ताहिक | गुरुवार | 28.11.24 तक |
| 04822 | हरिद्वार जं | 05:00 | भगत की कोठी | 23:55 | | शुक्रवार | 29.11.24 तक |
| 06071 | कोच्चुवेली | 14:15 | हजरत निजामुद्दीन | 20:40 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 29.11.24 तक |
| 06072 | हजरत निजामुद्दीन | 04:10 | कोच्चुवेली | 14:15 | | सोमवार | 02.12.24 तक |
| 09603 | उदयपुर शहर | 01:50 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 05:50 | साप्ताहिक | बुधवार | 13.11.24 तक |
| 09604 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 10:50 | उदयपुर शहर | 13:55 | | गुरुवार | 14.11.24 तक |
| 05097 | टनकपुर (वाया दिल्ली जं) | 18:25 | दौराई | 13:40 | सप्ताह में तीन दिन | सोमवार, बुधवार, शुक्रवार | 29.11.24 तक |
| 05098 | दौराई (वाया दिल्ली जं) | 16:05 | टनकपुर | 09:35 | | मंगलवार, गुरुवार, शनिवार | 30.11.24 तक |
| 05037 | बनारस | 19:20 | आनंद विहार टर्मिनल | 09:35 | साप्ताहिक | मंगलवार | 12.11.24 तक |
| 05038 | आनंद विहार टर्मिनल | 11:10 | बनारस | 01:10 | | बुधवार | 13.11.24 तक |
| 06097 | चेन्नै सेंट्रल | 05:15 | अम्बाला कैंट जं. | 02:10 | साप्ताहिक | सोमवार | 11.11.24 तक |
| 06098 | अम्बाला कैंट जं. | 15:30 | चेन्नै सेंट्रल | 13:35 | | बुधवार | 13.11.24 तक |
| 07617 | काचीगुडा | 23:15 | हजरत निजामुद्दीन | 04:40 | साप्ताहिक | सोमवार | 4,11 एवं 18.11.24 |
| 07618 | हजरत निजामुद्दीन | 08:20 | काचीगुडा | 11:45 | | बुधवार | 6,13 एवं 20.11.24 |

## उत्तर रेलवे नेटवर्क से होकर गुजरने वाली त्योहार विशेष रेलगाड़ियों की सूची

| विशेष गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | आवृत्ति | चलने के दिन | चलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 05565 | सहरसा जं | 19:30 | सरहिंद जं | 00:05 | साप्ताहिक | गुरुवार | 14.11.24 से 26.12.24 |
| 05566 | सरहिंद जं | 02:00 | सहरसा जं | 09:45 | | शनिवार | 16.11.24 से 28.12.24 |
| 09075 | मुम्बई सेंट्रल (वाया बरेली) | 11:00 | काठगोदाम | 14:30 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.12.24 तक |
| 09076 | काठगोदाम (वाया बरेली) | 17:30 | मुम्बई सेंट्रल | 20:55 | | गुरुवार | 26.12.24 तक |
| 09183 | मुंबई सेंट्रल (वाया लखनऊ) | 22:50 | बनारस | 10:30 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.12.24 तक |
| 09184 | बनारस (वाया लखनऊ) | 14:30 | मुंबई सेंट्रल | 04:20 | | शुक्रवार | 27.12.24 तक |
| 05447 | पीलीभीत जं | 12:10 | शाहजहांपुर | 14:25 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, गुरु, शुक्र, शनि, रवि | 31.12.24 तक |
| 05448 | शाहजहांपुर | 15:15 | पीलीभीत जं | 16:30 | | | 31.12.24 तक |
| 09195 | वडोदरा जं (वाया वाराणसी जं) | 19:00 | मऊ जं | 20:45 | साप्ताहिक | शनिवार | 28.12.24 तक |
| 09196 | मऊ जं (वाया वाराणसी जं) | 23:15 | वडोदरा जं | 00:45 | | रविवार | 29.12.24 तक |
| 09417 | अहमदाबाद जं (वाया वाराणसी जं) | 09:10 | दानापुर | 20:30 | साप्ताहिक | सोमवार | 30.12.24 तक |
| 09418 | दानापुर (वाया वाराणसी जं) | 23:50 | अहमदाबाद जं | 11:10 | | मंगलवार | 31.12.24 तक |
| 09405 | साबरमती (वाया लखनऊ) | 18:10 | पटना जं | 02:00 | साप्ताहिक | मंगलवार | 31.12.24 तक |
| 09406 | पटना जं (वाया लखनऊ) | 05:00 | साबरमती | 13:30 | | गुरुवार | 02.01.25 तक |
| 09525 | हापा (वाया वाराणसी जं) | 00:40 | नाहरलगुन | 16:00 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.12.24 तक |
| 09526 | नाहरलगुन (वाया वाराणसी जं) | 10:00 | हापा | 00:30 | | शनिवार | 28.12.24 तक |
| 09189 | मुंबई सेंट्रल (वाया लखनऊ) | 10:30 | कटिहार जं | 07:30 | साप्ताहिक | शनिवार | 28.12.24 तक |
| 09190 | कटिहार जं (वाया लखनऊ) | 00:15 | मुंबई सेंट्रल | 18:40 | | मंगलवार | 31.12.24 तक |
| 09111 | वडोदरा जं (वाया लखनऊ) | 19:00 | गोरखपुर | 23:30 | साप्ताहिक | सोमवार | 30.12.24 तक |
| 09041 | उधना जं (सूरत) | 11:15 | छपरा (वाया लखनऊ) | 19:00 | साप्ताहिक | रविवार | 29.12.24 तक |
| 09042 | छपरा (वाया लखनऊ) | 23:00 | उधना जं (सूरत) | 07:30 | | सोमवार | 30.12.24 तक |
| 04815 | जोधपुर जं (वाया लखनऊ) | 17:30 | मऊ जं | 23:20 | साप्ताहिक | रविवार | 24.11.24 तक |
| 04816 | मऊ जं (वाया लखनऊ) | 04:00 | जोधपुर जं | 08:55 | | मंगलवार | 26.11.24 तक |
| 04823 | जोधपुर जं (वाया लखनऊ) | 17:30 | मऊ जं | 23:20 | साप्ताहिक | शनिवार | 30.11.24 तक |
| 04824 | मऊ जं (वाया लखनऊ) | 04:00 | जोधपुर जं | 08:55 | | सोमवार | 02.12.24 तक |
| 04137 | ग्वालियर जं (वाया लखनऊ) | 07:10 | बरौनी जं | 08:00 | सप्ताह में दो दिन | रविवार, बुधवार | 29.12.24 तक |
| 04138 | बरौनी जं (वाया लखनऊ) | 09:30 | ग्वालियर जं | 10:20 | | सोमवार, गुरुवार | 30.12.24 तक |
| 09145 | मुंबई सेंट्रल (वाया लखनऊ) | 10:30 | बरौनी जं | 04:00 | साप्ताहिक | सोमवार | 11.11.24 तक |
| 09146 | बरौनी जं (वाया लखनऊ) | 01:00 | मुंबई सेंट्रल | 18:40 | | गुरुवार | 14.11.24 तक |
| 09043 | बांद्रा टर्मिनस (वाया लखनऊ) | 00:05 | गोरखपुर | 09:30 | सप्ताह में दो दिन | रविवार, मंगलवार | 31.12.24 तक |
| 09044 | गोरखपुर (वाया लखनऊ) | 13:00 | बांद्रा टर्मिनस | 22:30 | | सोमवार, बुधवार | 01.01.25 तक |
| 07651 | जालना (वाया वाराणसी जं) | 23:30 | छपरा | 05:30 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.12.24 तक |
| 07652 | छपरा (वाया वाराणसी जं) | 22:15 | जालना | 04:00 | | शुक्रवार | 27.12.24 तक |
| 05069 | छपरा (वाया वाराणसी जं) | 13:15 | पनवेल | 22:00 | साप्ताहिक | शनिवार | 30.11.24 तक |
| 05070 | पनवेल (वाया वाराणसी जं) | 23:20 | छपरा | 11:35 | | रविवार | 01.12.24 तक |
| 05325 | गोरखपुर (वाया लखनऊ) | 21:15 | लोकमान्यतिलक | 07:25 | सप्ताह में दो दिन | मंगलवार, गुरुवार | 28.11.24 तक |
| 05326 | लोकमान्यतिलक (वाया लखनऊ) | 10:25 | गोरखपुर | 18:00 | | गुरुवार, शनिवार | 30.11.24 तक |
| 01124 | गोरखपुर (वाया लखनऊ) | 21:15 | लोकमान्यतिलक | 07:25 | | शनिवार, सोमवार | 04.11.24 तक |
| 01079 | छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस | 22:30 | गोरखपुर (वाया लखनऊ) | 10:00 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, गुरु, शुक्र, शनि, रवि | 11.11.24 तक |
| 01080 | गोरखपुर (वाया लखनऊ) | 14:30 | छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस | 00:40 | | | 13.11.24 तक |
| 01415 | पुणे (वाया लखनऊ) | 06:50 | गोरखपुर | 16:00 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, गुरु, शुक्र, शनि, रवि | 11.11.24 तक |
| 01416 | गोरखपुर (वाया लखनऊ) | 17:30 | पुणे | 03:15 | | | 12.11.24 तक |
| 01207 | नागपुर (वाया बाराबंकी) | 10:40 | समस्तीपुर जं | 23:45 | साप्ताहिक | बुधवार | 13.11.24 तक |
| 01208 | समस्तीपुर जं (वाया बाराबंकी) | 07:00 | नागपुर | 21:30 | | गुरुवार | 14.11.24 तक |
| 05636 | गुवाहाटी (वाया लखनऊ) | 18:15 | श्रीगंगानगर | 03:30 | साप्ताहिक | बुधवार | 27.11.24 तक |
| 05637 | श्रीगंगानगर (वाया लखनऊ) | 13:20 | गुवाहाटी | 00:25 | | रविवार | 01.12.24 तक |
| 05537 | दरभंगा ज (वाया शाहजहांपुर) | 13:15 | दौराई | 22:30 | साप्ताहिक | शनिवार | 09.11.24 से 28.12.24 |
| 05538 | दौराई (वाया शाहजहांपुर) | 23:45 | दरभंगा जं | 06:50 | | रविवार | 10.11.24 से 29.12.24 |
| 04195 | आगरा कैंट (वाया लखनऊ) | 05:00 | फारबिसगंज जं | 15:15 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 22.11.24 तक |
| 04196 | फारबिसगंज जं (वाया लखनऊ) | 18:40 | आगरा कैंट | 07:10 | | शनिवार | 23.11.24 तक |
| 09061 | उधना जं (सूरत) | 22:00 | गाजीपुर शहर (वाया लखनऊ) | 06:30 | साप्ताहिक | बुधवार | 06.11.24 तक |
| 09062 | गाजीपुर शहर (वाया लखनऊ) | 09:30 | उधना जं (सूरत) | 18:00 | | शुक्रवार | 08.11.24 तक |
| 04829 | जोधपुर जं (वाया दिल्ली) | 16:15 | गोरखपुर | 20:50 | साप्ताहिक | गुरुवार | 28.11.24 तक |
| 04830 | गोरखपुर (वाया दिल्ली) | 23:25 | जोधपुर जं | 04:00 | | शुक्रवार | 29.11.24 तक |
| 01025 | दादर (वाया वाराणसी जं) | 14:05 | बलिया | 01:45 | सप्ताह में तीन दिन | सोमवार, बुधवार, शुक्रवार | 30.12.24 तक |
| 01026 | बलिया (वाया वाराणसी जं) | 15:15 | दादर | 03:35 | | बुधवार, शुक्रवार, रविवार | 01.01.25 तक |
| 01027 | दादर (वाया वाराणसी जं) | 14:05 | गोरखपुर | 02:45 | सप्ताह में चार दिन | मंगल, गुरु, शनि, रवि | 31.12.24 तक |
| 01028 | गोरखपुर (वाया वाराणसी जं) | 14:25 | दादर | 03:30 | | गुरु, शनि, सोम, मंगल | 02.01.25 तक |
| 09013 | उधना जं (सूरत) | 07:00 | छपरा (वाया वाराणसी जं) | 19:30 | साप्ताहिक | शनिवार | 30.11.24 तक |
| 09014 | छपरा (वाया वाराणसी जं) | 22:30 | उधना जं (सूरत) | 08:15 | | रविवार | 01.12.24 तक |
| 09027 | बांद्रा टर्मिनस (वाया वाराणसी जं) | 11:00 | मालदा टाउन | 16:30 | साप्ताहिक | बुधवार | 27.11.24 तक |
| 09028 | मालदा टाउन (वाया वाराणसी जं) | 17:30 | बांद्रा टर्मिनस | 18:15 | | शनिवार | 30.11.24 तक |
| 09031 | बांद्रा टर्मिनस | 12:15 | गोरखपुर (वाया लखनऊ) | 21:00 | साप्ताहिक | गुरुवार | 28.11.24 तक |
| 09032 | गोरखपुर (वाया लखनऊ) | 04:00 | दहानू रोड | 12:25 | | शनिवार | 30.11.24 तक |
| 09421 | साबरमती (वाया लखनऊ) | 19:45 | सीतामढ़ी | 08:30 | साप्ताहिक | शनिवार | 30.11.24 तक |
| 09422 | सीतामढ़ी (वाया लखनऊ) | 16:00 | साबरमती | 06:00 | | सोमवार | 02.12.24 तक |
| 09067 | उधना जं (सूरत) | 05:30 | बरौनी जं (वाया वाराणसी जं) | 22:15 | साप्ताहिक | गुरुवार | 28.11.24 तक |
| 09068 | बरौनी जं (वाया वाराणसी जं) | 23:45 | उधना जं (सूरत) | 14:30 | | शुक्रवार | 29.11.24 तक |

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी अन्य जानकारी जैसे मार्ग में पड़ने वाले स्टेशन एवं उनकी विस्तृत समय-सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

**उत्तर रेलवे**

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

पर हमें फॉलो करें

# संपादकीय

## क्रांतिकारी भाई परमानन्द का बलिदान

**भारत** की स्वतंत्रता के लिये असंख्य बलिदान हुये। इनमें कुछ बलिदानी ऐसे भी हैं जिनकी पीढ़ियों ने राष्ट्र, संस्कृति और स्वत्व के लिये अपना जीवन समर्पित कर दिया। भाई परमानंद ऐसे ही महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी हैं, जिनकी हर पीढ़ी ने राष्ट्र रक्षा के लिये जीवन समर्पित किया। ऐसे सुप्रसिद्ध क्राँतिकारी भाई परमानन्द का जन्म 4 नवम्बर 1876 को झेलम जिले के करियाला गाँव में हुआ। यह क्षेत्र अब पाकिस्तान में है। राष्ट्र और संस्कृति की रक्षा के लिये भाई जी की हर पीढ़ी ने बलिदान दिया है। गुरु तेगबहादुर के साथ अपने प्राणों की आहुति देने वाले भाई मतिदास उनके पूर्वज थे। उनके परिवार की ऐसी कोई पीढ़ी नहीं जिसने इस राष्ट्र के लिये बलिदान न दिया हो। भाई सतिदास, भाई बालमुकुन्द जैसे बलिदानी भी इसी वंशवृक्ष के अंग थे। भाई परमानंद के पिता भाई ताराचंद ने अपनी किशोर वय में 1857 की क्रान्ति के संदेशवाहक के रूप में भूमिका निभाई थी। उस क्रान्ति की असफलता के बाद वे आर्य समाज से जुड़े और भारत के साँस्कृतिक गौरव जागरण में लग गये। राष्ट्र और संस्कृति के लिये समर्पित भाई परमानन्द जी बहुआयामी व्यक्तित्व के धनी थे। उन्होंने अपने लिये दो भूमिकाएँ निश्चित कीं। पहले आर्य समाज और वैदिक धर्म के अनन्य प्रचारक बने, वे एक आदर्श शिक्षक, इतिहास, संस्कृति और साहित्य मनीषी थे। साथ उन्होंने राष्ट्र और सांस्कृतिक जन जागरण के लिये युवकों की टोलियाँ तैयार कीं। सरदार भगत सिंह, सुखदेव, पं. रामप्रसाद 'बिस्मिल', करतार सिंह सराबा जैसे असंख्य राष्ट्रभक्त युवकों के वे उनसे प्रेरणा स्रोत थे। आपने हिंदी में भारत का इतिहास लिखा है। इतिहास-लेखन में आप राजाओं, युद्धों और केवल जीवनवृत्त विवरण को ही प्रधानता नहीं देते थे। वे भारत की परंपराओं और सांस्कृतिक गौरव से समाज को अवगत कराना चाहते थे। वे कहते थे कि इतिहास में मानवीय भावनाओं, इच्छाओं, आकांक्षाओं, संस्कृति गौरव एवं सभ्यता की गुणवत्ता को अधिक महत्व दिया जाना चाहिए। 1902 में भाई परमानन्द ने पंजाब विश्वविद्यालय से स्नातकोत्तर उपाधि प्राप्त की और लाहौर के दयानन्द एंग्लो महाविद्यालय में शिक्षक नियुक्त हो गये। भारत की प्राचीन संस्कृति तथा वैदिक धर्म में आपकी रुचि देखकर महात्मा हंसराज ने आपको भारतीय संस्कृति का प्रचार करने के लिए अक्टूबर 1905 में अफ्रीका भेजा। डरबन में भाईजी की गांधीजी से भेंट हुई। अफ्रीका में भाईजी प्रमुख क्रांतिकारियों सरदार अजीत सिंह, सूफी अंबाप्रसाद आदि के संपर्क में आए। इन क्रांतिकारी नेताओं से संबंध तथा क्रांतिकारी दल की कार्यवाही पुलिस की दृष्टि से छिप न सकी। अफ्रीका से भाई परमानन्द जी लन्दन चले गए। वहाँ उन दिनों श्यामजी कृष्ण वर्मा तथा विनायक दामोदर सावरकर क्रान्तिकारी कार्यों में सक्रिय थे। भाई जी इन दोनों के सम्पर्क में आये। एक संकल्प लेकर 1907 में भारत लौटे। लौटकर दयानन्द वैदिक महाविद्यालय में शिक्षण कार्य के साथ वे युवकों में राष्ट्र और सांस्कृतिक गौरव बोध जगाने के कार्य में जुट गये।

इसी बीच सरदार अजीत सिंह तथा लाला लाजपत राय से उनकी निकटता बढ़ी। इससे वे पुलिस की नजर में आ गये। 1910 में पुलिस ने उन्हे लाहौर से गिरफ्तार कर लिया किन्तु कोई आरोप प्रमाणित न हो सका और वे जमानत पर रिहा हो गये।

# बच्चों में कौतूहल भरने वाली लोक कहावतें कहाँ खो गये ?



आत्माराम यादव

> फिर आपई बच्चों को भरमाते हुये डुकरिया बनकर कहती है -ए पूत मेरौ चकला रह गयो, ए पूत मेरो बेलन रह गयो। और फिर बच्चें की कॉख तक अपनी अंगुली लेजाकर गुदगुदाती है और बालक खूब जोरों से खिलखिलाकर हँसता रहता है जिसका आंनन्द और सुख से पूरा परिवार खुशी से झूम उठता है। एक खेल में बच्चों को बहलाने के लिये आसमान में चंदा मामा की ओर दिखाते हुए कहती है कि -चंदा मामा दूर के, पुये पकाये बूर के, आप खाएं थाली में मुन्ना के दे प्याली में, प्याली गई टूट, मुन्ना गया रूढ। बच्चा इस खेल में जहां खुले आसमान में चंदा को देखकर प्रसन्न होता है वही उसे प्रकृति को जानने-समझने का अवसर मिलता है जिसके अनुभव उसे प्रसन्नता देते है। एक खेल में बच्चों की चुहुलबाजी रोमाचिंत करती है जिसमें दो बच्चे खेलते है और एक दूसरे से पूछता है-काय बुढ़िया काय ढूंढ रयी है

**बच्चों** में मेघना शक्ति का अद्भुत संचार करने वाली किस्से कहानियॉ, कहावतों का एक दौर गुजरे मुश्किल से तीन दशक बीते है। इतिहास गवाह है कि दादी और नानी जब अपने नौनिहाल को शाम को भोजन के बाद बिस्तर में लेकर लेटती थी तब विश्वास,आश्चर्य और समाधानकारक बाल मनोवृत्ति की कहानियां, किस्से,कहावतें बच्चों को संगीतात्मक लय में सुना कर उनके मन की एकाग्रता को अदभुत शक्ति से भर देती थी। खेल खेल में बच्चे लोककथाओं की इस मेघना को अपने चरित्र निर्माण में भी विकसित कर संसार के इस ज्ञान से परिचित हो जाया करते थे।

इतना ही नहीं नानी-दादी के इन किस्से,कहावतों के साथ बच्चों में जहॉ पशु पक्षियों की कहानियों से पशु-पक्षियों से प्रेम व पर्यावरण की शिक्षा ग्रहण की जाती वही, परियों एवं दानवों की कथाओं से जादू चमत्कारों से परिचित होते तो दूसरी ओर ऐतिहासिक किस्से कहानियों का ज्ञानवर्धन कराती तो पराक्रम भरी किस्से उन्हें पुरूषार्थी बनाते और उनमें समस्याओं को सुलझाने की सीख पहेलियों से मिलती रहीं है जो आज के इस संचार क्रांति के दौर में दूर तक देखने को नहीं मिलती है और इंटरनेट ने उन्हें समय के आगे का ज्ञान देकर उनके बचपन को प्रतिस्पर्धा की अग्नि में भस्म कर रखा है।

जब टेलिविजन नही था तब बरसात के दिनों में बच्चें घरों में घरोंदें का खेल खेलते जिसे कोई कोई घरूआ पतुआ भी कहता। जब बच्चे बिस्तर पर आराम करते तब घर के माता,पिता,बुआ आदि कोई को बुलाते और वे अपनी हथेली पर बच्चे का हाथ रखते तथा दूसरे हाथ से बच्चे के हाथ पर ताली बजाकर कहते - आटे बॉटे दही चटाके,बरफूले बंगाली फूले, बाबा लाये तोरई, भूंजि खाये मोरई। दूसरी कहावत बहुत प्रचलित रहीं जिसमें बिल्ली की चालाकी को लेकर कहा गया कि - काहू के मूँड़ पै चिल मदरा,कौआ पादे तऊ न उड़ा,मैं पादू तो झट उड़ा। उस समय घर में बॉस की पिंची और कपड़े के बीजना हुआ करते थे जिन्हें हाथ में लेकर बच्चे कहते थे- बाबा बाबा पंखा दे, पंखा है सरकार का, मैं भी हूँ दरबार का, अच्छा एक लेलो।



इससे हवा नहीं आती, अच्छा एक और लेलो। एक खेल में कई बच्चें गोलघेरे में खड़े होते और एक उनके बीच में खड़ा होता तब सब लड़के उसे पूछते- हरा समन्दर, गोपी चन्दर, मछली मछली कितना कितना पानी? गोलघेरे के भीतर वाला बालक अपने हाथों के पैरों के टखने तक लगाकर कहता, इत्ता इत्ता पानी। फिर दूसरा बालक पूछता,अब कित्ता पानी। बीच घेरे वाला बालक हर सवाल पर जबाव देता और अपनी चोटी तक पानी बताता, तब सभी दूर खड़े होकर घेरा बनाते और घेरे के अन्दर वाला उन्हें छूता, अगर कोई छुआ जाता तो उसे मछली बनकर ऐसे ही घेरे से बाहर निकलने का प्रयास करना होता और उस गोलघेरे को समुन्दर माना जाता। बच्चों को खुश करने के लिये उसकी हथेलियों पर अपनी हाथों की थपकी देकर घर की महिलायें गाती है - अटकन-बटकन, दही-चटाकन। बाबा लाये सात कटोरी,एक कटोरी फूटी,भैईया की किस्मत रूढ़ी। यह कहकर बच्चें की एक अंगुली पकड़कर कहती है कि यह छिंगुनी अंगुली चाचा की, दूसरी भैईया की, तीसरी मॉ की, चैथी कक्का की और पॉचवे पर अंगूठा पकड़कर कहती है कि यह गाय का खूंटा। फिर अपनी दो उँगलिया बालक की बॉह पर अपनी अंगुली के पोरों से चलाते हुए उसकी कॉख तक ले जाती है और कहती है कि-डुकरिया अपने बासन भॉड़े उठाईले, मेरो बूढ़ो बैल पानी पीने आ रयो है।

फिर आपई बच्चों को भरमाते हुये डुकरिया बनकर कहती है -ए पूत मेरौ चकला रह गयो, ए पूत मेरो बेलन रह गयो। और फिर बच्चें की कॉख तक अपनी अंगुली लेजाकर गुदगुदाती है और बालक खूब जोरों से खिलखिलाकर हॅसता रहता है जिसका आंनन्द और सुख से पूरा परिवार खुशी से झूम उठता है। एक खेल में बच्चों को बहलाने के लिये आसमान में चंदा मामा की ओर दिखाते हुए कहती है कि -चंदा मामा दूर के, पुये पकाये बूर के, आप खाएं थाली में मुन्ना के दे प्याली में, प्याली गई टूट, मुन्ना गया रूढ। बच्चा इस खेल में जहां खुले आसमान में चंदा को देखकर प्रसन्न होता है वही उसे प्रकृति को जानने-समझने का अवसर मिलता है जिसके अनुभव उसे प्रसन्नता देते है।

एक खेल में बच्चों की चुहुलबाजी रोमाचिंत करती है जिसमें दो बच्चे खेलते है और एक दूसरे से पूछता है- काय बुढ़िया,काय ढूंढ रयी है। दूसरा बोलता है-सुई। फिर पहले वाला पूछता है सुई को काय करेगी?दूसरा जवाब देता है-कथरी सीऊॅगी। फिर कथरी का काय करेगी। जवाब-रूपया धरूंगी। रूपईन का काय करेगी, भैस लूंगी। भैस का काय करेगी?दूध पीऊॅगी, दूसरा बालक तुरन्त जबाव देता है कि दूध के नाम मूत पीले और जो बालक बुढ़िया बना होता है वह जबाव सुनकर उसे मारने दौड़ता है।बुरे व्यक्ति की संगत से बचने के लिये एक छोटी की कहानी प्रचलित रही है जिसमें एक बिल्ली एक घर में मक्खन के मटके में अपना मुंह डालती है लेकिन जब निकालने की कोशिश की तो वह बहुत परेशान हुई और असफल रही। घबराहट में उसने मटका तोड़ दिया किन्तु मटके की किनारी/घॉघरी उसकी गर्दन में पड़ी रह गयी। वह वहॉ से भूखी ही चली गयी। रास्ते में उसे एक मुर्गा मिला उसने बिल्ली से पूछा मौसी कहॉ जा रही हो, बिल्ली ने कहॉ बेटा मैं भगवान की भक्त हो गयी हूॅ और तीर्थ व्रज को जा रही हूॅ। मुर्गे ने पूछा, तेरे गले में य क्या है? बिल्ली ने कहा, यह केदारनाथ भगवान का कंकन है , मुर्गे ने पूछा, क्या मैं भी चलू, बिल्ली ने कहा, बेटा तरी मर्जी, चल। मुर्गा बिल्ली के साथ हो गया, रास्ते में बिल्ली ने उस मुर्गे को खा लिया, तब से यह कहावत प्रचलित हुई कि बुरे का साथ बुरा होता है। ऐसे एक नहीं सैकड़ों उदाहरण मिलेगे जो स्थानीय भाषाओं,बोलियों में प्रचलित है जिनमें कई प्रकार के किस्से कहानियॉ एवं कहावतें मौजूद है जिन्हें आज के दौर की पीढी पूरी तरह भूल गयी है। दादी-नानी के द्वारा बच्चों को जो वीर गाथायें, किस्से,कहानियॉ,लोकोक्तिया एवं लोकभाषाओं की कहावतें सुनाई जाती थी वे उनके भविष्य निर्माण के साथ उन्हें प्रकृति की विशेषताओं, धरती की सभ्यताओं,समाज तथा धर्म प्रथाओं से जोड़े रखती थी वहीं हास्यास्पद चुटकुले,किस्से-कहावतें,गीत बच्चों को स्वस्थ मनोरंजन के अलावा उन्हें संकटकाल में स्वयं को सुरक्षित रखने की सीख देकर इस परम्परा को जीवित रखे हुये थे जो अब शनेःशनेः समाज से विदा होने को है,जिसे बचाये रखने के विषय में हमारे प्रयास जारी रहे तो सदियों से नानी-दादी की इन धरोहरों को बचाया जा सकेगा।

# कविता

### "झूमता बसन्त है"

फूलों में, कलियों में, पत्तो में, फलियों में,  
गाँव की गलियों में, प्यार के छलियों में,  
झूमता बसन्त है।

रंगों में, अंगों में, प्रेम के प्रसंगों में,  
बागों में, बहारों में, गांवों में, बाजारों में,  
झूमता बसन्त है।

बच्चों में, जवानों में, बूढ़ो में, सयानो में,  
दीवानों परवानों में, मेरे-तेरे अरमानों में,  
झूमता बसन्त है।

एक में, लाखों में, प्यार भरी आंखों में,  
सरसों के फूलों में, प्रीत के झूलों में,  
झूमता बसन्त है।

गेंदा में, गुलाब में, आफताब मेहताब में,  
फितरत में, कुदरत में, मोहब्बत में, नफरत में,  
झूमता बसन्त है।

हंसने में, मुस्काने में, अदा में इतराने में,  
प्यार में, जलन में, विरह में, मिलन में,  
झूमता बसन्त है।

नदियों में, पहाड़ों में, गर्मी में, जाड़ो में,  
दिन में रात में, बातों ही बात में,  
झूमता बसन्त है।

संजीव

## भारत-कनाड़ा विवाद में तीसरी भूमिका

**प्रेम शर्मा**

**खालिस्तानी** आतंकी हरदीप सिंह निज्जर हत्याकांड को लेकर भारत और कनाडा के बीच जारी कूटनीतिक विवाद और गहराता जा रहा है। पिछले दिनों कनाडा के उप विदेश मंत्री डेविड मारीसन की तरफ से इस मामले में संसदीय समिति की एक सुनवाई के दौरान भारत के गृह मंत्री अमित शाह का नाम लिए जाने को भारत ने बेहद गंभीरता से लिया है। इस मामले में एक दिन पहले कनाडा के भारतीय उच्चायोग के प्रतिनिधि को विदेश मंत्रालय में समन कर भारत ने कड़ा रोष जताया। विदेश मंत्रालय ने इस संबंध में एक राजनयिक नोट भी सौंपा है। भारत ने एक बार फिर दोहराया है कि मौजूदा टूडो सरकार राजनीतिक एजेंडे के तहत काम कर रही है और वह जो कदम उठा रही है उससे दोनों देशों के रिश्तों पर गहरा नकारात्मक असर होगा। कनाडा बेवजह भारत की छवि धूमिल करने में जुटा है।पिछले साल कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने आरोप लगाया था कि निज्जर की हत्या में भारत के एजेंट शामिल थे। इस विवाद की वजह से दोनों देश एक दूसरे के कुछ राजनयिकों को निकाल चुके हैं। कनाड़ा और भारत विवाद में तीसरी भूमिका इसलिए दिखाई पड़ती है क्योकि अभी इस विवाद के कारण माहौल गमार्या ही था कि इस बीच अमेरिका के न्याय विभाग ने एक हत्या की साजिश रचने के मामले में कथित भारतीय सरकारी कर्मचारी विकास यादव पर आरोप तय कर दिए हैं। न्याय विभाग ने बताया कि विकास यादव के साथ कथित तौर पर हत्या की साजिश में शामिल एक और व्यक्ति 53 वर्षीय निखिल गुप्ता को पहले ही अमेरिका को प्रत्यर्पित किया जा चुका है. अमेरिका का कहना है कि विकास यादव फरार हैं। यही नही इस मामले में चीन के सरकारी अखबार ने जिस तरह के बयान जारी किए है उससे भी यह आभास होता है कि चीन का रवैया इस मामले में सुस्पष्ट नही है। इसलिए कनाड़ा भारत के बीच इस विवाद से इन दोनों देशों को क्या फायदा होगा यह भी विचारणीय है।

अगर आपको कुछ दिन पहले की बात याद हो, तो अमेरिकी स्टेट डिपार्टमेंट के प्रवक्ता ने भी कहा था कि भारत को कनाडा के साथ सहयोग करना चाहिए। यही बात यूके के फॉरेन मिनिस्ट्री ने भी दोहराई। फाइव आइज के सदस्य अमेरिका और यूके भारत को कह रहे हैं कि आप सहयोग करें। इसका मतलब ये है कि ये मामला सिर्फ कनाडा की घरेलू राजनीति का नहीं है, बल्कि इंटरनेशनल लेवल पर भी गंभीरता से लिया जा रहा है। सिख अलगाववाद का मुद्दा केवल कनाडा तक सीमित नहीं है। याद करे कि 1985 में एयर इंडिया बम धमाके के बाद भी भारत और कनाडा के रिश्तों में खटास आई थी। कना डा ने कई बार ऐसे मामलों में दोषियों को भारत को सौंपने से इंकार किया है। ऐसा ही मामला यूके में भी है, जहां भारत ने एक लिस्ट दी थी, जिसमें कई वांटेड लोग थे, लेकिन यूके ने भी कोई ठोस कदम नहीं उठाया।

# विचार

## इजराईल- इस कद्र बेलगाम ?

**तनवीर जाफरी**

**फिलिस्तीन से** लेकर लेबनान तक इजराईली सैन्य आतंक निरंतर अपना कहर बरपा कर रहा है। अपने हथियारों और ताकत के नशे में चूर अमेरिका संरक्षित इजराईली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू युद्धोन्माद में इतने अंधे हो चुके हैं कि उन्होंने न केवल युद्ध के सभी नियमों,नीतियों व सिद्धांतों को किनारे रख दिया है बल्कि वे दुनिया के उन देशों की भी परवाह नहीं कर रहे जो वर्तमान युद्ध में समय समय पर इस्त्राईल को आइना दिखाने की कोशिश करते हैं। इतना ही नहीं बल्कि नेतन्याहू किसी सलाह देने वाले देश या उसके नेता को भी बड़ी आसानी से अपने दुश्मनों की लाइन में खड़ा कर देते हैं। यहाँ तक कि किसी अंतर्राष्ट्रीय संस्था या संगठन की आलोचना या सलाह की भी परवाह नहीं करते। और नेतन्याहू के इसी जिद्दी स्वभाव ने हालात अब यहाँ तक पहुंचा दिए हैं कि अब इजराईली सेना यानी आईडीएफ भी अब नेतन्याहू की मानवता विरोधी युद्ध नीति से ऊब चुकी है और गजा व लेबनान में और अधिक खून की होली खेलने के बजाये इन दोनों ही जगहों पर अब युद्ध विराम करने के लिये प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू पर दबाव बनाना शुरू कर चुकी है। गौर तलब है कि गजा व लेबनान में भारी नरसंहार का कलंक झेल रही आईडीएफ पहले भी युद्ध से बाहर निकलने व युद्ध विराम करने की पक्षधर रही है परन्तु हर बार प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के युद्धोन्माद व उनकी जिद व प्रतिशोधात्मक रवैय्ये के चलते अब तक युद्ध विराम संभव नहीं हो सका है।

गौर तलब है कि वर्तमान इजराईल-हमास युद्ध गत वर्ष यानी 7 अक्टूबर 2023 को उस समय शुरू हुआ था जब हमास के लड़ाकों ने इजराइली नागरिक समुदायों और कई इजराईली सैन्य ठिकानों पर अचानक एक बड़ा हमला कर दिया। इस हमले के दौरान 1,195 इजरायली सहित अनेक विदेशी नागरिक भी मारे गए थे । इसके अलावा, 251 इजरायली और विदेशियों को गजा में बंदी बना लिया गया। हमास इस हमले से इजराईल पर यह दबाव बनाना चाहता था कि इजरायल की जेलों में बंद फिलिस्तीनी कैदियों व बंदियों को रिहा कराया जा सके। इजराईल पर हमास द्वारा किया गया यह हमला फिलिस्तीन पर इजरायल के निरंतर कब्जे , गजा की नाकेबंदी, इजराईली बस्तियों के अनाधिकृत विस्तार, इजरायल द्वारा लगातार की जा रही अंतरराष्ट्रीय कानून के अवहेलना, साथ ही अल-अक़्सा मस्जिद और फिलिस्तीनियों की सामान्य दुर्दशा के जवाब में भी था। परन्तु इजराईल ने 7 अक्टूबर 2023 के हमास के हमलों के जवाब में 27 अक्टूबर से हमास पर पहले हवाई फिर जमीनी हमले करना शुरू कर दिया। इस इजराईली सैन्य कार्रवाई का मकसद हमास का सफाया करने के साथ साथ इजराईली बंधकों को मुक्त कराना भी था।

परन्तु 13 महीने से इजराईल द्वारा किये जा रहे अब तक के सबसे बड़े नरसंहार के बावजूद इजराईल अभी तक अपने दोनों में से किसी भी लक्ष्य को हासिल नहीं कर सका है। न ही हमास का खात्मा हो सका न ही 251 में से शेष बचे 101 बंधकों को हमास के चंगुल से रिहा करवा सका। जबकि युद्धोन्माद में डूबे प्रधानमंत्री नेतन्याहू के इशारों पर की जा रही विनाशकारी बमबारी में अब तक गजा में 40,000 से अधिक फिलिस्तीनी मारे जा चुके हैं, जिन में अधिकांश महिलाएं व बच्चे हैं। लाखों लोग बेघर हो चुके हैं। इसके अलावा इजरायल की कड़ी नाकाबंदी ने गजा में जारी बुनियादी जरूरी सामग्री की आपूर्ति चेन को भी काट दिया है। हद तो यह है कि इस्त्राएइली सेना ने गजा के बुनियादी ढांचों पर हमले कर वहां की स्वास्थ्य सेवा प्रणाली सहित सभी आवश्यक सेवाओं को भी नष्ट कर दिया है। स्कूल,शरणार्थी शिविर,मीडिया,अस्पताल,बाजार यहाँ तक कि युद्ध प्रभावित लोगों को सहायता पहुँचाने वाले अंतराष्ट्रीय संगठनों के लोगों को भी आई डी एफ द्वारा निशाना बनाया जा रहा है। अर्थात इजराईल द्वारा हमास के खात्मे और उसके कब्जे में मौजूद बंधकों की रिहाई के नाम पर हर वह अत्याचार किया जा रहा है जोकि अंतर्राष्ट्रीय युद्ध मानकों का सरासर उल्लंघन है। और जब कोई इजराईल या अमेरिका का सहयोगी देश नेतन्याहू को आईना दिखने की कोशिश करता है तो नेतन्याहू उसे अपमानित करने या खरी खोटी सुनाने में भी देर नहीं लगाते।

**एक्शन इंडिया दैनिक**

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआईः DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com

**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

# चिंतन

## कहानी- केले का छिलका

**डॉ अशोक कुमार वर्मा**

**यह कहानी** एक ऐसे व्यक्ति की है जिसका नाम कांता प्रसाद है। कांता प्रसाद बहुत ही निर्धन व्यक्ति है और गाँव में रहता है। काम की खोज में वह अपने परिवार को लेकर शहर आ जाता है। बड़ी कठिनाई से उसे एक कारखाने में काम मिल जाता है। दिन रात वह परिश्रम करता है और अपने परिवार का भरण पोषण करता है। उसके चार पुत्रियां और एक पुत्र है जो शहर के एक सरकारी विद्यालय में पढ़ते हैं। शहर की एक बस्ती में एक किराए के घर में रहना आरम्भ करता है। दो दिन बाद ही दिवाली है और आज कांता प्रसाद को वेतन मिला है। चलते चलते कांता प्रसाद भीतर से थोड़ा प्रसन्न है और स्वयं से कह रहा है "आज बच्चों के लिए कुछ मिठाई लेकर चलता हूँ। बहुत दिनों से बच्चों ने कुछ मीठा नहीं खाया है।" वो चलते चलते हिसाब लगा रहा है कि "दूध और राशन के साथ घर का किराया देने के पश्चात मेरे पास थोड़े रुपए बचेंगे। क्यों न बच्चों के लिए इस दीवाली पर कुछ नए कपडे भी खरीद लिए जाएँ"। कांता प्रसाद पैदल चलता हुआ यह सोच ही रहा है कि अकस्मात उसका पाँव फिसल जाता है और वह धड़ाम से सड़क पर गिरकर बेहोश हो जाता है। हुआ यूँ कि सड़क पर एक रेहड़ी पर कुछ बच्चे केले लेकर खा रहे होते हैं और छिलके सड़क पर ही फेंक देते हैं। अक्समात कांता प्रसाद का पाँव एक छिलके पर पड़ता है और वह फिसल जाता है।थोड़ी ही देर में वहां पर लोगों की भीड़ इकट्ठा हो जाती है और भीड़ में एक व्यक्ति 112 पर फोन करके पुलिस को सूचित करता है। कुछ ही क्षणों में पुलिस वहां पहुँच जाती है। पुलिस बिना देरी के कांता प्रसाद को अस्पताल पहुंचाती है। कांता प्रसाद अभी भी बेहोश हैं। उधर घर में कांता प्रसाद की पत्नी और बच्चे उसकी प्रतीक्षा कर रहे हैं। सबसे बड़ी बेटी पायल कहती है, मां, आज बापू को बहुत देर हो गई। अभी तक नहीं आए। माँ कहती है, आते ही होंगे, न जाने आज कहां रह गए। उधर सबसे छोटा 4 वर्षीय लड़का राघव माँ से लिपटकर तुतलाते हुए कहता है, "माँ आद मैं भी बाऊ ते सात बाहर दाऊंगा। बातें करते करते रात हो जाती है।

## बढ़ने का माहौल देता उत्तराखंड का 'लेखक गांव'

**-डॉ सत्यवान सौरभ**

**'लेखक गांव'** लेखकों, कवियों, साहित्यकारों और अन्य रचनाकर्मियों द्वारा महसूस की जा रही व्यावहारिक कठिनाइयों का निवारण करने की ओर एक अभिनव पहल है। उत्तराखंड में यह पहला लेखक गाँव भविष्य का पर्यटक गंतव्य बनकर उभरेगा। यह मंच उन लेखकों के लिए एक सुनहरा अवसर है जो अपने शब्दों के माध्यम से समाज को नयी राह दिखाने का सामर्थ्य रखते हैं। लेखक गाँव के वातावरण में सृजनशीलता का प्रवाह अनेक लेखकों और कवियों को प्रेरित करेगा। देहरादून के निकट सुरम्य हिमालयी क्षेत्र में स्थित थानो गाँव ने देश के अपनी तरह के पहले 'लेखक गांव' का गौरव हासिल किया है। इस गाँव की अवधारणा से लेकर उसका विकास उत्तराखण्ड के पूर्व मुख्यमंत्री रमेश पोखरियाल निशंक ने किया है जो स्वयं एक विशिष्ट साहित्यकार के रूप में भी पहचान रखते हैं। उनका दावा है कि इस गाँव में लेखकों को अपनी कृतियों के सर्जन के लिए जरूरी एक शांत और रचनाशील वातावरण मिलेगा।

देश के पहले लेखक गाँव थानो में स्पर्श हिमालय फाउंडेशन द्वारा हाल ही में आयोजित "स्पर्श हिमालय महोत्सव-2024" भारतीय साहित्य, संस्कृति और कला की समृद्ध धरोहर का प्रतीक बन गया। इस ऐतिहासिक आयोजन में उत्तराखण्ड के पहले "लेखक गाँव" का उद्घाटन हुआ, जहाँ लेखक और विचारक प्रकृति के सान्निध्य में सृजनात्मक चिंतन की स्वतंत्रता प्राप्त कर सकते हैं। हिमालयीय वैषिश्ट्यता लिए 'लेखक गाँव' का उद्देश्य देश-दुनियाँ के उन विलक्षण, विद्वान साहित्यकारों, गीतकारों, कलाकारों को ठौर प्रदान करना है, जिनकी लेखनी नेअपने समय की कालजयी रचनाओं का सर्जन कर आमजन के बीच लोकप्रियता हासिल की। "लेखक गाँव" का यह अनूठा आयोजन न केवल साहित्यकारों को प्रेरणा प्रदान करेगा, बल्कि इस क्षेत्र की सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण कदम है। यहाँ लेखक कुटीर, संजीवनी वाटिका, नक्षत्र और नवग्रह वाटिका, पुस्तकालय और गंगा व हिमालय संग्रहालय जैसी संरचनाओं ने इसे एक सम्पूर्ण साहित्यिक तीर्थ बना दिया है।

## न्यूज फ्लैश

### बदमाशों ने युवक पर किया लाठी-डंडों से हमला

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल। कस्बा घरौंडा में** कुछ लोगों ने एक कार चालक पर जानलेवा हमला कर दिया। हमलावर काले रंग की स्कॉर्पियों में सवार होकर आए थे। हमलावरों ने पहले कार पर जमकर लाठी डंडे बरसाए और फिर कार चालक को पीट पीटकर अधमरा कर दिया। हमले के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। गंभीर रूप से घायल कार चालक को घरौंडा के सरकारी अस्पताल में भर्ती करवाया गया। गांव बसी अकबरपुर निवासी संजीव कुमार ने घरौंडा थाना में शिकायत दर्ज कराई कि शनिवार को उसका छोटा भाई जसमेर सिंह पानीपत जा रहा था। जब वह जीटी रोड पर हनी गार्डन के पास पहुंचा तो वहां 7-8 लोगों के एक ग्रुप ने उस पर लाठी-डंडों से अचानक हमला कर दिया। इन हमलावरों में दीपक, अरविंद्र, विशु, विशु का भाई और तीन-चार अन्य लोग शामिल थे। हमलावर काले रंग की चंडीगढ़ नंबर की स्कार्पियो गाड़ी में आए थे। संजीव ने बताया कि उसके भाई जसमेर को हमलावरों ने बुरी तरह पीटा और उसे अधमरी हालत में छोड़ दिया। मारपीट के दौरान हमलावरों ने जसमेर की गाड़ी के शीशे भी चकनाचूर कर दिए और उसके पास रखे कुछ रुपए भी गायब पाए गए हैं। घटना के बाद जसमेर की हालत गंभीर बनी हुई है, जिसका अस्पताल में ईलाज चल रहा है। घरौंडा थाना के जांच अधिकारी रमेश चंद ने बताया कि संजीव ने अपने भाई के साथ हुई मारपीट की शिकायत दी है। शिकायत के आधार पर हमलावरों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### 14 दिसंबर तक नि:शुल्क अपडेट करवा सकते हैं आधार कार्ड: उत्तम सिंह

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल। उपायुक्त उत्तम सिंह** ने बताया कि सरकारी योजनाओं का लाभ लेने में आधार कार्ड सबसे अहम दस्तावेज है और 10 साल पुराने आधार कार्ड को अपडेट करवाना आवश्यक है। उन्होंने बताया कि यूआईडीएआई द्वारा आधार कार्ड को अपडेट करवाने की अंतिम तिथि 14 दिसंबर की गई है। नागरिक स्वयं भी द्धह्लह्लश्च://ह्वद्बस्रड्डद्ब.द्दश1.द्बठ्ठ/ वेबसाइट पर जाकर अपना आधार कार्ड अपडेट कर सकते हैं। इसके अलावा किसी भी सीएससी व आधार सेंटर पर जाकर अपना आधार कार्ड अपडेट करवाया जा सकता है। उपायुक्त ने बताया कि आधार कार्ड मुफ्त में अपडेट करने की आखिरी तारीख 14 दिसंबर तक बढ़ा दी गई है। आधार की जानकारी मुफ्त में अपडेट करने की सुविधा सिर्फ यूआईडीआई के ऑनलाइन पोर्टल पर ही उपलब्ध है। अपनी पहचान और पते के दस्तावेज द्व4ड्डह्यस्रद्धड्डड्डह्म्.ह्वद्बस्रड्डद्ब.द्दश1.द्बठ्ठ पर अपने आधार नंबर से लॉग इन करके अपडेट कर सकते हैं। ऑनलाइन अपडेट की सुविधा सिर्फ उन्हीं लोगों के लिए है, जिनका मोबाइल नंबर उनके आधार से लिंक है। उपायुक्त ने आमजन से आह्वान करते हुए कहा कि जिन व्यक्तियों ने पिछले 10 सालों में आधार कार्ड को अपडेट नहीं करवाया है, वे अपने आधार कार्ड में समय रहते अपडेशन जरूर करवा लें, ताकि उन्हें भविष्य में सरकारी योजना का लाभ लेने व अन्य किसी प्रयोजन में परेशानी व समस्या का सामना न करना पड़े। आधार कार्ड को अपडेट के लिए जो दस्तावेज इस्तेमाल करते हैं उस पर आपका नाम, जन्मतिथि सही होनी चाहिए। आधार कार्ड अपडेट कराने के लिए रिहायशी प्रमाण पत्र या अन्य निर्धारित पहचान पत्र ऑनलाइन अपलोड करना होगा। आधार कार्ड धारक द्वारा ऑनलाइन अपडेट करने पर किसी प्रकार के शुल्क की अदायगी नहीं करनी होगी। उन्होंने बताया कि आधार कार्ड धारक माई आधार पोर्टल से आधार ऑनलाइन सेवाओं का लाभ उठा सकते हैंए वहीं माय आधार एप में जहां पहचान पत्र के प्रमाण के रूप में स्वीकार्य दस्तावेजों की सूची भी है और पते का प्रमाण भी उपलब्ध है। उन्होंने जिला वासियों से इस निरूशुल्क सेवा का लाभ उठाते हुए आधार कार्ड अपडेट कराने का आह्वान किया हैए साथ ही ऑनलाइन सेवाओं का लाभ उठाने के लिए अपने मोबाइल नंबर को आधार में अपडेट रखने की सलाह भी दी है।

### यमुना एक्सप्रेस वे पर पकड़ी गांजे की बडी खेप

लोकेश चौधरी

मथुरा। गांजे की बडी खेप मथुरा में पकड़ी गई है। कैंटर गाडी से गांजा बरामद किया गया। पकडे गये गांजे की अनुमानित कीमत करीब 18 लाख रुपए आंकी जा रही है। यमुना एक्सप्रेस वे पर पुलिस टीम चैकिंग कर रही थी। माइलस्टोन संख्या 96 आगरा से नोइड़ा की तरफ पर एक गाडी कैन्टर संख्या यूपी 15 एफटी 6064 को रोका गया। चैकिंग के दौरान कैंटर गाडी से 180.950 किलोग्राम अवैध गांजा बरामद किया गया।

# सबसे बड़े गोवर्धन के रूप में सांसद अतुल ने की श्री अग्रसेन धाम कुंडली में पूजा

टीम एक्शन इंडिया

**कुंडली: गाजियाबाद से** सांसद और दिल्ली चुनाव सह प्रभारी अतुल गर्ग ने कुंडली स्थित श्री अग्रसेन धाम में गोवर्धन महाराज की पूजा अर्चना करके उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। गिरिराज जी की आरती के बाद श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए श्री गर्ग ने गोवर्धन पूजा का महत्व बताया और कहा कि भगवान श्री कृष्ण ने गोवर्धन के माध्यम से न केवल प्रकृति की रक्षा का संदेश दिया, बल्कि इंद्र के घमंड को भी चकनाचूर किया। सांसद गर्ग ने बताया कि गोवर्धन का अभिप्राय गो संवर्धन और गो धन से है। पूर्व कैबिनेट मंत्री कविता जैन ने कहा कि इतने विशाल पर्वत गोवर्धन महाराज की महानता पूजनीय है जो लोगों की रक्षा के लिए भगवान श्रीकृष्ण की सबसे छोटी उंगली पर



7 दिनों के लिए धारण हो गए। श्रीमती जैन ने कहा कि विशाल एवं शक्तिशाली वही होता है जो जनमानस की रक्षा के लिए सरलता के साथ अपने आप को समर्पण करते हैं। भगवान गोवर्धन की पूजा से हमें लोगों की सेवा करने की प्रेरणा मिलती है उन्होंने कहा कि श्री अग्रसेन धाम वह पवित्र स्थली है जहां पर हर पर्व को बड़ी श्रद्धा के साथ मनाया जाता है व महाराजा अग्रसेन जी के आदर्श सिद्धांतों के निमित्त धर्म एवं मानवता की रक्षा के लिए जन जागरण का यह मुख्य केंद्र है इसके साथ-साथ यह माता महालक्ष्मी महाराजा अग्रसेन जी की एक ऐसी धरोहर होगी जो पूरे विश्व में प्रसिद्ध होगी। गोवर्धन पूजा के लिए श्री अग्रसेन धाम में पांचवीं बार विराट गोवर्धन पूजा की व्यापक तैयारियां की गई थी। संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल ने कहा कि 5100 किलो गाय के शुद्ध गोबर से 36 फुट बड़े पर्वताकार भव्य गोवर्धन जी का स्वरूप बनाया गया जो पूरे उत्तर भारत में सबसे बड़ा है। गिरिराज जी महाराज की यह पूजा पूरे एक सप्ताह तक चलेगी और प्रतिदिन आठ भोग प्रसाद लगेंगे जिसमें दूर दूर से आकर श्रद्धालु हिसा लेंगे। श्री अग्रवाल ने कहा कि गोवर्धन जी की यह प्रतिमा पूरे उत्तर भारत की सबसे विशाल होंने के साथ-साथ बहुत ही अलौकिक भी है जिसे संस्था के पदाधिकारी ने स्वयं 108 घंटों में बनाया है और गोवर्धन जी को भगवान श्री नाथ जी का स्वरूप दिया है। उन्होंने कहा कि 10 नवंबर का दिन सभी धर्म प्रेमी एवं अग्रवंशियों के लिए एक ऐतिहासिक होने वाला है क्योंकि इस दिन सभी के प्रयास से माता महालक्ष्मी महाराजा अग्रसेन जी के मंदिर का भव्य शिलान्यास समारोह है।

## पराली के गांठों में लगाई आग, गार्ड को पीटा और धमकाया



टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल। जिले के राहड़ा गांव** में बदमाशों ने जींद बायोएनर्जी एलएलपी के सुरक्षा गार्ड के साथ मारपीट की और पराली के गांठों में आग लगा दी। बदमाश पराली का स्टॉक नहीं होने देना चाहते। बदमाशों ने धमकी दी है कि अगर दोबारा पराली का स्टॉक किया तो वे फिर से आग लगा देंगे। घायल गार्ड का मेडिकल कराने के बाद पुलिस को शिकायत दी गई है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जींद बायोएनर्जी एलएलपी के मैनेजर नरेंद्र बालदा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया है कि कंपनी ने गांव राहड़ा स्थित मंडी सेंटर में 8 हजार से अधिक पराली के बंडल रखे हुए थे। इन बंडलों की सुरक्षा के लिए सुखदेव सिंह को गार्ड नियुक्त किया गया था, लेकिन 1 नवंबर को कुछ बदमाश स्टॉक एरिया में घुस आए। जब गार्ड ने बदमाशों का विरोध किया तो बदमाशों ने गार्ड के साथ मारपीट की और धमकी दी कि वे भविष्य में यहां भूसे के बंडल नहीं रखने देंगे। इतना ही नहीं एक बदमाश ने भूसे के बंडलों में आग भी लगा दी।

## युवक ने फांसी लगाकर की जीवनलीला समाप्त

टीम एक्शन इंडिया
दिनेश नौताना

**महेंद्रगढ़। गांव डेरोली** जाट में अज्ञात कारणों के चलते युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव का पोस्टमॉर्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया। पुलिस को दी शिकायत में गांव डेरोली जाट निवासी रणबीर सिंह ने पुलिस को बताया कि 2 नवंबर की रात उसके भतीजे 22 वर्षीय अनुज ने फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। जो काफी दिनों से मानसिक रूप से परेशान चल रहा था। उसके बड़े भाई राजेंद्र की 2021 में मृत्यु हो चुकी है। रणबीर ने कहा कि अनुज मानसिक रूप से परेशान होने के कारण फांसी लगा ली है।

## नशा तस्कर 1 किलो 500 ग्राम गांजा सहित गिरफ्तार

**पानीपत ( कमाल हुसैन ) एंटी** नारकोटिक्स सेल पुलिस टीम ने तहसील कैंप के मोहित नगर में घर से एक नशा तस्कर को 1 किलो 500 ग्राम गांजा सहित गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान सोहिल निवासी मोहित नगर तहसील कैंप के रूप में हुई। एंटी नारकोटिक्स सेल इंचार्ज एएसआई राजेंद्र ने बताया कि शनिवार को उन्हे गुप्त सूचना मिली कि सोहिल निवासी मोहित नगर तहसील कैंप अपने घर पर गांजा बेच रहा है। सूचना को पुख्ता मानते हुए उन्होंने एएसआई अशोक के नेतृत्व में एक टीम गठीत कर जिसमें मुख्य सिपाही चांद व गाड़ी चालक ईएचसी अमित को शामिल कर मौके पर



भेजा। टीम ने मौके पर दबिश देकर घर पर कमरे में बैड पर बैठे युवक को काबू कर पूछताछ की तो उसने अपनी पहचान सोहिल पुत्र आफताब निवासी मोहित नगर तहसील कैंप के रूप में बताई। पुलिस टीम ने नियमानुसार ड्यूटी मजिस्ट्रेट ईटीओ अनुभव पूनिया की मौजूदगी में सोहिल के घर की तलाशी ली तो बैड के नीचे पोलोथीन से गांजा बरामद हुआ। बरामद गांजा का वजन करने पर 1 किलो 500 ग्राम पाया गया। इंचार्ज एएसआई राजेंद्र ने बताया कि पूछताछ में आरोपी ने पुलिस को बताया वह नशा करने का आदी है। नशे की लत पूरी करने वह शॉर्टकट तरीके से पैसे कमाने की चाहत में आरोपी ने उक्त गांजा दिल्ली में एक युवक से कम कीमत पर खरीद कर लाने बारे स्वीकारा। आरोपी सोहिल के खिलाफ थाना तहसील कैंप में एनडीपीएस एक्ट के तहत अभियोग दर्ज कर पुलिस ने रविवार को आरोपी को माननीय न्यायालय में पेश कर एक दिन के पुलिस रिमांड पर हासिल किया। रिमांड के दौरान पुलिस आरोपी से गहनता से पूछताछ करने के साथ ही नशा सप्लायर के ठिकानों का पता लगा सप्लायर को पकड़ने का प्रयास करेंगी।

## चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार



**पानीपत, ( कमाल हुसैन ) सीआईए टू पुलिस टीम** ने कृष्णा गार्डन कॉलोनी में किराना दुकान में चोरी करने वाले आरोपी को शनिवार देर शाम मिली गुप्त सूचना पर दबिश देकर कृष्णा गार्डन कॉलोनी के नजदीक से गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान रिजवान निवासी लखीमपुर खीरी यूपी हाल किरायेदार कृष्णा गार्डन कॉलोनी के रूप में हुई। पूछताछ में आरोपी ने दुकान में चोरी करने की उक्त वारदात को अंजाम देने बारे स्वीकारा। सीआईए टू प्रभारी इंस्पेक्टर फुल कुमार ने बताया कि पूछताछ में आरोपी ने पुलिस को बताया वह नशा करने का आदी है। नशे की लत पूरी करने के लिए पैसों की जरूरत पड़ी तो आरोपी ने किराना दुकान में चोरी की उक्त वारदात को अंजाम दिया। आरोपी ने दुकान से चोरी की नगदी में से एक हजार रूपए खर्च कर दिए। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से बचे 14 हजार रूपए बरामद कर रविवार को पूछताछ के बाद आरोपी को माननीय न्यायालय में पेश किया जहा से उसे न्यायिक हिरासत जेल भेज दिया।

## लोगों की समस्याओं का समाधान करवाना है मुख्य उद्देश्य: जगमोहन

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल। करनाल के विधायक** जगमोहन आनंद ने भाजपा कार्यालय कर्ण कमल में आमजन की समस्याएं सुनी। उन्होंने लोगों की समस्याओं को सुना और मौके पर अधिकारियों के सहयोग से ज्यादातर का समाधान किया। विधायक जगमोहन आनंद ने कहा कि वह राजनीति में सेवा करने के उद्देश्य से आए हैं। यह सेवाभाव निरंतर जारी रहेगा। उनका मुख्य उद्देश्य लोगों की समस्याओं का समाधान करवाकर



उन्हें सहूलियत देना है। उनके पास जो भी समस्याएं पहुंची है, उनका निदान कराया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए वे लोगों की समस्याओं का मौके पर निदान करने का प्रयास करें, ताकि लोगों को राहत मिल सके।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विश्व में देश की विशेष पहचान बनी है। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और केंद्रीय मंत्री व करनाल के सांसद मनोहर लाल का ध्येय जनकल्याण है। इसी नियति और कार्यशैली से हर दिन जनहित के फैसले ले रहे हैं। पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति तक सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना उनका पहला लक्ष्य है।

**कैथल रोड पुल का लिया जायजा**

विधायक जगमोहन आनंद कैथल रोड पुल पर मरम्मत के कार्य को देखने के लिए पहुंचे। उन्होंने रूट डायवर्ट करवाने व जाम की स्थिति से आम लोगों को बचाने के लिए पुलिस कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त उन्होंने एनएचआई के अधिकारियों से भी पुल के संबंध में बात की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जल्द ही इसे दुरुस्त कर दिया जाएगा।

## पश्चिमी यमुना नहर में मिला महिला का शव

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल। काछवा रोड** पर पश्चिमी यमुना नहर में आज दोपहर एक महिला का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। महिला की उम्र करीब 30 से 32 साल बताई जा रही है। लोगों ने शव को पानी में तैरता हुआ देखा और तुरंत पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद सिविल लाइन थाना पुलिस मौके पर पहुंची और गोताखोरों की मदद से शव को बाहर निकाला। फिलहाल शव को पहचान के लिए पोस्टमॉर्टम हाउस में रखवा दिया गया है। पुलिस जांच कर रही है कि महिला की हत्या की गई है या फिर यह आत्महत्या है। सिविल लाइन थाना के जांच



अधिकारी पवन कुमार ने बताया कि शव की हालत से लगता है कि यह करीब एक सप्ताह पुराना है। महिला का चेहरा बुरी तरह से गल चुका है, जिससे उसकी पहचान में दिक्कत आ रही है। महिला ने लाल सूट पहन रखा है। एक हाथ पर सितारों का टैटू और आर.के. लिखा है, जबकि दूसरे हाथ पर लव-आर और चांदी की तीन चूडि?ां पहनी हुई हैं। गोताखोर कर्ण के मुताबिक शव नहर में बहते हुए अंबाला या कुरूक्षेत्र की तरफ से आया है और करनाल तक पहुंचा। शव को पुलिस ने अपने कब्जे में लेकर

**पहचान में दिक्कत**

**महिला की उम्र करीब 30 से 32 साल बताई जा रही है। लोगों ने शव को पानी में तैरता हुआ देखा**

मॉच्युरी हाउस में 72 घंटों के लिए रखा है। जांच अधिकारी पवन कुमार ने बताया कि अभी महिला की पहचान नहीं हो पाई है। शिनाख्त के लिए शव को कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज के पोस्टमॉर्टम हाउस में रखवा दिया है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में ही मौत के सही कारणों का पता लग पाएगा।

## कैथल रोड रेलवे फ्लाईओवर में दरार

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल। कैथल रोड** रेलवे फ्लाईओवर पर बड़ा खतरा मंडरा रहा है। आज सुबह फ्लाईओवर के नीचे लगा सपोर्ट जैक अचानक गिर गया, जिससे फ्लाईओवर 3 से 5 इंच नीचे धंस गया। फ्लाईओवर में आई दरारों ने लोगों को चिंता में डाल दिया है। इलाके के लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और सुरक्षा का जायजा लिया। फिलहाल फ्लाईओवर से लगातार वाहन गुजर रहे हैं, जिससे बड़ा हादसा होने की आशंका है। प्रत्यक्षदर्शी सुनील, हरभजन और रोहित ने बताया कि सुबह-सुबह जैक गिरने की आवाज सुनाई दी,



जिसके बाद जब भी वाहन फ्लाईओवर से गुजरते हैं तो पुल हिलने लगता है। डर के कारण लोगों ने फ्लाईओवर के नीचे रखा अपना सामान हटाना शुरू कर दिया है और आसपास के लोगों को भी सतर्क रहने की हिदायत दी है। फ्लाईओवर के आसपास रहने वाले लोगों में डर का माहौल है और वे किसी भी तरह की अनहोनी से बचने के लिए एहतियाती कदम उठा रहे हैं। फ्लाईओवर का जैक गिरने की सूचना मिलने पर रामनगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। सुरक्षा कारणों से पुलिस ने फ्लाईओवर के दोनों तरफ से भारी वाहनों की आवाजाही पर रोक लगा दी है और बाहरी वाहनों को कछवा फ्लाईओवर और गोगड़ीपुर फ्लाईओवर की तरफ डायवर्ट किया जा रहा है, ताकि किसी दुर्घटना की संभावना को रोका जा सके। रामनगर थाने के एसएचओ प्रवीण कुमार ने बताया कि प्रशासनिक अधिकारियों को सूचना दे दी गई है। संबंधित विभाग से उम्मीद है कि जल्द से जल्द फ्लाईओवर की मरम्मत करवा दी जाएगी। वहीं प्रशासनिक अधिकारियों ने सुरक्षा सुनिश्चित करने और स्थिति का जल्द समाधान करने के लिए कदम उठाने का आश्वासन दिया है।

## कल्पना चावला मैडिकल कालेज में नवजात शिशु बदला

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल। कल्पना चावला** मेडिकल कॉलेज में शुक्रवार को घरौंडा के एक परिवार ने स्टाफ पर बच्चा बदलने का आरोप लगाते हुए हंगामा किया था। इसके बाद शनिवार देर शाम को के लोग सिविल लाइन थाने में एकत्रित हुए और मेडिकल कॉलेज स्टाफ के खिलाफ कार्रवाई और अपने बच्चे को वापस दिलाने की मांग की। परिवार ने कहा कि अगर उनका बच्चा वापस नहीं किया गया तो वे मेडिकल कॉलेज और प्रशासन के खिलाफ सख्त कदम उठाने को मजबूर होंगे। घरौंडा की विग कॉलोनी निवासी कुलदीप ने बताया कि वीरवार को उसकी पत्नी ममता जो 8 माह की गर्भवती थी, उसकी डिलीवरी घर पर



हो गई थी, जिसको लडका हुआ था। जच्चा और बच्चा की तबियत खराब न हो, इसके लिए दोनों को घरौंडा के सरकारी अस्पताल में भर्ती करवाया गया था, लेकिन वहां पर मशीनों की सुविधा नहीं थी। इसलिए वहां के डॉक्टरों ने मेडिकल कॉलेज में मां बेटे को रेफर कर दिया था। इतना हीं नहीं घरौंडा के डॉक्टरों द्वारा जो फाइल बनाई गई थी, उसमें जेंडर के कॉलम में मेल भी लिखा हुआ था। उसके बाद जब मेडिकल कॉलेज में एडिमट करवाया गया, उस फाइल में भी स्टॉफ द्वारा लडका लिखा गया था। कुलदीप ने बताया कि शुक्रवार को जब बच्चे ने शौच किया था और उसका डायपर बदलना था, उस समय उसकी मां वहां मौजूद थी। जब मेरी मां बच्चे का डायपर बदलने गई तो उसे जिस लडके का डायपर बदला जा रहा था, उसकी जगह लडकी मिली। जब मेरी मां ने वहां मौजूद स्टाफ से कहा कि हमारे यहां लडका हुआ था, लेकिन यह लडकी है तो स्टाफ ने कहा कि यह तुम्हारा बच्चा है।

जब उसने इसका विरोध करना शुरू किया तो हम सभी को बाहर निकाल दिया गया। इतना ही नहीं वहां मौजूद स्टाफ ने उसे बच्चे को चंडीगढ़ रेफर करने को कहा, जबकि हमारे यहां लडका हुआ था, लडकी नहीं। कुलदीप का आरोप है कि हम जब अस्पताल के स्टाफ से डिलीवरी की फाइल मांगी तो इन लोगों ने घरौंडा वाली फाइल दे दी। अब जबरदस्ती फाइल रख ली है। इतनी बड़ी लापरवाही बरती जा रही है। अब बच्चे को चंडीगढ़ रेफर करने की बात की जा रही है, लेकिन हम लडकी को लेकर नहीं जाएंगे, हमारा लडका है और हमें लडका ही चाहिए। जिसके बाद से ही पूरे अस्पताल में हंगामा किया गया। लेकिन सिक्योरिटी गार्ड ने उन्हें बाहर निकाल दिया गया। कुलदीप ने बताया कि शनिवार देर शाम तक भी स्टॉफ द्वारा उनके लडके को नहीं दिया गया। इसके बाद समाज के लोगों को एकत्रित किया और उनके बच्चें का दिलाने व कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज के स्टॉफ के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर सिविल लाइन थाना में शिकायत दी गई है। अगर उन्हें न्याय नहीं मिला तो वह बड़ा कदम उठाने को मजबूर होंगे।

## धूमधाम से मनाया गया भाई-बहन के अटूट प्यार का प्रतीक भैया दूज पर्व

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल। रविवार को भाई-बहन** के अटूट प्यार का प्रतीक भैया दूज का पर्व बड़ी धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बहनों ने अपने-अपने भाइयों को तिलक लगाकर उनकी लंबी उम्र की कामना की। भाइयों ने भी अपनी बहनों को ढेर सारा आशीर्वाद के साथ उपहार भेंटकर उनकी रक्षा का संकल्प लिया। बहनों ने भाई दूज पर भाई को टीका लगाने की सुबह से ही तैयारी कर रखी थी। मुहूर्त के अनुसार बहनों ने



अपनी थालियों में रोली, फल और मिठाई सजाकर पूजा-पाठ किया। सुबह से ही माताएं और बहनें इस पर्व की तैयारी में जुटी थीं। पूजा करने के बाद महिलाओं ने अपने भाइयों को तिलक कर उन्हें मिठाई खिलाई और उनकी लंबी उम्र की कामना की। इस दिन विशेष पूजा-अर्चना की गई। इसमें सभी की खुशहाली के लिए प्रार्थना की गई। भैया दूज के अवसर पर छोटे बच्चों में जबरदस्त उत्साह देखा गया। नन्ही बहन अवि ने भाई रुद्र को तिलक लगाया। भाई-बहन के बीच प्रेम और स्नेह का यह त्योहार आपसी एकजुटता और पारिवारिक संबंधों को मजबूत करने में मदद करता है।

## न्यूज फ्लैश

### नाबालिग लड़की को घर से भगाकर ले जाने का आरोपित गिरफ्तार, अदलत में पेश

**सोनीपत: कुंडली** थाना सोनीपत पुलिस ने नाबालिग लड़की को भगाकर ले जाने की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित राजेश निवासी बिजावर छतरपुर मध्य प्रदेश का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। एक व्यक्ति ने गत 26 अक्टूबर को पुलिस से शिकायत देकर बताया था कि उसकी बेटी को राजेश नाम का युवक बहला फुसलाकर ले गया है। अपने स्तर पर उनकी तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया था। जांच अधिकारी उप निरीक्षक अशोक कुमार की टीम ने नाबालिग को बरामद कर उसका मेडिकल करवाकर कोर्ट में बयान दर्ज करवाएं। वहीं वारदात के आरोपित को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

### दीवाली पर्व पर कार्यालय में दीये जलाने आए युवक की बाइक छीनी

**सोनीपत:** दिवाली की देर शाम कार्यालय में दीये जलाने आए सहायक से तीन नकाबपोश बदमाश बाइक छीन ले गए। पीड़ित लघुशंका के लिए रुके तो बदमाशों ने वारदात को अंजाम दिया। मूलरूप से बिहार जिला मुजफ्फरपुर के गांव महदेइया हॉल में दिल्ली के गांव सिंघु निवासी पंकज कुमार ने कुंडली थाना पुलिस को बताया कि वह कुंडली में सतीश यादव के कार्यालय में काम करते हैं। वह दिवाली की देर शाम कार्यालय में दीये जलाकर वापस सिंघु जा रहे थे। वह अपनी बाइक पर औद्योगिक क्षेत्र के पास पहुंचे तो लघुशंका के लिए अपनी बाइक रोक दी। पंकज ने बताया कि इसी बीच तीन युवक वहां आए। उन्होंने अपने मुंह पर कपड़ा बांध रखा था। वह जबरन उनसे बाइक छीनकर भाग गए। उन्होंने पुलिस को अवगत कराया। पुलिस ने लूट का मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### फैक्टरी कर्मी व उसके तीन साथियों को झांसे में लेकर राशि ऐंठी

**सोनीपत:** कुंडली औद्योगिक क्षेत्र में दो युवक फैक्टरी कर्मी को झांसे में लेकर उनका व उनके तीन साथियों का बोनस ऐंठ ले गए। श्रमिक लिफाफे में 50 हजार रुपये कर्मी से आए थे। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। मूलरूप से झारखंड के पलामू निवासी रौनक कुमार ने पुलिस को बताया कि वह कुंडली की फैक्टरी में काम करते हैं। दिवाली पर कंपनी की तरफ से बोनस दिया गया था। वह अपने साथ ही साथी कर्मी जितेंद्र कुमार, ललित रावत, ललित मोहन का बोनस लेकर आ गए। चारों के बोनस के करीब 50 हजार रुपये के चार लिफाफे थे। जब वह प्रेम कॉलोनी के पुल पर पहुंचे तो दो युवक गाड़ी से उतरकर उसके पास आए। दोनों ने उन्हें बातों में उलझा लिया और इसके बाद बोनस के रुपये के चारों लिफाफे लेकर अपनी गाड़ी में बैठ कर भाग गए। वह गाड़ी का आधा नंबर ही नोट कर पाए। युवकों ने उन्हें अखबार का एक चार इंच लंबा बंडल पकड़ाया था। इस पर काली टेप लगी थी। वह नोटों की गड्डी की तरह लगता है। युवकों ने उनको धोखा देकर 50 हजार रुपये ऐंठ लिये। कुंडली थाना पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस ठगों का पता लगाने का प्रयास कर रही है।

### धीमान समाज ने मनाया विश्वकर्मा दिवस

**सोनीपत:** धीमान समाज द्वारा विश्वकर्मा मन्दिर बड़ी गांव मे विश्वकर्मा दिवस पंकज धीमान की अध्यक्षता मे मनाया गया। जिसमे मंच संचालन रेनू धीमान, महिला मोर्चा अध्यक्ष पानीपत ने किया। मुख्य अतिथि विधायक देवेंद्र कादयान रहे। जिनका स्वागत संदीप धीमान, प्रदेश अध्यक्ष, भारतीय डाक कर्मचारी महासंघ व कोषाध्यक्ष, भारतीय मजदूर संघ, सोनीपत ने किया. विधायक ने धीमान समाज को विश्वकर्मा दिवस की शुभकामनाएँ दी। समाज को प्रदेश स्तर पर आगे बढाने का वादा किया।

# विधायक कृष्णा गहलावत ने दादा शोभनाथ मंदिर में माथा टेका

## गहलावत खाप ने किया अभिनंदन, कृष्णाक गहलावत ने जताया आभार

**आभार जताया**

**⏩ हर परिस्थिति में खरखौदा के लोगों का आशीर्वाद उन्हें मिलता रहा है: कृष्णा गहलावत**



**टीम एक्शन इंडिया**
**खरखौदा (सोनीपत)**

राई की विधायक बनने की खुशी में गहलावत खाप ने रविवार को दादा शोभनाथ मंदिर में कृष्णा गहलावत के साथ खरखौदा के विधायक पवन खरखौदा का अभिनंदन किया, जिसके लिए पूर्व मंत्री एवं विधायक कृष्णान गहलावत ने आभार व्यक्त किया। विधायक कृष्णाय गहलावत ने कहा कि वे दिन-रात लोगों की सेवा को उपस्थित रहेंगी। अठगामा की ओर से आयोजित अभिनंदन समारोह में विधायक कृष्णाा गहलावत का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। गहलावत खाप ने उनके विधायक बनने पर हर्ष व्यक्त करते हुए राई की जनता का धन्यवाद किया, जिन्होंने उनको भरपूर आशीर्वाद दिया। लोगों से मिले प्रेम व आशीर्वाद से हर्षित विधायक कृष्णा गहलावत ने कहा कि खरखौदावासियों ने सदैव उनका साथ दिया है। हर परिस्थिति में खरखौदा के लोगों का आशीर्वाद उन्हें मिलता रहा है। इसी प्रकार राई की जनता ने भी उन्हें खूब स्नेह दिया है। विधायक कृष्णान गहलावत ने कहा कि खरखौदा की जनता के लिए भी हर वक्त उपलब्धद रहेंगी। उन्होंने कहा कि खरखौदा के विधायक पवन खरखौदा भी लोगों की सेवा को तत्पर रहेंगे, जिनका फरमाणा से पुराना नाता रहा है। दो विधायक मिलकर खरखौदा के विकास को गति देंगे। खरखौदा में विकास के नये आयाम स्था्पित किये जायेंगे, जिसमें उनकी ओर से हर संभव सहयोग प्रदान किया जाएगा। लोगों के कामों को रूकने नहीं दिया जाएगा।

इस दौरान खरखौदा के विधायक पवन खरखौदा ने भी विश्वास दिलाया कि वे हर समय जनसेवा को उपलब्ध रहेंगे। उन्होंने कहा कि इस बार उनके व बड़ी बहन कृष्णाख गहलावत के रूप में खरखौदा को दो विधायक मिले हैं।

खरखौदा को विकासपथ पर तेजी से आगे बढ़ायेंगे, जिसमें कृष्णा गहलावत का भरपूर सहयोग रहेगा। इस अवसर पर अखिल भारतीय गहलावत खाप के प्रधान दयानंद गहलावत, अठगामा प्रधान सतबीर गहलावत, फरमाणा सरपंच जगदीश, रिढाऊ के सरपंच कृष्ण , निजामपुर सरपंच सीमा व आशीष पहलवान, सलीमसर माजरा सरपंच बिट्टू, गुहणा सरपंच मंजू व राकेश, महीपुर के सरपंच राजेश, फरमाणा-दो के सरपंच सतीश, मौजमनगर के सरपंच मंजीत, पूर्व सरपंच रोहताश, राजेश, बिरेंद्र, देवेंद्र, बस्तीराम, महंत जगदीश दास तथा समस्त गहलावत खाप के गणमान्य सदस्य मौजूद रहे।

# किलोहड़द गांव में 15 एकड़ में लगा 'ऑक्सीजन बाग'

**पौधारोपण**

**⏩ ट्रीमैन देवेंद्र सूरा के नेतृत्व में पर्यावरण मित्रों व ग्रामीणों के सहयोग से रोपे गए 1500 विभिन्न किस्मों के पौधे**

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत: देश** और प्रदेश को प्रदूषण मुक्त बनाने के संकल्प के साथ पर्यावरण संरक्षण में जुटे ट्री मैन देवेंद्र सूरा ने ग्रामीणों के सहयोग से गांव किलोहड़द में प्रदेश का 26वां व जिले का 20वां ऑॅक्सीजन बाग लगाकर दीपोत्सव मनाया। गांव में 15 एकड़ में लगाए गए ऑक्सीजन बाग में पर्यावरण मित्रों व ग्रामीणों के साथ मिलकर विभिन्न किस्मों के करीब 1500 पौधे लगाए। पौधरोपण का शुभारंभ संत गोपाल दास, करणनाथ, प्रेमनाथ, आचार्य नितिन, ग्राम सरपंच राजो देवी व सरपंच प्रतिनिधि सतीश राठी ने हवन के साथ किया।

सरपंच प्रतिनिधि सतीश राठी ने बताया कि 15 एकड़ में लगाया गया ऑक्सीजन बाग टीम वर्क का एक अनूठा उदाहरण है। एक तरफ जहां पर्यावरण प्रदूषण बढ़ता जा रहा है, वहीं गांव की 15 एकड़ भूमि पर लगाया गया ऑक्सीजन बाग पर्यावरण की रक्षा व वातावरण को शुद्ध रखने में अहम भूमिका निभाएगा। ट्रीमैन देवेंद्र सूरा ने बताया कि गांव किलोहड़द में ऑॅक्सीजन बाग लगाने के लिए काफी समय से प्रयासरत थे। ग्राम पंचायत ने इस पहल का स्वागत करते हुए न सिर्फ भूमि उपलब्ध करवाई, बल्कि बढ़ चढ़कर पौधरोपण किया और पौधों की सुरक्षा का भी जिम्मा उठाया। ऑक्सीजन बाग में बरगद, पीपल, नीम, पिलखन, गुल्लर, बेलपत्र, कटहल व जामुन के पौधे रोपे गए। संत गोपालदास ने कहा कि देश व प्रदेश में वन क्षेत्र खत्म होते जा रहे हैं, जिससे जीव-जंतुओं की अनेकों प्रजातियां भी लुप्त प्राय हो गई हैं। ऐसे में देवेंद्र सूरा का प्रयास सराहनीय है। इससे सभी को सीख लेते हुए अधिक से अधिक पौधरोपण कर धरा को हरा-भरा बनाने के लिए प्रयास करने चाहिए। ऑक्सीजन बाग लगाने में बड़ी संख्या में युवाओं, महिलाओं, बुजुर्गों व बच्चों ने भागीदारी की। ऑक्सीजन बाग में लगाए गए पौधों की देखभाल के लिए टीम का गठन किया गया है, जिसमें वृक्ष मित्र सुरेंद्र राठी, विनय, कर्मबीर, सज्जन, राहुल, सतीश, महेश, कुलदीप, जयकिशन, तेज सिंह, सूरज, विशाल, योगेश, प्रदीप, बनी सिंह व राकेश को शामिल किया गया है।

# ट्रेन में यात्रा के दौरान यात्री का बैग चोरी, मुकदमा दर्ज

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत :** दिल्ली के बादली से पानीपत के बीच सवारी गाड़ी में यात्रा कर रहे यात्री का नकदी, लैपटॉप व अन्य सामान से भरा बैग चोरी कर ले लिया गया। पीड़ित ने मामले की शिकायत राजकीय रेलवे पुलिस को दी है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। दिल्ली के समयपुर स्थित यादव नगर निवासी अमन कुमार ने राजकीय रेलवे पुलिस को बताया कि वह दिल्ली के बादली से पानीपत जाने के लिए सवारी गाड़ी में सवार हुए थे। सुबह सफर करते समय उनकी आंख लग गई। जब उनकी आंख खुली तो ट्रेन सांदल कलां रेलवे स्टेशन पर थी। उन्होंने देखा कि उनका बैग गायब था। सहयात्री ने बताया कि बैग को लेकर एक युवक सोनीपत स्टेशन पर उतर गया था। बैग में उनका लैपटॉप, मोबाइल, स्मार्ट वॉच, उनके कागजात, क्रेडिट कार्ड, पासपोर्ट, कपड़े व 96 सौ रुपये की नकदी थी। उन्होंने मामले की शिकायत राजकीय रेलवे पुलिस को दी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी एचसी सरिता ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। जल्द से जल्द चोर का पता लगाकर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

# साइबर ठगी : बैंक मैनेजर व ग्रामीण के खातों से नकदी उड़ाई

**फर्जीवाड़ा**

**⏩ वेस्ट रामनगर निवासी बैंक मैनेजर का मोबाइल हैक कर खाते से 9.80 लाख रुपये किए ट्रांसफर**

**⏩ मिमारपुर के ग्रामीण को भांजा बनकर कनाडा से की कॉल, खाते में साढ़े चार लाख रुपये डलवाए**

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत: साइबर** ठगों ने बैंक के मैनेजर के साथ ग्रामीण को लाखों का चूना लगाया है। उन्होंने बैंक मैनेजर का मोबाइल हैक कर 9.80 लाख रुपये ट्रांसफर कर लिए तो ग्रामीण के पास कनाडा में रह रहा उनका भांजा बनकर कॉल करने के बाद खाते में साढ़े चार लाख रुपये डलवा लिए गए। पीड़ितों ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस नेइ स संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामलों की गंभीरता से जांच कर रही है। वेस्ट रामनगर निवासी बलराज ने साइबर थाना पुलिस को बताया कि वह पंजाब नेशनल बैंक की सोहटी शाखा में मैनेजर हैं। उन्होंने साइबर थाना पुलिस को बताया कि 22 अक्तूबर को उन्होंने अपने मोबाइल में व्हाट्सएप डाउनलोड किया था। तभी किसी ने उनके मोबाइल को हैक कर लिया। 25 अक्तूबर को उनके मोबाइल पर रुपये कटने के मैसेज आने शुरू हो गए। उन्होंने मैसेज देखकर तुरंत अपने खाते को बंद करा दिया। उन्होंने देखा कि उनके खाते से 9,80,500 रुपये कट चुके थे। उन्होंने पता किया तो जो जानकारी मिली कि फर्जी वेबसाइट से उनके खाते से फर्जी कागजात पर खोले गए बैंक खातों में रुपये ट्रांसफर किए गए है।

### कनाडा में रह रहा भांजा बनकर की कॉल, साढ़े चार लाख ठगे

गांव मिमारपुर के ग्रामीण के पास एनआरआई भांजा बनकर कॉल करने के बाद उनसे साढ़े चार लाख रुपये ऐंठने का मामला सामने आया है। ग्रामीण सोनू ने बताया कि 23 अक्तूबर को उनके मोबाइल पर विदेशी नंबर से व्हाट्सएप कॉल आई थी। कॉल करने वाले ने कनाडा में रह रहा उनका भांजा सन्नी बनकर बात की थी। उसने कहा था कि मामा वह आपके बैंक खाते में 18.15 लाख भेज रहा हैं। उनके दोस्त हरजीत की पत्नी दिल्ली के गंगाराम अस्पताल में भर्ती है। आप उनके दोस्त की रुपये से मदद कर देना। उसने अपने दोस्त का मोबाइल नंबर भी दिया था। साथ ही उसे साढ़े चार लाख रुपये देने को कहा था। उन्होंने प्रवीन पनीहाई व हरिशकेश राय के खाते नंबर दिए। उन्होंने साढ़े चार लाख रुपये भेज दिए। बाद में फिर से कॉल कर दो लाख देने की मांग की। तब उसे आवाज अपने भांजे की नहीं लगी। उन्होंने जांच की तो ठगी का पता लगा। मामले से साइबर थाना पुलिस को अवगत कराया। जिस पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया।

# महर्षि स्वामी दयानन्द निर्वाण दिवस मनाया गया

**प्रेरणादायक**

**⏩ स्वामी दयानन्द सरस्वती की जीवनी पर आधारित प्रभावशाली, अनुकरणीय गीत प्रस्तुत किए गए**

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत : स्वामी** दयानन्द प्रतिनिधि समिति सोनीपत द्वारा आर्य समाज मॉडल टाऊन सोनीपत में अर्जुन देव दुरेजा की अध्यक्षता और आचार्य सतन देव सत्यम के ब्रह्मत्व में महर्षि स्वामी दयानन्द सरस्वती का निर्वाण दिवस मनाया गया। समारोह में सिविलाइजड सीनियर सिटीजन एसोसिएशन सोनीपत के प्रधान खुशी राम गुप्ता को मुख्य अतिथि, बलबीर सिंह रोहिला महासचिव और एस के वर्मा को विशिष्ट अतिथि तथा मुख्य वैदिक प्रवक्ता राज गुलाटी को आमन्त्रित किया गया था। प्रबन्धक समिति द्वारा इनको शाल ओढ़ाकर कर सम्मानित किया गया था। समारोह कार्यक्रम में हरि चन्द स्नेही द्वारा कुशल, गतिशील और प्रेरक मंच संचालन किया गया। यज्ञोपरान्त स्थानीय वक्ताओं ने स्वामी दयानन्द सरस्वती की जीवनी पर आधारित प्रभावशाली, प्रेरणादायक और अनुकरणीय गीत प्रस्तुत किए गए जिस पर श्रद्धालु भावविभोर हो गए। स्थानीय विद्यालय के विधार्थियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया जिसमें स्वामी दयानन्द सरस्वती की जीवनी पर आधारित लघु नाटिका पर उपस्थित जनसमूह झूम उठे। समारोह में अतिथि वर्ग द्वारा विभिन्न विद्यालयों की 30 मेधावी कन्याओं को जर्सियां प्रदान करके सम्मानित किया गया ताकि सर्दियों में राहत मिलती रहे। वैदिक मुख्य प्रवक्ता राज गुलाटी ने महर्षि की जीवनी पर प्रकाश डालते बताया कि स्वामी जी ने अपनें जीवन काल कुरीतियों, अंधविश्वास का निवारण किया, नारी सती प्रथा, बाल विवाह का अन्त करवाया। नारी जाति को शिक्षित करके उन्हें सम्मानित और सशक्त करनें के साथ साथ विधवा विवाह को प्रोत्साहित किया। समारोह में पूनम देवी, चन्द्र काँता खुराना , राज रहेजा , मंजू आर्या , दीपक तलवार, महेश जुनेजा , सुनील सचदेवा , विनोद सहगल , कृष्णा देवी , प्रमोद मल्होत्रा, सीमा मल्होत्रा , विद्यालय स्टॉफ , विद्यार्थी और अनेक गणमान्य व्यक्ति महिला पुरुष मौजूद रहे।

# शोरूम से 84.5 ग्राम सोने के कंगन चोरी कर ले गए तीन महिलाएं

**शिकायत दर्ज**

**⏩ फुटेज देखने पर महिलाएं चोरी करते हुए नजर आ रही हैं। पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस को दी है**

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत : सिविल** लाइन थाना क्षेत्र के सुभाष चौक स्थित निक्की ज्वेलर्स शोरूम से धनतेरस के दिन तीन महिलाएं 84.5 ग्राम के सोने के कंगन चोरी कर ले गई। बाद में जांच की तो मामले का पता लगा। सीसीटीवी फुटेज देखने पर महिलाएं चोरी करते हुए नजर आ रही हैं। पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस को दी है। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस ने सीसीटीवी को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। सुभाष चौक स्थित निक्की ज्वेलर्स शोरूम संचालक विनोद जैन ने बताया कि उनके शोरूम से सोने के कंगन चोरी किए गए है। उन्होंने बताया कि 29 अक्तूबर को धनतेरस के दिन दुकान पर भीड़ लगी थी। सुबह करीब 11 बजे दुकान पर तीन महिलाएं आभूषण खरीदने आई थी। महिलाओं ने आभूषण देखने के दौरान सेल्स गर्ल्स को झांसा देकर 84.5 ग्राम के सोने के कंगन चोरी कर लिये। दो महिलाओं ने सेल्स गर्ल्स को उलझाए रखा और एक अन्य ने कंगन उठाकर छिपा लिये। बाद में जब बिक्री किए गए स्टॉक का हिसाब किया गया तो कंगन की चोरी का पता लगा। उन्होंने दुकान में लगे सीसीटीवी की रिकॉर्डिंग खंगाली तो सच्चाई सामने आ गई। उन्होंने महिलाओं के बारे में जानकारी जुटाने का प्रयास किया, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिल सकी। जिस पर मामले से पुलिस को अवगत कराया। सिविल लाइन थाना पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना

# विपरित दशा में समाज की करनी चाहिए रक्षा- राजीव जैन

**सोनीपत: जिस** तरह से भगवान श्रीकृष्ण ने गोकुलवासियों की इंद्र देवता के श्राप से रक्षा के लिए गोवर्धन पर्वत को उठा लिया था उसी तरह हमें भी विपत्ति की दशा में समाज की रक्षा एवं सेवा के लिए तैयार रहना चाहिए तभी गोवर्धन पूजा का उद्देश्य सार्थक होगा।

उक्त विचार मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार एवं भाजपा नेता राजीव जैन ने महाराजा अग्रसेन समाज कल्याण समिति द्वारा लक्ष्मीनारायण मंदिर के प्रांगण में विधि विधान से गोवर्धन पूजा करने के बाद अपने संबोधन में व्यक्त किए।

# विवि में अनुबंधित सहायक प्रोफेसरों ने विधायक को सौंपा ज्ञापन

**मांग**

**⏩ कर्मचारी सेवा सुरक्षा अध्यादेश- 2024 की तर्ज पर 50 हजार रुपये से अधिक वेतन वाले अनुबंध सहायक प्रोफेसरों को सेवा सुरक्षा के लाभ देने के बाद ही शेष खाली पदों पर नई भर्ती प्रक्रिया शुरू की जाए**

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत: हरियाणा** के विश्वविद्यालयों में अनुबंध पर काम करने वाले करीब 1500 सहायक प्रोफेसरों ने भाजपा सरकार को उसका चुनावी वादा याद दिलाया है। यह सहायक प्रोफेसर वे हैं, जिनका वेतन 50 हजार रुपये से मामूली ज्यादा, जिस कारण वे अनुबंधित कर्मचारियों की सेवाओं को सुरक्षित करने के कानून के दायरे में नहीं आते। 50 हजार रुपये तक वेतन वाले अनुबंधित कर्मचारियों को सरकार ने सेवा सुरक्षा कानून का कवच पहनाया हुआ है। ऐसे में अब इन सहायक प्रोफेसरों ने स्वयं के लिए भी सेवा सुरक्षा कानून बनाने की मांग की है। हरियाणा यूनिवर्सिटीज कांट्रैक्चुअल टीचर्स एसोसिएशन (हुकटा) के एक प्रतिनिधिमंडल ने शनिवार को सोनीपत के विधायक निखिल मदान से मुलाकात कर राज्य की सभी सरकारी यूनिवर्सिटीज के लगभग 1500 अनुबंधित असिस्टेंट प्रोफेसरों को नियमित होने तक सेवा सुरक्षा प्रदान करने की मांग की। विधायक मदान ने कहा कि हमने चुनाव से पहले जो वादा व घोषणा पत्र में कहा है, उसे सरकार हर हाल में पूरा करेगी और जल्द ही शिक्षामंत्री महिपाल ढांडा से मिलकर आपका समाधान करवाऊंगा। विजय मलिक ने बताया कि एचकेआरएन व 50 हजार रुपये से कम मासिक वेतन वाले अनुबंधित कर्मचारियों को नायब सरकार ने विधानसभा चुनाव से पहले 1 लाख 20 हजार अनुबंध कर्मचारियों को अनुबंध कर्मचारी सेवा सुरक्षा अध्यादेश-2024 लाकर सेवा सुरक्षा 58 वर्ष तक सेवानिवृति तक प्रदान कर दी थी, लेकिन वे यूनिवर्सिटी के अनुबंधित असिस्टेंट प्रोफेसर और कॉलेजों के एक्सटेंशन लेक्चरर या हमारे जैसी श्रेणी जिनका न्यूनतम बेसिक पे वेतन 57,700 रुपये है। वेतन 50 हजार से अधिक होने के चलते इस सुविधा के दायरे में आने से चूक गए थे। अनुबंधित असिस्टेंट प्रोफेसरों की नियुक्ति निर्धारित प्रक्रियाओं का पालन करते हुए की गई थी। वे अपने पद की समस्त अहताओं को पूरा भी करते हैं लेकिन वेतन 50 हजार से अधिक होने से वे सेवा सुरक्षा से वंचित रह गए।

# हथियारों के बल पर लूट की वारदात में शामिल आरोपित काबू

**रिमांड पर भेजा**

**⏩ गिरफ्तार आरोपित मोहित उर्फ झाई छिछड़ाना हाल सेवली सोनीपत का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया**



**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत : शहर** थाना क्षेत्र के गढ़ी घसीटा स्थित विजय नगर में किराना दुकानदार पर हमला कर दुकानदार से 22 हजार रुपये लूटने व तेजधार हथियार से हमला कर घायल करने की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित मोहित उर्फ झाई छिछड़ाना हाल सेवली सोनीपत का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे एक दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। रिमांड अवधि के दौरान आरोपित से पूछताछ की जा रही है। बत्रा कॉलोनी निवासी संजय उर्फ बिट्टू ने गत 16 अक्टूबर को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि वह विजय नगर गढ़ी घसीटा में संजय किराना के नाम से दुकान चलाता है। उनका कहना है कि 15 अक्तूबर की शाम को उनकी दुकान पर तीन युवक दुकान पर आए थे। जिनमें श्याम नगर निवासी अनुराग, साहिल व एक अन्य मोहित उर्फ झाई था। उन्होंने सिगरेट की मांग करते हुए हत्या करने की धमकी दी थी। उन्होंने उन्हें सिगरेट नहीं दी थी। संजय ने पुलिस को बताया कि 16 अक्तूबर को सुबह वह दुकान पर आए थे। वह पॉकेट बंद दूध लेकर दुकान में रखकर बेचते है। सुबह वह दुकान पर पहुंचे तो अनुराग, साहिल व मोहित दुकान में लूटपाट के लिए आए। अनुराग हाथ में बड़ा छुरा लिए था तो साहिल चाकू व मोहित बर्फ तोड़ने का सुआ लेकर आया था। उन्होंने दुकान में आकर उनकी पिटाई कर दी। अनुराग ने छुरा से हमला किया तो उन्होंने पीछे हटकर जान बचाई। आरोप है कि बाद में मोहित व साहिल ने उनके गल्ले से करीब 22 हजार रुपये लूट लिये। वारदात के बाद धमकी दी कि अगर शोर मचाया तो जान से मार देंगे। घटना के दौरान दुकान पर सामान लेने आए युवक ने उन्हें बचाने की कोशिश की। बाद में आरोपी हथियार लहराते हुए पुलिस को शिकायत देने पर मारने की धमकी देकर भाग गए। पीड़ित ने बाद में मामले में अपने परिजनों से बातचीत करने के बाद मामले की शिकायत पुलिस को दी। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया था। मामले में उप निरीक्षक मनोज कुमार की टीम ने वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे एक दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा गया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

# भगवान विश्वकर्मा के दिखाए रास्ते पर चलना चाहिए: विधायक कादियान

**महोत्सव**

**⏩ रेलवे रोड स्थित श्री विश्वकर्मा मंदिर एवं धर्मशाला में वार्षिक पूजन महोत्सव का आयोजन किया गया**

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर: रेलवे** रोड स्थित श्री विश्वकर्मा मंदिर एवं धर्मशाला में वार्षिक पूजन महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कमेटी प्रधान सोमदत्त जांगड़ा ने की। जबकि बतौर मुख्यातिथि विधायक देवेंद्र कादियान रहे। उन्होंने भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि राजबीर धीमान, श्यामलाल जांगड़ा, डा. जगदीश जांगड़ा आदि ने शिरकत की। कार्यक्रम में बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। इस दौरान समाज के मेधावी विद्यार्थियों को विधायक कादियान के हाथों इनाम देकर सम्मानित किया गया। विधायक देवेंद्र कादियान ने कहा कि हमें विश्वकर्मा जी के दिखाए रास्ते पर चलना चाहिए क्योंकि विश्वकर्मा जी बहुत बड़े शिल्पकार थे। युवाओं से आग्रह करते हुए कहा कि वे ज्यादा पढ़ें, अपना लक्ष्य निर्धारित करें और उसे पूरा करें, नशे से दूर रहें। जो बेहतर परिणाम लेकर आएगा उनको प्रोत्साहित करने से समाज को बुलंदी मिलेगी। कार्यक्रम में समाज के लोगों विधायक से रेलवे रोड पर नहर के पास विश्वकर्मा चौक बनवाने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा है। जिसको लेकर विधायक कादियान ने आश्वासन दिया है। वहीं, दूसरी ओर भगवान विश्वकर्मा समाज सेवा समिति बड़ी में आयोजित समारोह में भगवान विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर बतौर मुख्यातिथि विधायक देवेंद्र कादियान ने कहा कि अस्त्र-शस्त्र के निर्माण के साथ-साथ जीवन का निर्माण भी जरूरी है।

# भक्ति माधुर्य है भक्ति शक्कर है उनके बिना कोई भी मिठाई नहीं बनेगी : उपाध्याय

**टीम एक्श इंडिया**

**गन्नौरः उपाध्याय** 108 गुप्तिसागर महाराज ने जीटी रोड पर गुप्तिधाम में प्रवचनों की वर्षा करते हुए कहा कि भगत की आकांक्षा भगवान का दर्शन कर लेने से ही नहीं है, क्योंकि दर्शन से तो दूरी रह जाती है।उपाध्याय ने कहा कि तुम इधर खड़े हो भगवान वहां बैठे हैं दर्शन हो रहा है, फैसला है , दर्शन से दूरी है । उन्होंने कहा कि भगत भगवान में एक होना चाहता है दर्शन नहीं एकात्म होना चाहता है भगत की जब तक तृप्ति नहीं है जब तक भगत भगवान न हो जाए। गुप्तिसागर महाराज ने कहा कि ज्ञानी सस्ते में राजी हो



जाता है वह कहता है दर्शन हो गया, देख लिया जान लिया ,पहचान लिया प्रसन्न हो गए यह तो ऐसे ही हुआ कि मिठाई के दर्शन कर लिए और प्रसन्न होकर चले गए ,लेकिन स्वाद लिया नहीं । उन्होंने कहा कि उसका माधुर्य आपके रक्त में तो गया नहीं आपके मांस -मज्जा में तो सम्मिलित नहीं हुआ मिठाई के दर्शन से क्या होगा । गुप्ति सागर महाराज ने कहा कि भगत उतने से राजी नहीं है भगत कहता है यह भी कोई बात हुई इससे तो और बेचैनी बढ़ेगी कम से कम इतना तो था कि तुम ही तुम हो नहीं तो कोई बेचैनी नहीं थी जानकर तो अड़चन शुरू हो गई अब तो बिना एक हुए कोई मार्ग नहीं है । एक हो जाए तभी तृप्ति है अन्यथा अतृप्ति कि आग जलेगी ,तड़पायेगी व्यवधान रहेगा ।भगत आत्यंतिक चाहता है अंतिम चाहता है जिसमें कोई दूरी नहीं रह जाए अर्थात पहले मन शुद्ध हो मन शुद्ध होने पर वाणी सीधी सरल होगी मनवाणी जब शुद्ध सीधी हो जाएगी । उन्होंने कहा कि भगत द्वारा किया गया कर्म भी शुद्ध हो जाएगा ,इस प्रकार जब मनुष्य के का मन, कर्म ,वचन निर्मल और शुद्ध हो जाएगा तभी उसके हृदय में भगवान प्रेम उत्पन्न होगा । उन्होंने कहा कि जब भगवान प्रेम उत्पन्न होगा तो उसे शब्दों में दूसरों के प्रति ईर्ष्या, द्वेष व बैरभाव आदि न रहकर चित का उदात्तीकरण हो जाएगा और जब चित का उदात्तीकरण हो जाएगा तो उसमें सब के प्रति प्रेम ,करुणा व दया भाव रहेगा । गुप्तिसागर महाराज ने कहा कि भक्ति , भाव व विश्वास के बिन कटे न हिय को सुल । उन्होंने कहा कि भगत कबीर ने कहा भक्ति के भावों और विश्वासों के बिना व्यक्ति के मन जब अंतःकरण भक्ति भाव में सरोबार होता है।

# बहनों ने भाइयों के माथे पर तिलक कर की दीर्घायु की कामना

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर। रविवार को** भैया दूज का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। बहनों ने भाइयों को तिलक करके उनकी लंबी उम्र की कामना की और भाइयों ने उपहार देकर बहनों की रक्षा का संकल्प लिया। बहनों ने भाइयों के माथे पर तिलक कर उनकी लंबी आयु की कामना की। वहीं भाइयों ने भी बहनों को उपहार भेंट कर उनकी रक्षा का संकल्प लिया। सुबह ही बहनें अपने भाइयों को तिलक लगाकर उनकी लंबी आयु की कामना कर रही हैं और भाइयों की ओर से उन्हे उपहार भेंट किए जा रहें हैं। परंपरा के अनुसार बहनों ने भाइयों को तिलक लगाने के बाद नारियल आदि भी दिए। परिवार के जहां बड़े सदस्यों ने इस पर्व की परंपरा को निभाया वहीं छोटे-छोटे बच्चों



पर भी इस पर्व का रंग खूब देखा गया।भैया दूज के चलते बाजारों में चलह पहल देखी जा रही है। विशेषकर मिठाइयों व उपहारों की दुकानों पर लोगों की भीड़ रहेगी। मिठाइयों की जमकर खरीददारी की जा रही है। दीपावली के बाद एक बार फिर से दुकानों के बाहर तरह-तरह की मिठाइयां सजी दिखाई दी और उनके खरीदारों का तांता लगा रहा।

**भैया दूज के चलते बसों में भीड़**

भैया दूज के पर्व को लेकर बसों में खासी भीड़ देखी जा रही है। विवाहित बहनों की ओर से भैया दूज का पर्व मनाने के लिए भाइयों के घर जाने का सिलसिला सुबह से ही शुरू हो गया है।

## न्यूज फ्लैश

### विचारों की संकीर्णता जीवन की सफलता में बाधक है : डा. स्वामी चिदानंद

**टीम एक्शन इंडिया**

**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र : अंतर्राष्ट्रीय गीता** मिशन ओडिशा के अध्यक्ष संत डा. स्वामी चिदानंद ने सत्संग के अवसर पर कहा कि विचारों की संकीर्णता जीवन की महानता के पथ में बाधक का कार्य करती है। ऊंची आवाज नहीं अपितु ऊंची सोच ही व्यक्ति को महान बनाती है। बिना ऊंची सोच के ऊंचे लक्ष्य की प्राप्ति संभव नहीं है। उन्होंने मनुष्य के विचारों एवं भावनाओं पर चर्चा करते हुए कहा कि मनुष्य की सोच ही उसके लक्ष्य का निर्धारण करती है। इसलिए श्रेष्ठ लक्ष्य की प्राप्ति के लिए विचारों की संकीर्णता को त्याग कर अपनी सोच भी ऊंची होनी चाहिए। डा. स्वामी चिदानंद ने कहा कि संकीर्ण विचार गेहूं के दानों में लगे उस घुन के समान हैं जो बाहर से सामान्य दिखने के बावजूद भी किसी व्यक्ति को अंदर ही अंदर खोखला कर देते हैं। ऊंची आवाज रखने से आप लोगों की नजरों में तो आ सकते हैं परन्तु लोगों के दिलों में नहीं। ऊंची सोच ही व्यक्ति को महान बनाती है, ऊंची सोच ही व्यक्ति जीवन में अपने कार्यों में सफलता हासिल कर श्रेष्ठ लक्ष्य को प्राप्त करता है। ऊंची सोच से ही व्यक्ति हर किसी के दिल में जगह बना पाता है।

### कबाड़ी की दुकान से चोरी का सामान बरामद, आरोपी फरार

**टीम एक्शन इंडिया**

**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़। शहर थाना पुलिस** ने मोहल्ला खटीकान से एक कबाड़ी की दुकान पर रैड कर चोरी का सामान बरामद किया है। आरोपित युवक पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस की टीम 2 नवंबर की शाम मोहल्ला खटीकान महेंद्रगढ़ में गश्त पर थी। इसी दौरान सूचना मिली कि मोहल्ला खटीकान निवासी नवीन ने कबाड़ की दुकान कर रखी है तथा चोरी का सामान खरीदता है। उसने मस्जिद के पास वाले प्लांट में कबाड़ के पीछे एक पल्लड़ के नीचे बिजली के सरकारी तार, बिजली का छोटा ट्रांसफॉर्मर व ट्रांसफॉर्मर की क्वाइल छुपा कर रखी हुई है। अगर तुरंत रेड की जाए, तो चोरी का सामान बरामद हो सकता है। पुलिस ने टीम तैयार कर नवीन के कबाड़े के प्लांट पर रेड की। तो एक युवक पुलिस को देखकर तंग गली से होते हुए बाजार की तरफ भाग गया। पुलिस ने भागने वाले युवक के बारे में पूछताछ की, तो नवीन मोहल्ला खटीकान बताया और मौके पर जो कबाड़ का काफी सामान पड़ा है वह भी नवीन का ही बताया है। बिजली के तारों का वजन किया तो 160 किलो तथा ट्रांसफॉर्मर तांबे की क्वाइल का वजन 16 किलो निकला।

### प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश की जनता को मानते है अपना परिवार : प्रो.रामबिलास शर्मा

**टीम एक्शन इंडिया**

**दिनेश नौताना**



**महेंद्रगढ़। पूर्व शिक्षा मंत्री प्रो.** रामबिलास शर्मा ने प्रेस के नाम जारी बयान में कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश की जनता को अपना परिवार मानते है तथा हमेशा वें देश के आम जनमानस की भलाई व उत्थान की सोचते रहते हैं। उन्होंने ११ वीं बार गुजरात प्रदेश के कच्छ में सैनिकों के साथ दिवाली मना कर सैनिकों का हौसला बढ़ाने का कार्य किया है। पूर्व मंत्री ने राज्यसभा सांसद रणदीप सुरजेवाला द्वारा मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी पर की गई टिप्पणी पर पलटवार करते हुए कहा कि कांग्रेस नेता सुरजेवाला जिस तरह के बयान बाजी कर रहे हैं यह उनके मानसिक दिवालियापन की निशानी है। राजनीतिक में गिरावट की एक सीमा होती है लेकिन रणदीप सुरजेवाला ने प्रदेश के लोकप्रिय मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी पर अमर्यादित टिप्पणी करके राजनीतिक मयार्दा की सभी हदे पार कर दी। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में लोकमत की सबसे महत्वपूर्ण भूमिका होती है इसलिए राजनीतिक दलों ने लोकमत का सम्मान करना चाहिए । कांग्रेस पार्टी भाजपा द्वारा हरियाणा में तीसरी बार बहुमत से सरकार बनाने को पचा नहीं पा रही है। उन्होंने सुरजेवाला पर हमला बोलते हुए कहा कि वे जींद उप चुनाव में न केवल हारे बल्कि तीसरे नंबर पर रहे और अपनी जमानत भी बड़ी मुश्किल से बचा पाए। इसके बाद कैथल से विधानसभा चुनाव हारे। नायब सिंह सैनी को सुरजेवाला द्वारा एक्सीडेंटल मुख्यमंत्री बोलने पर पूर्व मंत्री ने कहा कि नायब सिंह सैनी तीन बार विधायक बन चुके हैं एक बार लोकसभा सांसद रह चुके हैं।

# चातुर्मास सभी श्रावकों का भी है : कादियान

टीम एक्शन इंडिया

गन्नौर । सत्संग सुनने से मनुष्य को पुण्य की प्राप्ति होती है। सत्संग में आने पर संतों के वचनों पर अमल करना चाहिए। मनुष्य इस बात को जानता है कि मौत अटल सत्य है, लेकिन इसके बाद भी धन कमाने के चक्कर में अधर्म करता है। बुरे कर्म मनुष्य करेगा तो उसे उसको भुगतना जरूर पड़ेगा। इसलिए अच्छे कर्म करने चाहिए ताकि मनुष्य जीवन मिलने का फायदा मिले। यह बात चातुर्मास में गांव पुरखास में जैन स्थानक में प्रवचन करते हुए जैन मुनि शिवेंद्र ने कही। रविवार को गन्नौर विधायक देवेंद्र कादियान ने पुरखास जैन स्थानक में पहुंचकर जैन मुनियों के दर्शन कर उनका आशीर्वाद लिया और यहां चातुर्मास में तपस्या करने वाले श्रद्धालुओं को सम्मानित किया।



विधायक कादियान ने कहा कि चातुर्मास केवल साधुओं का नहीं बल्कि सभी श्रावकों का भी है। श्रावक जन चातुर्मास करके संयम से लेकर अनेक प्रकार के पुण्य उपार्जन करते है, चातुर्मास के अवसर पर संत एक ही स्थान पर रहकर उपवास आदि क्रियाएं करते है। कादियान ने कहा कि वह सौभाग्यशाली है कि उन्हें गन्नौर में जैन मुनि संतों का आशीर्वाद मिल रहा है। उन्होंने कहा कि जैन समाज अहिंसा का संदेश देता है। जीओ और जीने दो के संदेश को हमें जीवन में उतारना चाहिए। जैन संत समाज को नशा, सामाजिक बुराइयों से दूर करने का संदेश देते है। जैन मुनि शिवेंद्र ने कहा कि सत्संग और कथा भगवान के ही अंग है। इनके सुनने से व्यक्ति का कल्याण तो होता ही है, उसे आत्मिक शांति भी मिलती है। भगवान की भक्ति तब तक सफल नहीं हो सकती जब तक हम इंसान बनकर नहीं जीते। सत्संग रोगनाशक है क्योंकि इसमें भगवान की वाणी है। व्यक्ति अपने स्वार्थ में डूब गया है। रात-दिन धन कमाने के चक्कर में वह भगवान से दूर होता जा रहा है। जैन मुनि ने कहा कि जिस तरह से झूला जितना पीछे जाता है, उतना ही आगे आते है। सुख और दुख दोनों ही जीवन में बराबर आते है। इसलिए जिंदगी का झूला पीछे जाए, तो डरो मत, वह आगे भी आएगा। इस अवसर पर हितेश मुनि, सरपंच प्रतिनिधि सुनील उर्फ शीनू, प्रधान रोहताश दहिया, बिजेंद्र राठी, सुरेंद्र राठी, जोगेंद्र, राजेश, रोहताश, रणबीर, विजय राठी, अमित राठी, राजेश पंच, कुलदीप, अमित, जोगेंद्र, महासिंह आदि मौजूद रहे।

# केंद्रीय सहकारी बैंक में अन्नकूट का प्रसाद किया वितरित

**टीम एक्शन इंडिया**

**महेंद्रगढ़। दी महेंद्रगढ़** केंद्रीय सहकारी बैंक के राधाकृष्ण प्रेम मंदिर मे बैंक के कर्मचारियों ने मिलकर अन्नकूट का भंडारा किया। अनेक श्रद्धालुओं ने मंदिर के दर्शन करने के बाद प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर विधायक कंवर सिंह यादव विशेष रूप से उपस्थित रहें। उन्होंने कहा कि हमारी पैक्सों के माध्यम से सभी किसान को समय पर पूरा खाद मिलना चाहिए। इसके अलावा सहकारी बैंक द्वारा जिले के व्यापारी साथियों, महिलाओं, युवा उद्यमियों समेत सभी वर्ग को सस्ता ऋण उपलब्ध कराया जाए।



उन्होंने सभी कर्मचारियों को कहा कि बैंक के साथी उनके परिवार के समान हैं तथा उनके हित से जुड़ी किसी भी बात का सरकार द्वारा उचित समाधान अवश्य कराया जायेगा। बैंक महाप्रबंधक प्रशांत यादव विधायक का आभार व्यक्त किया तथा आश्वासन दिया कि बैंक के साथी उनकी उम्मीदों पर खरे उतरेंगे।

# प्रभात फेरियों का मॉडल टाउन में वैदिक ऐरा लेन में स्वागत किया



**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपतः** सभी प्रभात फेरियो का मॉडल टाउन में वैदिक ऐरा लेन में स्वागत किया गया। गुरुद्वारा श्री गुरु तेग बहादुर साहिब गुरुद्वारा गुरु नानक सत्संग सभा गीता भवन चौक गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा सुजान सिंह पार्क गुरुद्वारा कलगीधर सभा माडल टाउन की प्रभात फेरीयां वैदिन ऐरा लेन मॉडल टाउन पहुंची। लेन वासिओ द्वारा सारी प्रभाती फेरियो स्वागत किया गया। महा सचिव परमजीत दवारा सभी संगत को गुरु जी के प्रकाश पूरब की बधाई दी। इस अवसर पर राजिंदर चौधरी जसविंदर सिंह संदीप पाहुजा विपुल नागिआ उमेश कवलजीत सिंह परवीन कुमार परमजीत सिंह आदि उपस्थित रहे।

# मेहंदीपुर बाला जी मंदिर में हुआ विशाल भंडारे का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**

**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र : श्री** वैश्य अग्रवाल पंचायत के अध्यक्ष सत्य प्रकाश गुप्ता के मार्गदर्शन में श्रद्धा एवं आस्था के साथ खेड़ी ब्राह्मणा स्थित मेहंदीपुर बाला जी मंदिर में सर्वकल्याण की भावना से विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इस भंडारे का विधिवत पूजन के उपरांत पूर्व राज्य मंत्री सुभाष सुधा ने शुभारम्भ किया। अध्यक्ष सत्य प्रकाश गुप्ता ने पूर्व राज्य मंत्री सुभाष सुधा का आभार व्यक्त करते हुए बताया कि मंदिर में



भंडारे के आयोजन के साथ भगवान श्री कृष्ण संकीर्तन का आयोजन किया जाता है। आयोजित विशाल भंडारे में अग्रोहा धाम वैश्य समाज के जिलाध्यक्ष अशोक गुप्ता, महाराजा अग्रसेन शिक्षा सम्मान योजना (मैसी) के पूर्व प्रधान विनय गुप्ता, हरि चन्द रविन्द्र कुमार चैरिटेबल ट्रस्ट के सभी ट्रस्टी, श्री वैश्य अग्रवाल पंचायत के पूर्व प्रधान चन्द्र भान गुप्ता व विंकल गुप्ता इत्यादि सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। पूर्व राज्य मंत्री सुभाष सुधा ने श्री वैश्य अग्रवाल पंचायत के अध्यक्ष सत्य प्रकाश गुप्ता के सहयोगियों की सराहना करते हुए कहा कि यह लोग समाजसेवा के कार्यों में निरंतर जुटे रहते हैं।

# यमद्वितीय पर जेल में हुई कैदियों की अपनों से खुली मुलाकात

**मथुरा।** यम द्वितीया के पर्व पर जेल में बंदियों ने अपनों से खुली मुलाकात की। आत्मीयता के इन पलों में वह अपनों के साथ खुल कर मिल सकें और बातचीत कर सकें। इस दौरान बहनों ने भाईयों के माथे पर तिलक किया और उन्हें मिठाई खिलाई। दरअसल जो लोग जिला कारागार में काफी समय से सजा काट रहे हैं। उनको न तो दीपावली नहीं होली जो घर पर होती है उसका एहसास हो पाता है। मगर सरकार द्वारा कुछ इस तरह की व्यवस्था जरूर की जाती है जैसे रक्षाबंधन या भाई दूज के त्योहार पर उन भाइयों से बहनों को मिलने का मौका जरूर दिया जाता है।

# निगम स्मॉग गन से करवा रही है पानी का छिड़काव

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत। शहरों में प्रदूषण** के प्रभाव को करने के लिए ग्रेप के तहत नगर निगम की टीम शहर में स्मॉग गन व अन्य साधनों से पानी का छिडकाव करवा रही है ताकि लोगों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। नगर निगम सोनीपत आयुक्त विश्राम मीणा ने आमजन का आह्वान करते हुए कहा कि वायु प्रदूषण नियंत्रण करने में सक्रिय रूप से भागीदार बनें। ऐसा कोई कार्य न करें जिससे धूल व धुंआ वायुमंडल में न फैले। ऐसा करना एनजीटी की गाइडलाइन की अवहेलना है और दंडनीय भी है। उन्होंने कहा कि सांस लेने के लिए शुद्ध हवा हमारी सबकी पहली जरूरत है।



इसलिए सभी नागरिकों का दायित्व बनता है वायु प्रदूषण को कंट्रोल करने में शासन-प्रशासन के साथ सक्रिय रूप भागीदारी निभाएं। निगमायुक्त ने बताया कि जिले का एक्यूआई (एयर क्वालिटी इंडेक्स) बढने. से रोकने के लिए हमें वायु प्रदूषण नियंत्रण से जुड़ी गतिविधियों को प्राथमिकता देनी होगी। आमजन पब्लिक ट्रांसपोर्ट का ज्यादा से ज्यादा प्रयोग करें। वहीं निमार्णाधीन कार्यों पर लगातार पानी का छिडकाव जरूरी है ताकि धूल न पैदा हो। खुले में कूड़ा या अन्य तरह की आग लगाना जिससे धुआं उत्पन्न होता है पर प्रतिबंद है। डस्ट या निर्माण सामग्री वाले वाहन चालक निमार्ण सामग्री को ढककर. आवागमन करेंगे। शहरी क्षेत्रों में यातायात जाम न लगे इसलिए जरूरी है कि सडक मार्गो पर अतिक्रमण हटाने के निर्देश पहले संबंधित विभागीय अधिकारियों को दिए गए हैं। नगर निगम आयुक्त विश्राम मीणा ने कहा कि खुले में स्टोर की गई निर्माण सामग्री पर पानी का छिड़ाकर ढककर रखना होगा। उन्होंने कहा कि एनजीटी की गाइडलाइन की अवहेलना करने पर नियमानुसार दंडनीय कार्यवाही अमल लाने के संबंधित अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए गए हैं।

# ठेकेदार से मिलके करते है पीजीआई कर्मचारियों का शोषण- जयहिंद

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़/ हरियाणा में नई नवेली बीजेपी सरकार बन** चुकी है और हरियाणा में मंत्रियों को सरकार द्वारा उनके मंत्रालयों का भी बटवारा कर दिया गया है वहीं हरियाणा में जनता की समस्याएं खत्म होने का नाम नहीं ले रही है गत रविवार को रोहतक स्थित जयहिंद के तंबू में एक बार फिर जनता की समस्याओं को लेकर दरबार लगा जिसमे हरियाणा के अलग अलग जिलों से लगभग सैकड़ों फरियादी अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे वही पीजीआई एम एस रोहतक मैडिकल में काम कर रहे सैकड़ों अलग अलग पदों पर विराजमान कच्चे कर्मचारी भी अपनी समस्या लेकर जयहिंद के तंबू में लगाए गए जनता दरबार में पहुंचे पीजीआई के सैकड़ों कच्चे कर्मचारियों ने अपनी समस्या से अवगत कराते हुए बताया कि सरकार ने हरियाणा में ठेका प्रथा बंद करने की घोषणा की हुई है और सरकार द्वारा अब एचकेआरएन के तहत सभी विभागों में भर्ती किया जा रहा है लेकिन जिस कंपनी ने पीजीआई में ठेका लिया हुआ है उस कंपनी के द्वारा सैकड़ों कर्मचारियों का शोषण किया जा रहा है जबकि एचकेआरएन के तहत कर्मचारियों को ज्यादा सैलरी दी जा रही है जबकि ठेकदार के डरा उन्हें कम सैलरी दी जा रही है।

# शिविर में हुई 132 मरीजों की नेत्र जांच

**टीम एक्शन इंडिया**

**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़। स्थानीय यादव** धर्मशाला में यादव सभा एवं राहत ग्रुप की ओर से 171 वे निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। जानकारी देते हुए कप्तान राजेंद्र सिंह खेड़ा ने बताया कि राहत ग्रुप के प्रधान डॉ. प्रेमराज आर्य की अध्यक्षता में आयोजित शिविर में मुख्यातिथि विधायक कंवर सिंह यादव रहे। वहीं मंच सचांलक मास्टर आरपी शर्मा ने किया। यादव सभा के प्रधान एडवोकेट अभयराम यादव के नेतृत्व में विधायक का जोरदार स्वागत किया गया। कंवर सिंह यादव ने कहा कि निःशुल्क नेत्र



जांच शिविर का आयोजन करना बहुत बड़े पुण्य का कार्य है। मानव शरीर में यदि सबसे महत्वपूर्ण कोई अंग है तो वह नेत्र हैं। आंखों के बिना जीवन में पूरा अंधकार है। विधायक ने राहत ग्रुप को सरकारी कोष से एक लाख रुपये व निजी कोष से 21 हजार रुपये देने की घोषणा की। हवन यज्ञ के साथ शिविर का शुभारंभ किया गया। यज्ञ पुरोहित भूपेंद्र सिंह ने हवन संपन्न कराया। यज्ञमान डॉ. आनन्द कुमार सहधर्मिणी सविता देवी रहे। तत्पश्चात डॉ. आरपी गिरी के

**शिविर**

**राहत ग्रुप के प्रधान डॉ. प्रेमराज आर्य की अध्यक्षता में आयोजित शिविर में मुख्यातिथि विधायक कंवर रहे**

अस्पताल के डॉ. जितेंद्र यादव व उनकी टीम ने रोगियों की नेत्र जांच की। वहीं डॉ. प्रकाश वीर आर्य व डॉ. आनन्द कुमार ने मरीजों की बीपी और शुगर की जांच की। शिविर में 132 रोगियों की नेत्र जांच की तथा 22 रोगियों को ऑपरेशन के लिए सुमेर सिंह की देखरेख में राजकीय नेत्र चिकित्सालय भिवानी भेजा गया। इस अवसर पर प्रोफेसर बस्ती राम खैरवाल, वरिष्ठ अधिवक्ता धर्मवीर सिंह, प्रवक्ता श्रीचंद, सचिव कप्तान लालचंद, आरपी शर्मा, सूबेदार जगमाल सिंह, कृष्ण कुमार, संदीप बसई, योग एवं प्राक्रतिक चिकित्सालय के प्रभारी भंवर सिंह कसाना, भगवान सिंह, धर्मवीर, रोहताश सिंह, सह सचिव रोहताश सिंह,सूबेदार रघुबीर सिंह, बलवंत बोहरा, किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष पवन खैरवाल, ब्लाक समिति चेयरमैन विजयलक्ष्मी यादव, रंगराव, बीरसिंह, प्रोफेसर अशोक कुमार, बहन केशर आर्य, प्राचार्य विजयपाल, रमेश आदि उपस्थित थे।

# त्यौहारों के बाद प्रदूषण से बचाने का एच.ई.एस. का अभियान

**टीम एक्शन इंडिया**

**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र : दीपावली इत्यादि** त्यौहारों तथा धान की कटाई के सीजन के उपरांत वातावरण में काफी प्रदूषण फैलता है। हरियाणा एनवायरमेंटल सोसाइटी (एच.ई.एस.) के अध्यक्ष ग्रीन मैन प्रो. एस एल सैनी के अनुसार इन दिनों इतना प्रदूषण फैलता है कि आम आदमी को सांस लेना भी मुश्किल हो जाता है। उन्होंने कहा कि पेड़ों की कमी भी वातावरण को असुरक्षित करती है। ग्रीन मैन प्रो. एस एल सैनी ने कहा कि उन की संस्था हर वर्ष त्यौहारों के समय पौधरोपण कर लोगों को हरियाली की




शुभकामनाएं देती है। हरियाणा एनवायरमेंटल सोसाइटी (एच.ई.एस.) के सदस्य पिछले लम्बे समय से धर्मनगरी कुरुक्षेत्र को चारों ओर से हरा भरा करने का अभियान चलाए हुए है। रविवार को भी कुरुक्षेत्र में संस्था के अध्यक्ष ग्रीन मैन प्रो. एस एल सैनी के नेतृत्व में आस्ट्रेलिया, उत्तर प्रदेश, करनाल, पानीपत से आए परिवारों ने पौधारोपण किया।

# बच्चों को भारतीय संस्कृति की जानकारी अवश्य ही दें: भारद्वाज

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** गोवर्धन पूजा को लेकर भक्तजनों में एक अलग सा ही माहौल रहता है। फिर दीपावली के अगले ही दिन पड़ने से उस त्यौहार का उत्साह ही अलग होता है। दिल्ली के उत्तर-पूर्वी क्षेत्र के गढ़ी मेंदू गांव में यादव समाज के लोग इस त्यौहार को बरसो से एक अलग ही अंदाज से मनाते आ रहे हैं। इस त्यौहार को लेकर क्षेत्र के लोगों में एक अनोखा रोमांच था जिसका हिस्सा दिल्ली प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव, पूर्व विधायक भीष्म शर्मा, करावल नगर जिलाध्यक्ष आदेश भारद्वाज और करावल नगर जिला आब्जर्वर पीके मिश्रा भी बने। इस कार्यक्रम का आयोजन माधव सेवा समिति यादव सभा यमुनापार व यादव छात्रावास ने किया। इस मौके पर देवेंद्र यादव, भीष्म शर्मा, आदेश भारद्वाज और पी के मिश्रा ने गोवर्धन गिरिराज प्रतिरूप की परिक्रमा कर प्रभु आशीर्वाद ग्रहण किया। इस मौके पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि गोवर्धन जी की पूजा के पीछे पर्यावरण संरक्षण का भाव छिपा है। भगवान श्री कृष्ण जी द्वारा गोवर्धन पर्वत पूजा के माध्यम से हमें पहाड़ों से प्राप्त वन संपदा, खनिज, जल स्रोत और निकलने वाली नदियो को बचाकर रखने का संदेश है। लेकिन आज जिस तरह से गोवर्धन पूजा के इस पावन संदेश को भूलकर दिल्ली समेत प्रत्येक बड़े शहरों में कूड़ा कचरा, प्लास्टिक फैलाकर पर्यावरण में प्रदूषण फैलाया जा रहा है। वह आने वाले समय में बहुत ज्यादा नुकसानदायक होगा। लेकिन आज ना तो हम और ना ही हमारी सरकारें इस जिम्मेदारी का वहन कर रही हैं, जिसका नतीजा आज हर बड़े शहर में प्रदूषण का कहर बढ़ता जा रहा है। आज इस मंच के माध्यम से मैं आप सभी लोगों और साथ ही सरकार से भी अपील करता हूं कि शहर को वायु प्रदूषण, ध्वनि प्रदूषण से बचने की योजनाओं पर काम करें ताकि हमारी आने वाली नस्लों का भविष्य सुरक्षित रह सके।

इस अवसर पर राम वकील यादव, कहर सिंह, चिरंजीलाल यादव, राम निवास यादव, ब्लॉक अध्यक्ष डॉ वी आर चौधरी, पी एस रावत, बलजीत शर्मा, राज ठाकुर, मितलेश माथुर, शैलेंद्र चौधरी, सनेह शास्त्री, मोहम्मद शहजाद अनेकों श्रद्धालुओं सहित सैकड़ों लोगों ने उपस्थित रहे और प्रभु का आशीर्वाद प्राप्त किया।







# मंत्र सुनाओ अभियान का समर्थन करने पहुंची प्रसिद्ध भजन गायिका अंजली द्विवेदी

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** भुवनेश सिंघल द्वारा कई वर्षों से जारी मंत्र सुनाओ पुरूस्कार पाओ अभियान की श्रृंखला में भजनपुरा मैन मार्किट में पुनः कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका समर्थन करने के लिए प्रसिद्ध भजन गायिका अंजली द्विवेदी पहुंचीं और बच्चों व महिलाओं से मंत्र, चौपाई, चालीसा, श्लोक, आरती, भजन, गुरुवाणी व जनवाणी आदि सुनकर उन्हें पुरुस्कार बांटे।

इस मौके पर अंजली द्विवेदी ने कहा कि भुवनेश सिंघल का यह अभियान अपने आप में अद्भुत पहल है जिससे लोगों में धर्म व संस्कृति के प्रति जुड़ाव बढ़ रहा है। अभियान से लोग संस्कारित हो रहे हैं। सम्पूर्ण देश में ऐसे अभियान होना बहुत जरूरी है। जो पहल भुवनेश सिंघल ने शुरू की हुई है वो धर्म क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए प्रेरणा है। वहीं भुवनेश सिंघल ने कहा कि वो इस अभियान को पिछले तीन वर्षों से चला रहे हैं और इस अभियान के माध्यम से अब तक डेढ़ लाख लोगों को मंत्र आदि सिखाया जा चुके है।

लाखों लोग ऐसे भी हैं जो तेजी से धर्म के संस्कारों को सीख रहे हैं और हमसे जुड़ना चाहते हैं।

इस अभियान का समर्थन करने अनेक प्रसिद्ध लोग समय-समय पर पहुंचते हैं।

इस अवसर पर मुख्य लोगों में भाजपा मण्डल के मंत्री विपिन कुमार, ललित आनंद, अजय कुमार, प्रिंस, राहुल, रविन्द्र व वैभव आदि उपस्थित रहे।



# लाल बाग क्षेत्र में धूमधाम से मनाया गया भैया दूज पर्व





**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: दिल्ली के** मॉडल टाउन विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले इलाके लाल बाग क्षेत्र में भैया दूज का पर्व बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर प्रभारी पूर्वांचल मोर्चा जिला चांदनी चौक भाजपा हरीश असडी ने लाल बाग क्षेत्र में पहुंचकर बहनों से भैया दूज पर टीका लगवाया।

इस मौके पर हरीश असड़ी ने कहा कि मैं बहनों को विश्वास दिलाता हूं कि किसी बहन का भी कोई काम होगा, उसको मैं करने और करवाने में पूरी मदद करूंगा और बहनों ने भी मुझे विश्वास दिलाया कि आने वाले विधानसभा चुनाव के अंदर हम सब भारतीय जनता पार्टी के लिए काम करेगी और एक-एक वोट घर से निकलवा कर भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार को जितवायेंगी।



वजीरपुर क्षेत्र में भैया दूज पर बहनों से तिलक लगवाते हुए वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक महेन्द्र नागपाल व अन्य।

# सिख कत्लेआम के लिए सरकार और कोर्ट माफी मांगे: जीके

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: 1984 के सिख नरसंहार** की 40वीं बरसी के अवसर पर गुरुद्वारा शहीदगंज साहिब, तिलक विहार में आयोजित गुरमत समारोह में गणमान्य लोग शामिल हुए। इस अवसर पर शिरोमणी गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष एडवोकेट हरजिंदर सिंह धामी और दिल्ली कमेटी के पूर्व अध्यक्ष मनजीत सिंह जीके भी शामिल हुए। धामी ने मृतकों को श्रद्धा के फूल अर्पित करते हुए गुरुद्वारा शहीदगंज साहिब के लिए शिरोमणी कमेटी की ओर से 10 लाख रुपये की सहायता राशि देने की घोषणा की। धामी ने कहा कि पिछले साल भी शिरोमणी कमेटी ने 10 लाख रुपये की सहायता राशि दी थी। शिरोमणी कमेटी पीड़ित परिवारों को हर तरह की मदद देने के लिए तैयार है, न्याय की लड़ाई में शिरोमणी कमेटी अपनी भूमिका निभाएगी, जीके साब ने मुझसे एक पीड़ित महिला की मदद करने को कहा, हम अपने लोगों के साथ खड़े थे और खड़े हैं। जीके ने 1984 के पीड़ितों को न्याय, पुनर्वास और अन्य सामाजिक सुविधाएं मुहैया कराने में सरकारी मशीनरी के रवैये पर नाराजगी जताई। जीके ने केंद्र सरकार को 1984 के सिख नरसंहार के लिए सिख समुदाय से माफी मांगने का सुझाव दिया।

जीके ने कहा कि अगर हम ध्यान से देखें तो न्याय देने के मामले में सुप्रीम कोर्ट भी हमारे साथ नहीं खड़ा हुआ। जबकि 2002 के गुजरात दंगों के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने स्वयं संज्ञान लेकर आरोपियों को सजा देने का मार्ग प्रशस्त किया था। यही वजह है कि गुजरात दंगों के मामले में मंत्री तक को सजा हुई। जबकि गुजरात दंगों में दोनों तरफ से लोग मारे गए थे। लेकिन सिख नरसंहार के दौरान, केवल सिखों को ही मारा गया था।



# पूर्वजों की स्मृति में साध संगत ने दीवाली पर्व पर पवित्र यज्ञ एवं भंडारे का किया आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: अपने पूर्वजों** की स्मृति में नरेला की साध संगत ने दीवाली के पावन पर्व पर डीडीए के लाल-पीले फ्लैट्स के बीच पार्क में उनकी समाधि पर पवित्र यज्ञ एवं भंडारे का भव्य आयोजन किया ।

इस कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ नागरिक ओम प्रकाश साध ने की।

इस अवसर पर शिक्षाविद डॉक्टर कुलदीप आर्य ने यज्ञ यजमानों द्वारा संपन्न कराया तथा उपस्थित विद्वानों को प्रवचन के लिए आर्मंत्रित किया।

सुप्रसिद्ध पत्र लेखक एवं गणमान्य नागरिक वेद मामूरपुर ने आमंत्रित समूह का दिवाली पर्व पर शुभकामनाएं देते हुए इसका महत्व बतलाया। उन्होंने कहा कि आज समाज को फैलते प्रदूषण के खिलाफ अपने बच्चों को जागरुक कर पटाखों से दूर रहने का मूल मंत्र देना चाहिए। अन्य युवा प्रवक्ता, राजनीतिक एवं सामाजिक कार्यकर्ता कामरेड सुरेंद्र पांचाल ने समाज में फैली घोर विषमता को मिटाने का सभी को संकल्प दिलवाया। समाज में फैली कुरीतियों के विरुद्ध संघर्ष करना आज समाज की मांग है। स्वामी दयानंद का यही संदेश है। विशेष तौर पर आमंत्रित राजव्रत आर्य ने कहा कि आज स्कूलों में शिक्षा के नाम पर फैले अंधविश्वास के खिलाफ मुहिम तेज करनी होगी। जहां धर्म के नाम पर आज भी नरबलि जैसे घृणित कांड कर भविष्य को संपन्न बनाने के लिए किये जा रहे हैं, जो की बेहद शर्मनाक है। दुनिया भर में हम विश्व गुरु होने की रसातल में चले जा रहे हैं। कुलदीप आर्य ने स्वामी दयानंद के विचारों को आत्मसात करने के लिए सामाजिक जागरुकता पर अपने अमूल्य विचार प्रस्तुत किये। उपस्थित गणमान्य नागरिकों में राजपाल साध बालकिशन, राकेश साध, मुकेश कुमार, प्रमोद/टिंकू प्रधानाचार्य महेंद्र सिंह, सुल्तान सिंह, वेद निरवाल, बिजी खत्री, सुरेंद्र शर्मा, देवेंद्र भारद्वाज, गीता भारद्वाज, आचार्य देव केतु, धर्मवीर आर्य एवं अन्य गणमान्य नागरिकों ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया और यजमानों को अपना अमूल्य आशीर्वाद दिया।







# यमुना सफाई हेतू आयोजित भिक्षाटन महायज्ञ में शामिल हुए दिल्ली प्रदेश भाजपा अध्यक्ष

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: दिल्ली भाजपा** अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा यमुना नदी के आई.टी.ओ. स्थित घाट पर पर्यावरण चिंतन संस्था यमुना संसद द्वारा यमुना सफाई संकल्प हेतू आयोजित भिक्षाटन महायज्ञ में शामिल हुए। इस अवसर पर वरिष्ठ संत शिरोमणी अजय भाई भी सम्मलित हुए और यमुना संसद संयोजक पत्रकार रविशंकर तिवारी ने एक वर्ष चलने वाले भिक्षाटन महायज्ञ का अभिप्राय समझाया और कहा की हम यमुना की सफाई सुनिश्चित होने तक सतत संघर्ष करते रहेंगे। इस अवसर पर दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा की मैंने गत सप्ताह स्वंय इसी स्थान पर यमुना जी के मैले जल में डुबकी लगा कर यमुना की युद्धस्तर पर अतिशीघ्र सफाई प्रारम्भ करने की आवश्यकता को उजागर किया था। खेदपूर्ण है की मुख्यमंत्री आतिशी मालेर्ना ने मेरे यमुना में डुबकी लगाने के ध्यान आकर्षण प्रयास के बाद भी यमुना सफाई पर बिल्कुल ध्यान नहीं दिया है।

वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा है की फरवरी 2025 में दिल्ली में भाजपा सरकार बनेगी और हम तुरंत यमुना सफाई ट्राइब्यूनल की स्थापना और सभी 37 एस.टी.पी. के सुचारू करने के आदेश जारी करेंगे।



# पदयात्रा में केजरीवाल को जनता के विरोध का करना पड़ रहा है सामना: देवेन्द्र यादव

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने कहा कि आम आदमी पार्टी के मुखिया अरविन्द केजरीवाल को उनकी पदयात्राओं में जनता द्वारा पूरी तरह नकारा जा रहा है, क्योंकि पिछले 10 वर्षों में दिल्ली के ढ़ांचे को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया है।

चुनावी प्रचार की पदयात्राओं में केजरीवाल को जनता के जबरदस्त विरोध का करना पड़ रहा है। भविष्य के लिए केजरीवाल के पास कुछ नहीं है क्योंकि उन्होंने दिल्लीवालों के वर्तमान को खत्म कर दिया है। केजरीवाल ने शिक्षा, स्वास्थ्य, पानी, परिवहन, पेंशन, राशन जैसी सुचारु रुप से मिलने वाली सुविधाओं को लोगों से दूर कर दिया है।

उन्होंने कहा कि सत्ता के आंदोलन में जनलोकपाल और स्वराज की बात करने वाले केजरीवाल और आम आदमी पार्टी के दिल्ली की जनता का विश्वास खत्म हो चुका है। प्रदेश अध्यक्ष श्री यादव ने कहा कि दिल्ली की जनता भाजपा और आम आदमी पार्टी की अवसरवादी राजनीति को अच्छी तरह समझ चुकी है और दिल्ली में कांग्रेस को अवसर देने की बात कर रही है। 15 वर्षों में कांग्रेस की सरकार द्वारा बनाए गए अस्पतालों, स्कूलों, कॉलेजों और विश्व विद्यालयों में 11 वर्षों के शासन में कोई वृद्धि नही की है।




झुग्गी विस्तारक अभियान के अंतर्गत चौकी नम्बर-4 सेवा बस्ती में बहनों के साथ भाई दूज का त्यौहार मनाते हुए केशवपुरम जोन के डिप्टी चेयरमैन सुशील जोंटी।

## न्यूज फ्लैश

### सुक्खू सरकार ने झूठे वायदे कर किया ठगने का प्रयास: किशोरी लाल

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजन पुरी**

**ऊना :** हिमाचल परिवहन सेवानिवृत कर्मचारियों को एक बार प्रदेश की सुक्खू सरकार ने झूठे वायदे कर ठगने का प्रयास किया है। यह बात हिमाचल प्रदेश कर्मचारी कल्याण संगठन ऊना के चेयरमैन सहदेव सिंह, प्रधान किशोरी लाल व महासचिव सतपाल शर्मा ने रविवार को ऊना से जारी संयुक्त ब्यान में कही।

प्रधान किशोरी लाल ने कहा कि हिमाचल पथ परिवहन निगम अपने स्वर्णिम पचास वर्ष पूरे कर चुका है, जिस का स्वर्ण जयंती समारोह शिमला में बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री सुखविंद सिंह सुक्खु, डिप्टी सीएम मुकेश अग्निहोत्री व सरकार के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। इस समारोह में मुख्यमंत्री व उपमुख्यमंत्री ने बड़ी-बड़ी घोषणाएं की गई कि कर्मचारियों व पैंशनरों को 28 अक्तूबर को वेतन व पैंशन 4 प्रतिशत डीए की बढ़ोतरी के साथ दे दी जाएगी। उन्होंने कहा कि बाकी विभागों को वेतन व पैंशन 28 अक्तूबर को दे दी गई, लेकिन हिमाचल हिमाचल पथ परिवहन निगम के लगभग 7500 पैंशनरों को 3 नवंबर को जाने पर भी पैंशन नहीं दी गई। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा की गई घोषणा के अनुसार यदि पैंशनरों को ये लाभ दिए जाने थे, तो हमें संदेह है कि कहीं निगम प्रबंधन की कोताही तो नहीं है कि सरकार ने अपने वादे अनुसार निगम प्रबंधन को राशि जारी की हो तथा प्रबंधन द्वारा आबंटित न की गई हो या फिर सरकार की कथनी और करनी में अंतर है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सभी पैंशनरों को पैंशन दी गई, लेकिन परिवहन निगम पैंशनरों को पैंशन नहीं दी गई, जो कि चिंता का विषय हैं, जिससे परिवहन निगम के पैंशनर अपने आप को प्रदेश सरकार द्वारा ठगा महसूस कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही प्रदेश कार्यकारिणी के साथ बैठक करके संघर्ष का रास्ता अपनाया जाएगा।

### ऑनलाइन सट्टे की चपेट में फंसते जा रहे जिला के युवा

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजन पुरी**

**ऊना :** जैसे-जैसे समय डिजिटल होता जा रहा है, वैसे वैसे सट्टेबाज भी नई नई योजनाओं से लोगो को लूटने का नया तरीका अपना रहे है। जिला ऊना के युवा भी ऑनलाइन सट्टे की चपेट में फंसते जा रहे है।

मोबाईल क्रांति से पहले सट्टे का घड़ा (आवाज ) तीन टाइम में आती थी। बुजुर्ग बताते है कि दिल्ली से आवाज बस की डिग्गी पर लिख दी जाती थी, यहां यहां बसे जाती थी उस मुताबिक नंबर के पैसे 99 गुणा दिए जाते थे, लेकिन अब सट्टा हर 30 सेकंड में मोबाइल पर लग रहा है दुकानों से लेकर मोबाइल तक ऑनलाइन सट्टे में जिला के लोग लाखों रुपए गंवा रहे है। नाम ना छापने की शर्त पर हिमाचल दस्तक से बातचीत करते हुए संतोषगढ़ व टाहलीवाल के युवाओं ने बताया कि एक से लेकर 9 तक नंबर रंग और हेड टेल व समाल बिग के ऊपर पैसे लगाए जाते है। सट्टे की चपेट में महिला से लेकर बच्चे भी आ रहे है। ऑनलाइन सट्टे से युवक कंगाल होते जा रहे है और जिनके पास सट्टा लगाया जाता है, वह मालामाल होते जा रहे है। ऑनलाइन व ऑफलाइन सट्टे के संतोखगढ़ व टाहलीवाल में 2 दर्जन के करीब स्टाल लगे हुए है। इनके ऊपर पुलिस कब कार्रवाई करेगी, इसका किसी को नहीं पता। ऑनलाइन सट्टे की वजह से कुछ युवा तो घर वालों से पैसे लेने के लिए तरह तरह के बहाने बनाते है और पैसों को सट्टे में लगा देते है।

### भाजपा के संगठनात्मक चुनावों को लेकर पार्टी मीटिंग सुंदरनगर में : कटवाल

**टीम एक्शन इंडिया**
**चमन शर्मा**

**शिमला :** भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष संजीव कटवाल ने बताया कि भाजपा की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन मंडी जिला के संगठनात्मक जिला सुंदरनगर कार्यालय में किया जा रहा है। यह बैठक प्रातः 11 प्रारंभ होने जा रही है, इस बैठक में भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रेखा वर्मा एवं प्रदेश प्रभारी श्रीकांत शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे।

उन्होंने बताया कि बैठक में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ राजीव बिंदल, नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर, संगठनात्मक चुनाव अधिकारी डॉ राजीव भारद्वाज, सभी प्रदेश पदाधिकारी, प्रदेश मोर्चा अध्यक्ष एवं महामंत्री, सभी सांसद, संसदीय क्षेत्र प्रभारी एवं सह प्रभारी, जिला अध्यक्ष एवं महामंत्री, जिला प्रभारी, प्रदेश सक्रिय सदस्यता टोली, प्राथमिक सदस्यता टोली, प्रदेश चुनाव अधिकारी एवं सह चुनाव अधिकारी, जिला चुनाव अधिकारी एवं सह चुनाव अधिकारी उपस्थित रहेंगे।

# टीबी नोटिफिकेशन में सबसे आगे योगी सरकार, लक्ष्य के करीब पहुंचा उत्तर प्रदेश

**सफलता**

**▶▶ इस वर्ष भी प्रदेश टीबी नोटिफिकेशन में अन्य प्रदेशों की तुलना में आगे चल रहा है।**



**लखनऊ/टीम एक्शन इंडिया**

योगी सरकार ने ट्यूबरक्लोसिस (टीबी) के मरीजों की पहचान कर इलाज करने में एक बार फिर बड़ी सफलता हासिल की है। योगी सरकार ने पिछले वर्ष की तरह इस वित्तीय वर्ष में भी उत्तर प्रदेश को टीबी मुक्त बनाने के लक्ष्य में अन्य प्रदेशों की तुलना में आगे चलने का कीर्तिमान दर्ज किया है। योगी सरकार को इस साल 6.5 लाख मरीजों के चिन्हित करने का लक्ष्य मिला था। अक्टूबर माह की समाप्ति तक लक्ष्य के सापेक्ष 86 प्रतिशत मरीजों की पहचान कर देश में पहले स्थान पर है। जबकि दूसरे स्थान पर महाराष्ट्र है, जहां पर 1,85,765 मरीजों का नोटिफिकेशन किया गया। इसी तरह बिहार तीसरे स्थान पर है, जहां 1,67,161 मरीजों का नोटिफिकेशन किया गया है। यानी इस साल भी बीते साल की तरह प्रदेश लक्ष्य से ऊपर

**टीबी नोटिफिकेशन कर लेगा।**

--लखनऊ, गोरखपुर में सरकारी और प्राइवेट अस्पतालों को नोटिफिकेशन बराबरविशेषज्ञों का मानना है कि देश-प्रदेश से टीबी उन्मूलन का एक ही तरीका है कि ज्यादा से ज्यादा मरीजों का चिन्हीकरण व इलाज किया जाए। इसी के मद्देनजर केंद्रीय टीबी डिवीजन ने सभी प्रदेशों को साल की शुरुआत में टीबी नोटिफिकेशन का लक्ष्य तय किया था। उत्तर प्रदेश को 6.5 लाख मरीज खोजने का लक्ष्य दिया गया था। बीते साल यह 5.5 लाख का था। विभागीय आंकड़ों के मुताबिक 31 अक्टूबर तक प्रदेश में पांच लाख 59 हजार टीबी मरीजों की पहचान की जा चुकी है। इसमें प्राइवेट डॉक्टरों की भूमिका भी सराहनीय रही है। दो लाख से ज्यादा मरीजों की पहचान यानी तकरीबन 40 प्रतिशत मरीज प्राइवेट डॉक्टरों के माध्यम से पंजीकृत हुए हैं। आगरा, मथुरा, झांसी, कानपुर, मेरठ व मुरादाबाद में तो प्राइवेट डाक्टरों ने सरकारी चिकित्सकों से भी ज्यादा बेहतर प्रदर्शन किया है। लखनऊ, गोरखपुर व बरेली में सरकारी व प्राइवेट नोटिफिकेशन बराबर का रहा है। राज्य टीबी अधिकारी डॉ. शैलेंद्र भटनागर ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी की मंशानुरूप वर्ष 2025 तक प्रदेश को टीबी मुक्त करने के लिए युद्धस्तर पर काम चल रहा है। इसी का नतीजा है कि इस वर्ष भी प्रदेश टीबी नोटिफिकेशन में अन्य प्रदेशों की तुलना में आगे चल रहा है।

# विधायक जेआर कटवाल ने किया क्रिकेट चैंपियनशिप का शुभारंभ

**प्रतियोगिता**

**▶▶ प्रतियोगिता के आयोजन के लिए यूथ क्लब की पीठ थपथपाते हुए 11 हजार रुपये की राशि भेंट की।**

**टीम एक्शन इंडिया**
**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुर :** झंडुता विधानसभा क्षेत्र की कुलज्यार पंचायत में ग्रामीण स्तर की क्रिकेट प्रतियोगिता शुक्रवार से शुरू हो गई। प्रतियोगिता में झंडुता क्षेत्र और आसपास के इलाकों की कई टीमें भाग ले रही हैं। जड्डू कुलज्यार यूथ क्लब के तत्वावधान में आयोजित की जा रही प्रतियोगिता का शुभारंभ झंडुता के विधायक जीतराम कटवाल ने किया।

उन्होंने प्रतियोगिता के आयोजन के लिए यूथ क्लब की पीठ थपथपाते हुए 11 हजार रुपये की राशि भेंट की। इसके अलावा उन्होंने विजेता और उपविजेता टीमों को क्रिकेट किटें देने की घोषणा भी की। अपने संबोधन में जीतराम कटवाल ने कहा कि युवा देश का भविष्य हैं। आने वाले समय में देश की बागडोर उन्हीं के हाथों में होगी। मौजूदा परिवेश में नशे का प्रचलन लगातार बढ़ता जा रहा है। चिंतित करने वाला पहलु यह है कि बड़ी संख्या में बच्चे और युवा भी नशे की गिरफ्त में फंसकर अपना जीवन बर्बाद कर रहे हैं। नशे की आदत एक तरह से मौत को दावत है। नशा न केवल परिवारों, बल्कि कई पीढ़ियों को खत्म कर देता है। लिहाजा बच्चों और युवाओं को चाहिए कि वे नशे समेत अन्य बुरी आदतों से दूर रहते हुए अपनी ऊर्जा सकारात्मक दिशा में प्रयोग करें।

## ड्यूचेन मस्कुलर डिस्ट्रॉफी से पीड़ित 14 वर्षीय अरुण सोनी के लिए चेतना संस्था बनी सहारा

**टीम एक्शन इंडिया**
**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुर :** ड्यूचेन मस्कुलर डिस्ट्रॉफी से पीड़ित 14 वर्षीय अरुण सोनी के लिए चेतना संस्था सहारा बनी है। यह घटना हमीरपुर जिले के बड़सर क्षेत्र के गंगोट खुर्द गांव के प्रेम लाल के बेटे के साथ घटी है। इनका बेटा पिछले पांच वर्ष से ड्यूचेन मस्कुलर डिस्ट्रॉफी बीमारी से पीड़ित चल रहा है। उन्होंने हर जगह अपने बेटे की बीमारी के ईलाज करवाने में कोई भी कसर नहीं छोड़ी। अपनी सामर्थ्य के तहत हर हॉस्पिटल में दस्तक देने के बावजूद भी हार गया। अंत में उन्हें चेतना संस्था से बेटे के जीने की आस जगी। उन्होंने जब दो महीने पूर्व चेतना संस्था की संस्थापिका डॉ मल्लिका नड्डा से मुलाकात की तो उन्होंने उन्हें हिम्मत दी। प्रेम लाल ने बीते कल केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा से भी उनके निवास पर अपने बेटे की डीएमडी से पीड़ित बीमारी को लेकर मुलाकात की। उनके साथ बड़सर क्षेत्र के गंगोट खुर्द गांव की पूर्व प्रधान लीला देवी भी थीं। उन्होंने बताया कि उनका चौदह वर्षीय बेटा अरुण सोनी पिछले पांच सालों से ड्यूचेन मस्कुलर डिस्ट्रॉफी नामक बीमारी से पीड़ित है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने उन्हें हर संभव मदद और सहानुभूति देते हुए सांत्वना दी। प्रेम लाल ने बताया कि उनका बेटा पांच साल पहले अचानक पंजे के बल पर चलने लगा। उसके बाद बिल्कुल ही चलने में असमर्थ हो गया। हर जगह इलाज करवाया लेकिन डॉ ने भी बताया इसका कोई इलाज नहीं है। चेतना संस्था की संस्थापिका डॉ मल्लिका नड्डा ने बताया कि ड्यूचेन मस्कुलर डिस्ट्रॉफी (डीएमडी) एक आनुवंशिक विकार है, जिसमें मांसपेशियों की कोशिकाओं को अक्षुण्ण रखने में मदद करने वाले डिस्ट्रोफिन नामक प्रोटीन में परिवर्तन के कारण मांसपेशियों में प्रगतिशील गिरावट और कमजोरी होती है।

## पत्नी को चाकू से मौत के घाट उतारा, स्वयं खाया जहर

**बिजनौर/टीम एक्शन इंडिया**

शहर के बुल्ला चौराहे के निकट मोहल्ला रांघडान में एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी की चाकू मारकर हत्या कर दी। इसके बाद स्वयं भी जहरीला पदार्थ पीकर जान देने की कोशिश की।

शहर कोतवाली क्षेत्र निवासी निजामुद्दीन का अपनी पत्नी से विवाद चल रहा था एक जनवरी को निजामुद्दीन ने पत्नी पर तेजाब डाल दिया था, जिसमें बयान होने की बात कहकर निजामुद्दीन ने पत्नी को बुलवाया था। घर आने पर देर रात्रि में चाकू से पति ने पत्नी की हत्या कर दी। हत्या करने के बाद निजामुद्दीन ने भी जहरीला पदार्थ खा लिया है जिसे जिला चिकित्सालय में पुलिस ने भर्ती कराया है। निजामुद्दीन की शादी 16 वर्ष पहले हुई थी जिसके कुछ साल बाद से पति पत्नी में मनमुटाव चल रहा था।

## धमांदरी में श्रद्धापूर्वक मनाया सालाना समागम

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजन पुरी**




**ऊना :** धमांदरी में रविवार को सालाना समागम श्रद्धा एवं उत्साह पूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर गुरुद्वारा साहिब में प्रातःकाल श्री अखंड पाठ साहिब जी के भोग के उपरांत गुरमत कथा कीर्तन दरबार का आयोजन किया गया। इसमें विभिन्न संत महापुरुषों गुरु नानक देव जी के वंशज बाबा सरबजोत सिंह जी बेदी, बलविंदर सिंह, गुरकीरत सिंह हजूरी, बलबीर सिंह रसीला, हरदीप सिंह आदि ने कथा कीर्तन से उपस्थित संगत को निहाल किया।

इस अवसर पर गुरु नानक देव जी के वंशज बाबा सरबजोत सिंह जी बेदी ने उपस्थित संगत को गुरु साहिब जी के दरसाय हुए मार्ग पर चल कर सरबत के भले के लिए कार्य करने की प्रेरणा की।

इस अवसर पर विभिन्न सेवाओं में योगदान देने के लिए सेवादारों को सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर प्रबंधक कमेटी द्वारा गुरु नानक देव के वंशज बाबा सरबजोत सिंह जी बेदी को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर गुरु नानक मिशन संस्था के महासचिव हरपाल सिंह कोटला, जोगमन सिंह, सुखविंदर सिंह, प्यारा सिंह, बलविंदर सिंह, मेहर सिंह, जरनैल सिंह, मनजीत सिंह, सरबजोत सिंह, राज कौर, विजय कौर महत अन्य उपस्थित थे। इस अवसर पर गुरु के लंगर का भी आयोजन किया गया।

# फौजी-पुलिस विवाद में अखिलेश की एंट्री, सरकार पर उठाए सवाल

**सवाल**

**▶▶ सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने इस पर ट्वीट करके प्रदेश सरकार पर सवाल उठाये हैं।**

**रायबरेली/टीम एक्शन इंडिया**

सेवानिवृत्त फौजी और पुलिस के बीच हुए विवाद में सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव की एंट्री हुई है। उन्होंने इस पर ट्वीट करके प्रदेश सरकार पर सवाल उठाये हैं। जिसके बाद से जिले में राजनीतिक विरोध प्रदर्शन भी शुरू हो गया है। पहले भी इस मुद्दे को लेकर कई सामाजिक संगठन पुलिस को



कटघरे में खड़े कर चुके हैं। सपा अध्यक्ष ने अपने एक्स हैंडल पर लिखा है कि सेना में मेडल पाए एक फौजी के साथ उम्र में जैसा हिंसक व्यवहार किया गया है वो घोर आपत्तिजनक और निंदनीय है। अखिलेश ने लिखा है, मुख्यमंत्री जी कम-से-कम फौजियों के सम्मान में तो न्याय करें। देखना है पूरा थाना सस्पेंड होता है या फिर उस पर बुलडोजर चलाया जाता है। उधर भूतपूर्व सैनिकों के संगठन ने भी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखकर पीड़ित सैनिक को न्याय दिलाने की गुहार लगाई है।

बच्चों के बीच हुआ मामूली झगड़ा इतना बढ़ जाएगा ये किसी ने सोचा नहीं था।

उल्लेखनीय हैं कि गुरुवार की शाम डलमऊ कोतवाली क्षेत्र का रहने वाला चाहत सिंह अपने दोस्तों के साथ पटाखे खरीदने बाजार गया था, वहाँ पर उसका शनि सोनकर और उसके साथियों से विवाद हो गया। पुलिस दोनों पक्षों को घुरवारा चौकी ले आयी थी। मारपीट की सूचना पर दोनों पक्षों के परिजन भी चौकी पहुंच गए। चाहत सिंह को ज्यादा चोट लगी थी और उसे मेडिकल के लिए पुलिस नहीं ले जा रही थी। इस बात को लेकर चाहत सिंह के पिता रिटायर्ड फौजी इंदल सिंह की चौकी प्रभारी हिमांशु मलिक से बहस हो गई। आरोप है कि उसके बाद हिमांशु मलिक और अन्य पुलिस कर्मियों ने इंदल सिंह का बयान लेने के बहाने उसे एक कमरे में बंद करके बुरी तरह मारा पीटा।

पुलिस ने एक तो रिटायर्ड फौजी को मारा पीटा उसे यातनाएं दी और उल्टा उन्हीं पर मुकदमा दर्ज कर दिया। डलमऊ पुलिस ने इंदल सिंह सहित उनके परिवार के छह लोगों पर मुकदमा दर्ज कर उन्हें जेल भेज दिया।

## हिमाचल प्रदेश के ट्राउट जलों में मछली पकड़ने पर चार माह का प्रतिबंध: विवेक

**टीम एक्शन इंडिया**
**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुर :** हिमाचल प्रदेश के ठंडे क्षेत्रों में स्थित ट्राउट जलों में मछली के प्रजनन को बढ़ावा देने और इस प्राकृतिक संसाधन को संरक्षित रखने के उद्देश्य से 1 नवम्बर 2024 से 28 फरवरी 2025 तक ट्राउट मछली पकड़ने पर चार माह का पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया है। यह जानकारी मछली पालन विभाग के निदेशक विवेक चन्देल ने दी।

विवेक चन्देल ने बताया कि प्राकृतिक प्रजनन के समय ट्राउट मछलियों के संरक्षण हेतु यह प्रतिबंध आवश्यक है, जिससे जलाशयों में प्राकृतिक बीज संग्रहण हो सके। इस चार माह के प्रतिबंध से हिमाचल प्रदेश के मत्स्य संसाधनों की दीर्घकालिक सुरक्षा सुनिश्चित होगी और प्रदेश में ट्राउट मछली का उत्पादन बढ़ाया जा सकेगा।

इस दौरान मत्स्य विभाग ने ट्राउट जलों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए विशेष प्रबंध किए हैं। विभाग ने इन जल क्षेत्रों में गश्त के लिए एक विशेष कर्मचारी बल तैनात किया है और इन ठंडे क्षेत्रों में कार्यरत विभागीय कर्मचारियों की छुट्टियां भी रद्द कर दी गई हैं।

विभाग के अधीन कार्यरत 8 ट्राउट फार्मों से गत वर्ष 15.576 लाख ट्राउट बीज का उत्पादन किया गया था। इसके अतिरिक्त, निजी क्षेत्र में 742 ट्राउट पालकों ने 1388.50 मीट्रिक टन ट्राउट मछली का उत्पादन किया। जिसका बाजार मूल्य 76.36 करोड़ रुपये आंका गया है। वर्तमान में प्रदेश में 1442 रेसवेज के माध्यम से कई ट्राउट किसान अपने परिवारों के लिए आजीविका कमा रहे हैं, जो राज्य की अर्थव्यवस्था में भी योगदान दे रहे हैं।

## दिनदिहाड़े दुकान के बाहर से होम थियेटर ले उड़े शातिर

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजन पुरी**

**ऊना :** उद्योगिक क्षेत्र टाहलीवाल में दिनदिहाड़े बाइक सवार दो युवक एक दुकान के आगे रखे होम थियेटर उठा के फरार हो गए, जिसकी कीमत करीब 10 हजार रुपये थी। मामले को लेकर दुकानदार ने टाहलीवाल पुलिस को शिकायत दी है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में सार्थक इलेक्ट्रॉनिक एंड फर्नीचर हाउस के मालिक राजीव कौशल ने बताया कि रविवार रोजाना की तरह दुकान पर था। दोपहर के समय बाइक सवार दो युवक फिल्मी अंदाज से आए और दुकान के बाहर रखे होम थियेटर उठाकर रफूचक्कर हो गए। होम थियेटर लेकर फरार हो रहे युवकों की अन्य दुकानदार ने फोटो भी खींच ली।

## पीतलनगरी में मनाया गया भाई-बहन के का पर्व भैया दूज

**मुरादाबाद/टीम एक्शन इंडिया**

भाई-बहन के स्नेह का पवित्र पर्व भैया दूज रविवार को जिले भर में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। बहनों ने शुभ मुहूर्त में अपने भाई के माथे पर तिलक कर उसकी लंबी आयु व जीवन में सुख-शांति की कामना की। भाइयों ने भी अपनी बहन को प्रेम स्वरूप उपहार भेंट किए। बहुत से भाई-बहन व्यस्तता और अन्य कारणों से एक-दूसरे के पास नहीं पहुंच पाए। हालांकि उन्होंने भी मोबाइल पर वीडियो कॉल कर



एक-दूसरे को पर्व की बधाई दी। दीपावली पांच पर्वों का त्यौहार है।

धनतेरस, नरक चतुर्दशी, दीपावली, गोवर्धन उत्सव के बाद आज भैया दूज का त्योहार मनाया जा रहा है। भाई बहनों के घर पहुंचे। बहनों ने शुभ मुहुर्त में भाइयों का तिलक किया, कलावा बांधा और भाइयों की आरती उतारकर उन्हें मिठाई खिलाई और नारियल भेंट किया। बदले में भाइयों की ओर से बहनों को उपहार भेंट किए गए।

भाइयों ने भी बहनों की रक्षा का संकल्प लिया।

हर तरफ रही चहल-पहल, खूब बिके मिठाई-उपहार

पीतलनगरी के बाजारों में आज सुबह से खासी भीड़ देखी गई। विशेषकर मिठाइयों व उपहारों की दुकानों पर लोगों की अधिक भीड़ थी। मिठाइयों की जमकर खरीददारी हुई। दीपावली के बाद एक बार फिर से दुकानों के बाहर तरह-तरह की मिठाइयां सजी दिखाई दी और उनके खरीददारों का तांता लगा हुआ था।

# विंध्य धरा पर छठ की छटा बिखेरने की तैयारी, भगवान सूर्य की महिमा का बखान करेंगी महिलाएं

**मीरजापुर/टीम एक्शन इंडिया**

भारतीय संस्कृति, सभ्यता व लोक आस्था पर्व दीपावली-दीपोत्सव के बाद अब सूर्य की साधना का छठ महापर्व पांच नवंबर से शुरू होगा। लोक आस्था का महापर्व हर साल कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की षष्ठी तिथि को मनाया जाता है। विंध्य धरा पर छठ पर्व पर महिलाएं कठिन व्रत रख सार्वकाल नदी तालाब या जल से भरे स्थान पर खड़े होकर अस्ताचलगामी भगवान सूर्य को अर्घ्य देंगी और दीप जला रात्रि जागरण कर गीत, कथा आदि के माध्यम से भगवान सूर्य नारायण की महिमा का बखान करेंगी। लोक आस्था का महापर्व छठ पांच से आठ नवंबर तक चलेगा। यह व्रत केवल महिलाएं ही नहीं बल्कि पुरुष भी रखते हैं। वैसे तो छठ महापर्व सात नवंबर को मनाया जाएगा, लेकिन इससे जुड़ी तमाम पूजा व परंपरा दो दिन पहले यानी पांच नवंबर को ही नहाय-खाय के साथ प्रारंभ होगी। जबकि व्रत का समापन आठ नवंबर को उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ होगा। चार दिन तक चलने वाले छठ पर्व पर छठी मैया और सूर्यदेव की पूजा होती है। मुख्य पूजा सात नवंबर को होगी। कार्तिक माह के चतुर्थी तिथि यानी पहले दिन नहाय-खाय, दूसरे दिन खरना, तीसरे दिन डूबते सूर्य को अर्घ्य और चौथे दिन उगते सूर्य को अर्घ्य दिया जाएगा। इस दिन संतान के स्वास्थ्य, सफलता और दीर्घायु के लिए माताएं पूरे 36 घंटे का निर्जल व्रत रखेंगी।

**भावना, उम्मीदों और खुशियों से**

**छठ**

**▶▶ बिहारियों के लिए छठ सिर्फ एक महापर्व नहीं बल्कि लोगों की भावना, उम्मीदों और खुशियों से जुड़ा है**

**जुड़ा है छठ महापर्व**

यूं तो छठ बिहार का महापर्व है। बिहारवासियों के लिए छठ सिर्फ एक महापर्व नहीं बल्कि लोगों की भावना, उम्मीदों और खुशियों से जुड़ा है। कई लोगों के लिए छठ वर्ष में एक बार पूरे परिवार के साथ रहने का सुनहरा अवसर है तो कई लोगों के लिए यह ठेकुआ और खीर खाने का मौका। छठ एक ऐसा त्योहार है जब लोग हर हाल



में घर आने के लिए उत्साहित रहते हैं। वैसे कहा जाता है कि पर्व-त्योहार रिश्तों को मजबूत बनाते हैं और बिछड़ों को पास लाते हैं। बात जब छठ की करें तो लोग इसे एक परिवार की तरह मनाते हैं।

...तब से निरंतर होती चली आ रही छठ पूजा आचार्य पं. रामलाल शास्त्री के अनुसार भारतीय संस्कृति के सारे आचार-विचार का उल्लेख पुराणों में मिलता है। सभी 18 पुराणों में भगवान सूर्य की महिमा का गुणगान मिलता है, लेकिन सूर्य पुराण में विस्तार से सूर्योपासना के बारे में उल्लेख मिलता है। इसी प्रकार भविष्य पुराण में भी सूर्य के विषय में आचार-विचार नियम के लाभ और कहां से सूर्योपासना प्रारंभ हुई का विस्तृत उल्लेख मिलता है। मान्यता है कि सूर्य उपासना को जानने वाले ब्राह्मण उस समय दिव्य लोक में रहते थे, जिन्हें गरुण देवता पृथ्वी पर लेकर आए और उन्होंने तीन दिनों तक यज्ञ व मंत्र आदि का पाठ किया। इसके बाद दिव्य लोक से आए ब्राह्मण बिहार के वैशाली मगध व गया आदि में बस गए, तब से यह पूजा निरंतर होती चली आ रही है। छठ पर्व देश ही नहीं, विदेशों में भी मनाया जाता है।

**नहाय-खाय**

नहाय-खाय से छठ पूजा की शुरूआत होती है। छठ पूजा की नहाय खाय परंपरा में व्रती नदी में स्नान के बाद नए वस्त्र धारण कर शाकाहारी भोजन ग्रहण करते हैं। इस दिन व्रत का संकल्प लेकर सात्विक भोजन जैसे चने की दाल, लौकी की सब्जी, भात खाया जाता है। भोजन में सेंधा नमक का ही उपयोग होता है। इस दिन व्रती के भोजन ग्रहण करने के बाद ही घर के बाकी सदस्य भोजन ग्रहण करते हैं।

**खरना**

खरना छठ पूजा का दूसरा दिन होता है। खरना के दिन व्रती एक समय मीठा भोजन करते हैं। इस दिन गुड से बनी चावल की खीर खाई जाती है। इस प्रसाद को मिट्टी के नए चूल्हे पर आम की लकड़ी से आग जलाकर बनाया जाता है। इस प्रसाद को खाने के बाद व्रत शुरू हो जाता है। इस दिन नमक नहीं खाया जाता है।

**संध्या अर्घ्य**

छठ पूजा का सबसे महत्वपूर्ण तीसरा दिन संध्या अर्घ्य का होता है। इस दिन व्रती घाट पर आकर डूबते सूर्य को अर्घ्य देते हैं।

छठ पूजा का तीसरा दिन बहुत खास होता है। इस दिन टोकरी में फल, ठेकुआ, चावल के लड्डू आदि अर्घ्य के सूप को सजाया जाता है। इसके बाद नदी या तालाब में कमर तक पानी में रहकर अर्घ्य दिया जाता है।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group



# श्रद्धालुओं को होंगे अमृत कलश के दर्शन

## इलाहाबाद संग्रहालय ने मेला प्रशासन से 12 हजार वर्ग फिट जमीन की डिमांड की

**टीम एक्शन इंडिया**

**प्रयागराज:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में इस बार प्रदेश सरकार महाकुंभ को पिछले सभी कुंभ से ज्यादा विराट, भव्य और दिव्य बनाने के लिए प्रयागराज में चौबीस घंटे काम कर रही है। इसी क्रम में इलाहाबाद संग्रहालय प्रयागराज ने महाकुंभ की भव्यता को नया रूप देने की योजना बनाई है। संग्रहालय ने महाकुंभ के दौरान कलश से टपकती अमृत की बूंद के दृश्य को प्रतिकृति के रूप में प्रदर्शित करने का फैसला किया है। भारतीय कला व संस्कृति को प्रदर्शनी के द्वारा प्रदर्शित करने के लिए बाकायदा मेला प्रशासन से लगभग 12 हजार वर्ग फिट जमीन की डिमांड भी की गई है।



**सेल्फी प्वाइंट के रूप में होगा विकसित**

संग्रहालय के डिप्टी क्यूरेटर डॉ. राजेश मिश्रा के अनुसार महाकुंभ के दौरान संग्रहालय की तरफ से स्थापित अमृत कलश देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केंद्र बनेगा। अमृत टपकता कुंभ श्रद्धालुओं के लिए सेल्फी प्वाइंट के तौर पर विकसित किए जाने की योजना है। महाकुंभ के पौराणिक महत्व को देखते हुए ही इस बार अमृत कलश की स्थापना का निर्णय लिया गया है।

**क्रांतिकारियों की गाथा का प्रदर्शन**

इसके साथ ही इलाहाबाद संग्रहालय प्रयागराज ने दुनिया की पहली ऐसी वीथिका का भी निर्माण किया है, जहां सन 1857 से लेकर आजादी मिलने तक सभी प्रमुख क्रांतिकारियों की गाथा का प्रदर्शन किया गया है। जिसमें देश की आजादी के लिए लड़ने वाले गरम दल के लगभग सभी क्रांतिकारियों को प्रदर्शित किया गया है।

**90 साल की क्रांति का सजीव चित्रण**

इलाहाबाद संग्रहालय ने 90 साल की क्रांति को जीवंत रूप दिया है। यहां मंगल पांडे से लेकर चंद्रशेखर आजाद तक लगभग सभी बड़े आजादी के परवानों के बारे में लोगों को जानने को मिलेगा। डिजिटल और आलेखों से बनी यह दुनिया की पहली वीथिका है, जहां एक साथ इतने क्रांतिकारियों को नमन करने और उनकी खूबियां जानने का अवसर मिलेगा। 1857 से लेकर 1947 तक देश पर न्योछावर एक एक वीर का इतिहास जानकर लोग दंग रह जाएंगे।

**महाकुंभ**

- इलाहाबाद संग्रहालय, प्रयागराज तैयार कर रहा है योजना
- संगम पर अमृत टपकता कुंभ का दृश्यांकन बनेगा देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए सेल्फी प्वाइंट
- अमर शहीद चन्द्रशेखर आजाद को समर्पित दुनिया की पहली वीथिका इलाहाबाद संग्रहालय में आएगी नजर

# हिमाचल प्रदेश में दिवाली पर बढ़ा प्रदूषण का स्तर

**टीम एक्शन इंडिया**

**शिमला:** हिमाचल प्रदेश में हर साल की तरह इस बार भी दिवाली की रात पटाखे चले और आतिशबाजी हुई। इससे राज्य में प्रदूषण का स्तर बढ़ गया है। दरअसल लोगों ने इस बार दो दिन गुरूवार और शुक्रवार को दिवाली मनाई और दो रातें लगातार जमकर पटाखे चलाए। इसका असर राज्य की वायु गुणवत्ता पर पड़ा है। इस बार राज्य का औसतन वायु गुणवत्ता सूचकांक 140 पहुंच गया, जो पिछले साल 92 था। इस तरह दिवाली के बाद पिछले साल से इस बार डेढ़ गुणा ज्यादा प्रदूषण हुआ। सामान्य दिनों में राज्य में वायु गुणवत्ता सूचकांक 52 रहता है, जो इस बार दिवाली पर 140 पहुंच गया।

**बद्दी में सबसे ज्यादा प्रदूषण, 392 पहुंचा एक्यूआई**

पहले से ही प्रदूषण की मार झेल रहे बड़े ओद्योगिक शहरों की हवा जहरीली हो गई है। राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के आंकड़ों पर नजर डालें तो जिला सोलन के ओद्योगिक शहर बद्दी की हवा सबसे अधिक प्रदूषित हुई है। बद्दी का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 392 पहुंच गया, जो बहुत खराब श्रेणी में माना जाता है और इससे सांस लेने में दिक्कत आ सकती है। सोलन के ही परवाणू में वायु सूचकांक 217 रहा। यह भी खराब श्रेणी में माना जाता है। इसके अलावा सिरमौर जिला के पांवटा साहिब में 145, सोलन के बरोटिवाला में 139, नालागढ़ में 128, ऊना में 122, सुंदरनगर में 104 और डमटाल में 98 रहा।



**सांसों पर संकट**

- लोगों ने इस बार दो दिन गुरूवार और शुक्रवार को दिवाली मनाई और दो रातें जमकर पटाखे चलाए

**शिमला में सुधरा दिवाली पर प्रदूषण का स्तर**

वहीं हिल्स स्टेशन की बात करें तो मनाली की आबोहवा भी खराब हो गई है। शिमला की तुलना में मनाली और धर्मशाला में ज्यादा प्रदूषण रहा। शिमला का वायु गुणवत्ता सूचकांक जहां 66 रहा, वहीं मनाली में 80 और धर्मशाला में 109 पहुंच गया। अच्छी बात यह है कि शिमला में पिछले साल से कम प्रदूषण दर्ज किया गया।

# भैया दूज पर बसों में महिलाओं को निशुल्क यात्रा का तोहफा



**टीम एक्शन इंडिया**

**शिमला:** राज्य सरकार ने भैयादूज के दिन रविवार को एचआरटीसी की बसों में महिलाओं को निशुल्क सफर करने की सौगात दी इस मौके पर शिमला में भी एचआरटीसी की बसों में महिलाओं की काफी भीड़ देखी गई। रक्षाबंधन की तर्ज पर प्रदेश सरकार ने भैया दूज के दिन भी एचआरटीसी को महिलाओं को निशुल्क सफर कराने के लिए निर्देश जारी किये हैं। यह मुफ्त यात्रा रविवार को सूर्य उदय से सूर्य अस्त होने तक उपलब्ध रही। राजधानी शिमला में एचआरटीसी की बसों में महिलाओं की काफी भीड़ देखी जा रही है। इसके अलावा लंबे रूट की एचआरटीसी बसें भी खचाखच भरी आ रही हैं। भैया दूज के दिन निःशुल्क बस यात्रा की सुविधा पर महिलाओं ने प्रदेश सरकार का आभार जताया है। महिलाओं का कहना है कि भैयादूज पर उन्हें अपने भाई के घर दूर-दूर तक जाना होता है, इसलिए एचआरटीसी की बसों में निःशुल्क यात्रा सरकार का सराहनीय कदम है। महिलाओं ने सरकार के इस तोहफे को बहुत अच्छा बताया। महिलाओं का यह भी कहना था कि आज के दिन बहन खुद भाई के पास जाकर तिलक लगाना पड़ता है, इसलिए उन्हें दूर-दूरदराज जाना पड़ता है। कई बार बहन के पास पैसे नहीं होते कि ज्यादा किराया खर्च कर सके, सरकार ने राखी ओर भैयादूज पर अच्छी सुविधा दी है, जिससे कोई भी बहन कितनी दूर भी जाकर अपने भाई को तिलक कर भैयादूज मना सके।

**पर्व**

- शिमला में भी एचआरटीसी की बसों में महिलाओं की काफी भीड़ देखी गई, जारी किए गए थे निर्देश



बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार गर्दनी बाग में चित्रगुप्त पूजा करते हुए।

# सीएम योगी को जान से मारने की धमकी

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ: यूपी** के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को जान से मारने की धमकी देने के मामले की जांच के लिए यूपी एटीएस की टीम मुंबई जाएगी। सीएम योगी को इस्तीफा न देने पर बाबा सिद्दीकी जैसा हाल करने की धमकी दी गई थी। ये धमकी महाराष्ट्र पुलिस के कंट्रोल रूम को मैसेज करके दी गई थी जिसकी जानकारी महाराष्ट्र पुलिस ने यूपी पुलिस को दी।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ महाराष्ट्र में होने वाले विधानसभा चुनाव में प्रचार के लिए जाने वाले हैं। ऐसे में महाराष्ट्र की पुलिस अलर्ट पर है। मामले में मुंबई पुलिस ने 24 वर्षीय एक महिला को गिरफ्तार किया है। सूचना प्रौद्योगिकी में बीएससी करने वाली महिला की पहचान फातिमा खान के रूप में हुई है। वह अपने परिवार के साथ महाराष्ट्र के ठाणे जिले के उल्हासनगर इलाके में रहती थी। उसके पिता लकड़ी का कारोबार करते हैं। पुलिस ने बताया कि महिला अच्छी तरह से शिक्षित है, लेकिन मानसिक रूप से अस्थिर है।



**महिला काबू**

- सीएम योगी को इस्तीफा न देने पर बाबा सिद्दीकी जैसा हाल करने की धमकी दी गई थी

शहर पुलिस के ट्रैफिक कंट्रोल रूम को एक अज्ञात नंबर से संदेश मिला, जिसमें कहा गया कि अगर योगी आदित्यनाथ 10 दिन के अंदर सीएम पद से इस्तीफा नहीं देते हैं, तो उन्हें एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी की तरह मार दिया जाएगा।

# चादर में मिला हाथ-पैर कटा शव, हत्या की आशंका

**टीम एक्शन इंडिया**

**सवाई माधोपुर: चौथ का बरवाड़ा तहसील के बगी**ना गांव में रविवार सुबह बनास नदी में एक शव मिलने से सनसनी फैल गई। यह शव बगीना रपट के पास कपड़े की चादर में बंधी मिला। जिसके हाथ पैर इस स्थान से करीब 15 से 20 फीट दूर मिले हैं। सूचना मिलते ही चौथ का बरवाड़ा पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस के अनुसार प्राथमिक तौर पर यह हत्या का मामला प्रतीत हो रहा है। पुलिस ने एफएसएल टीम को मौके पर बुलवाया। चौथ का बरवाड़ा थाना प्रभारी हरभान सिंह ने बताया कि रविवार सुबह ग्रामीणों ने बनास में बनी रपट के पास एक चद्दर में बंधी हुई लाश को देखकर पुलिस को सूचना दी। लाश चद्दर में बंधी हुई थी और उसके हाथ पैर उससे थोड़ा दूर पड़े हुए मिले हैं। थाना प्रभारी ने बताया कि प्राथमिक तौर पर यह मामला हत्या से जुड़ा हो सकता है।




# स्कूलों को बंद करने का फैसला उचित नहीं: मायावती

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ:** राजधानी लखनऊ में बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने एक बार फिर सरकार को घेरा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा 50 से कम छात्रों वाले बदहाल 27,764 परिषदीय प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालयों को बंद करने का फैसला उचित नहीं है। ऐसे में गरीब बच्चे आखिर कहां और कैसे पढ़ेंगे। राज्य सरकार को दूसरे स्कूलों में उनका विलय करने की बजाय उनमें जरूरी सुधार करके बेहतर बनाने के उपाय करने चाहिए।



बसपा सुप्रीमो ने रविवार को सोशल मीडिया पर जारी बयान में कहा कि यूपी व देश के अधिकतर राज्यों में खासकर प्राइमरी व सेकंडरी शिक्षा का बुरा हाल है। इसकी वजह से गरीब परिवारों के करोड़ों बच्चे अच्छी शिक्षा से दूर होने के साथ सही शिक्षा से भी वंचित हैं।

**स्कूलों को बंद करने का फैसला भी अनुचित**

ओडिसा सरकार द्वारा कम छात्रों वाले स्कूलों को बंद करने का फैसला भी अनुचित है। सरकारों की इसी गरीब व जनविरोधी नीतियों का परिणाम है कि लोग प्राइवेट स्कूलों में अपने बच्चों को पढ़ाने को मजबूर हो रहे हैं। जैसा कि सर्वे से स्पष्ट है, सरकार द्वारा शिक्षा पर समुचित धन व ध्यान देकर इनमें जरूरी सुधार करने की बजाय इनका बंद करना ठीक नहीं है।

**घेरा**

- 27,764 परिषदीय प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालयों को बंद करने का फैसला उचित नही है

# मध्य प्रदेश में बढ़ने लगी सर्दी

**टीम एक्शन इंडिया**

**भोपाल:** मध्य प्रदेश में नवम्बर की शुरूआत होते ही सर्दी बढ़ने लगी है। प्रदेश के 24 शहरों में रात का तापमान 20 डिग्री से नीचे आ गया है। हिल स्टेशन पचमढ़ी सबसे ठंडा है। यहां लगातार दो दिन से तापमान 12 से 13 डिग्री सेल्सियस के बीच है। मंडला, राजगढ़, उमरिया, रीवा, बैतूल और मलाजखंड में भी न्यूनतम तापमान में गिरावट आ गई है। दिन में भी पारा लुढ़कने लगा है। मौसम विभाग के अनुसार, 15 नवंबर से ठंड का असर तेज होगा। पिछले 10 साल से यही ट्रेंड है। हालांकि, दिन में गर्मी का असर दूसरे सप्ताह तक बना रहेगा।

**उठाए सवाल** लाड़ली बहना योजना में नए हितग्राही जोड़ने को लेकर रुके हुए काम को लेकर भी हमला बोला

# कमलनाथ ने उपचुनाव से पहले भाजपा सरकार को घेरा

**टीम एक्शन इंडिया**

**भोपाल:** मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता कमलनाथ ने बुधनी और विजयपुर विधानसभा सीटों पर उपचुनाव से पहले सरकार को घेरते हुए कई मुद्दों पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव में किए कई वादे झूठे साबित हुए। वहीं लाड़ली बहना योजना में नए हितग्राही जोड़ने को लेकर रुके हुए काम को लेकर भी हमला बोला है। पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने रविवार को सोशल मीडिया एक्स के माध्यम से कहा कि मध्यप्रदेश के सीहोर जिले की बुदनी और श्योपुर जिले की विजयपुर विधानसभा सीट पर उपचुनाव होने जा रहे हैं। मध्यप्रदेश के ये दोनों ही उपचुनाव जनता को सरकार के 10 महीनों के कामकाज की समीक्षा करने और सरकार को कर्तव्यबोध कराने का अवसर देते हैं। ये उपचुनाव जनता को अपने वोट की ताकत से सरकार की नींद खोलने और उन्हें आईना देखाने का मौका देते हैं।



**लाड़ली बहना योजना, किसान और रोजगार का उठाया मुद्दा**

मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव 2023 में झूठे वादे कर सत्ता में आई बीजेपी सरकार युवाओं को रोजगार देने में पूरी तरह से विफल रही है। लाड़ली बहना योजना की राशि 3000 रुपए प्रतिमाह करने का वादा भी झूठा साबित हो चुका है। 450 रुपए में रसोई गैस सिलेंडर देने के झूठ का पाखंड टूट चुका है। किसानों को बोनस और समर्थन मूल्य वाली बात कोरी लफ़्फ़ाजी निकली है।

**पूछे सवाल**

- ये उपचुनाव जनता को अपने वोट की ताकत से सरकार की नींद खोलने और उन्हें आईना देखाने का मौका देते हैं